GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-01-06-2024

# फर्जी कंपनी में भेजा, केस दर्ज

**नंदानगर (एसएनबी)**। कुशीनगर जनपद के अहिरौली थाना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर खुर्द निवासी अमीन अली ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर कैंट थाना क्षेत्र के सिंघड़िया स्थित प्रियांशु टेस्ट सेंटर के मालिक पर फर्जी तरीके से विदेश भेजकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। इधर कप्तान के आदेश पर मुकामी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़ित अमीन ने बताया कि उसकी मुलाकात सिंघड़िया स्थित प्रियांशु टेस्ट ट्रेनिंग सेंटर के मालिक आरएन सिंह से हुई। उन्होंने विदेश भेजने का आफर दिया। विश्वास कर उसने कम्पनी मालिक के पास 57000 रुपया जमा कराकर ट्रेनिंग लिया। उसे बीते साल अगस्त में काम करने के लिए दिल्ली से शारजाह दूबई भेजा गया। वहां व नजमत हाफीज कम्पनी में काम किया लेकिन साढ़े तीन माह की तनख्वाह 85500 रूपया नहीं दिया गया।

# चेन काटकर भाग रही महिला धरायी

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)**। तरकुलहा देवी मंदिर पर दर्शन करने आई महिलाओं के गले से सोने की चेन काटकर भाग रही एक महिला चोरनी को दौड़कर कर लोगों ने पकड़ लिया। इधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे तरकुलहा मेला चौकी इंचार्ज अभिषेक राय ने महिला को हिरासत में लिया। पुलिस ने महिला के पास से चोरी हुआ दो सोने की चेन को बरामद कर लिया है। पकड़ी गई महिला के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने चालान कर दिया। थाना एम्स आवास विकास कालोनी निवासी रितेश कुमार शुक्ला अपनी भाभी व बुआ के साथ माता तरकुलहा देवी मंदिर पर दर्शन करने आए थे। शुक्रवार का दिन होने के कारण मंदिर पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगी थी। तरकुलहा देवी का दर्शन करने के लिए उनकी भाभी व बुआ कतार में खड़ी थी कि अचानक भीड़ में घुसी एक महिला ने दोनों के गले से सोने का चेन काट लिया।

# डायल 112 वाहन प्रभारी की मौत

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गोला थाना में तैनात पीआरवी 354 के मुख्य आरक्षी की गुरूवार की



शाम अचानक तबीयत खराब हो गई। अचेता अवस्था मे उन्हें सीएचसी गोला लाया गया। नाजुक स्थिती देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जहां उनकी मौत हो गयी।

**ककरही प्रतिनिधि** से प्राप्त जानकारी के अनुसार 91 बैच के सुरेंद्र सिंह यादव (54) पुत्र दधीची यादव ग्राम राय बहादुर सहबाज तुली थाना लोनहरा जिला गाजीपुर के रहने वाले थे। वह पीआरवी 354 के प्रभारी के रूप में तैनात थे। गुरूवार की शाम को अचानक वह अचेत हो गयें। आनन-फानन में उन्हें सीएचसी गोला लाया गया जहां उनकी गंभीर स्थिती को देखते हुए चिकित्सकों द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रात तकरीबन 11 बजे जिला अस्पताल मे उनकी मौत हो गयी। गोला सीएचसी पर तैनात चिकित्सकों के अनुसार सुरेंद्र यादव को ब्रेन हेमरेज हो गया था। आरक्षी हाई ब्लेड प्रेशर के मरीज रहे होंगे

# बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या

**बांसगांव (एसएनबी)।** बांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहीडाड़ी के मोहन बैदौली गांव के हरिजन बस्ती मे बीती रात बाहर सो रहे एक दम्पति के ऊपर रात में अज्ञात हमलावरों ने प्राणघातक हमला कर दिया जिससे रामकिशुन की मौत हो गयी। बगल में सो रही पत्नी के ऊपर भी बदमाशों ने हमला कर उसे घायल कर दिया। तहरीर अब तक ना देना और अंतिम संस्कार की तैयारी करना कहीं ना कहीं हत्या को संदिग्ध बना रहा है। वैसे पुलिस अपनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

**■ बीच-बचाव करने पहुंची पत्नी पर भी बदमाशों ने किया हमला**

मृतक रामकिशुन उम्र 65 साल को रात 12 बजे अज्ञात हमलावर ने गले पर किसी नुकीली हथियार से हमला कर दिया। हमले से घायल रामकिशुन की अधिक खून गिरने से मृत्यु हो गई। रामकिशुन की पत्नी कर्मदानी पर भी बदमाशों ने हमला कर घायल कर दिया। इधर घायल राम किशुन को परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बांसगांव पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। रामकिशुन के तीन लड़के हैं और तीनों की शादी हो चुकी है। हत्या को संदिग्ध माना जा रहा है क्योंकि परिवारजन शव को पोस्टमार्टम नही करना चाह रहे थे तथा दाह संस्कार करने की तैयारी में लगे थे । इसी बीच किसी ने 112 पर डायल कर घटना की सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर कस्बा चौकी प्रभारी रविन्द्र चौबे अपने सहयोगियों संग पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने इस सम्बंध में कोई तहरीर भी पुलिस को नहीं दिया है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मामले के खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।

**समूह के पैसे का खेल तो नहीं :** मृतक रामकिशुन कई समूह से पैसा लिया हुआ था क्योंकि जब शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की तैयारी चल रही थी इसी बीच एक समूह का एजेंट ने मृतक की फोटो ग्राफी करने की माँग करने लगा। बुजुर्ग के हत्या के पीछे परिजन सहित किसका हाथ हो सकता है इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही ज्ञात हो सकेगा। चौकीप्रभरी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसी के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# भूमि विवाद में दंपती समेत चार की पिटाई, मुकदमा दर्ज

जासं, हरपुर-बुदहट : थाना क्षेत्र के बुदहट गांव निवासिनी संगीता देवी पत्नी रामेश्वर शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर चार लोगों के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने बताया है कि 28 मई की सुबह आठ बजे जमीन की रंजिश को लेकर चंद्रप्रकाश शर्मा, सुशील शर्मा, बेबी व पुनीत उर्फ अनुराग ने मुझे, बेटी विनीता शर्मा, बेटा विनय शर्मा व पति रामेश्वर शर्मा को लाठी-डंडा से पीटकर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हम सभी को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने चारों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**घायल युवकों की उपचार के दौरान मौत:** उनवल : खजनी थाना क्षेत्र के कोहा गांव में पुलिया से टकराकर घायल युवकों की उपचार के दौरान शुक्रवार को जिला अस्पताल व मेडिकल कालेज में मौत हो गई। दोनों की पहचान गीडा थाना क्षेत्र के सुकलहिया निवासी शिव निषाद व चिंटू निषाद के रूप में हुई। इसमें शिव बेंगलुरु में पेंट पालिश और चिंटू कारपेंटर का काम करता था।



पोलिंग पार्टियों की रवानगी के समय शुक्रवार को गोरखपुर विश्वविद्यालय के सामने जाम में फंसे लोग • जागरण

# भूले डायवर्जन प्लान, घंटों जाम से जूझे लोग

जासं, गोरखपुर : गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर से शुक्रवार की सुबह पोलिंग पार्टियों की रवानगी के समय शहर में लंबा जाम लग गया। डायवर्जन जारी न होने की वजह से राहगीर दोपहर तक जाम में फंसे रहे। इसके बाद पुलिस ने डायवर्जन करके आवागमन शुरू कराया। सबसे खराब स्थिति पैडलेगंज में रही।

पीठासीन अधिकारी, सहायक व सुरक्षाकर्मी सुबह नौ बजे ही विश्वविद्यालय परिसर में निजी वाहन से पहुंचने लगे। सुबह 10 बजे विधानसभावार पोलिंग पार्टी बनाने के बाद अधिकारियों ने बूथ के लिए उन्हें रवाना किया। इससे विश्वविद्यालय के चारो तरफ लंबा जाम लगा गया। शहर की ओर आने वाले लोग पैडलेगंज, छात्रसंघ, विश्वविद्यालय, रुस्तमपुर चौराहे के पास जाम में फंस गए। दोपहर दो बजे के बाद स्थिति सामान्य हुई।

- दोपहर बाद पुलिस ने डायवर्जन करके आवागमन शुरू कराया
- पैडलेगंज में हालत रही सबसे खराब, रेंगते रहे वाहन

# इंटरनेट मीडिया पर चिकित्सक ने किया आपत्तिजनक पोस्ट

जासं, सहजनवां : नगर पंचायत के दंत चिकित्सक ने इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक शब्द पोस्ट कर दिया। जानकारी होने पर भीम आर्मी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सुनील भारती ने सहजनवां थाने में तहरीर दी। पुलिस ने चिकित्सक पंकज सिंह के विरुद्ध एससी-एसटी और आइटी एक्ट में केस दर्ज किया है।

तहरीर में सुनील भारती ने बताया कि मकरहट निवासी दंत चिकित्सक पंकज सिंह कस्बे में निजी प्रैक्टिस करते हैं। 30 मई को चिकित्सक ने अपनी इंटरनेट मीडिया आइडी पर पार्टी विशेष के लिए आपत्तिजनक पोस्ट डाली। इससे समाज के लोग काफी आहत हैं। सीओ गीडा अनुराग सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सहजनवां पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# दरवाजे पर सो रहे वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या, पत्नी भी घायल

**बांसगांव थाना क्षेत्र का मामला**
**गांव के लोगों ने दी पुलिस को सूचना, घटना के समय कुछ दूरी पर सो रहे थे बेटे, हमलावरों की पुलिस कर रही तलाश**

जागरण संवाददाता, बांसगांव : थाना क्षेत्र के बहोडाड़ी के टोला मोहन बैदौली में गुरुवार की रात दरवाजे पर सो रहे 70 वर्षीय रामकिशुन की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। शोर सुनकर जगी पत्नी करमदानी देवी के गले पर चोट लगने से वह घायल हो गईं। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची बांसगांव पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, करमदानी को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। घटना के समय रामकिशुन के तीनों बेटे कुछ ही दूरी पर सो रहे थे। पुलिस स्वजनों से पूछताछ के बाद अज्ञात हमलावरों की तलाश में जुटी है।

मोहन बैदौली निवासी रामकिशुन शुक्रवार की रात दरवाजे पर तख्त पर सोए थे। बगल में चारपाई पर पत्नी करमदानी और 10 मीटर की दूरी पर दोनों छोटे बेटे मनीष व धर्मेंद्र सो रहे थे। वहीं बड़ा बेटा जयराम छत पर सोया था। करमदानी ने बताया कि रात करीब 12:30 बजे अज्ञात युवक ने उनके पति के गले पर धारदार हथियार से दो बार हमला किया। पति शोर मचाते हुए तख्त से उठे और बगल में रखी लाठी खड़े हुए। उधर, शोर सुनकर उनकी भी नींद खुल गई। इसी बीच पति ने उनके ऊपर लाठी चलाने की कोशिश की, जिसे उसने पकड़ लिया। इस दौरान उसके गले पर भी चोट लग गई। वहीं, चिकित्सकों का कहना है कि महिला के गले पर भी धारदार हथियार से चोट लगी है। गहरा घाव होने से दो टांके लगाए गए हैं।

**न पोस्टमार्टम कराना चाह रहे, न तहरीर देना: रहस्यमयी हत्या के पीछे कौन है?** पुलिस इसकी जांच कर रही है। हत्या के दौरान पत्नी से लेकर तीनों बेटे आसपास थे। इसके बाद भी सिर्फ पत्नी जगी। उसके गले पर हमला हुआ। घटना के बाद घर के किसी सदस्य ने पुलिस को सूचना नहीं दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस जब शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज रही थी तो स्वजन ने मना कर दिया। तहरीर मांगने पर भी देने से इन्कार कर दिया। इन सवालों के बीच पुलिस को घर से लेकर बाहर के लोगों पर शंका है।

जितेन्द्र कुमार, एसपी दक्षिणी ने बताया कि स्वजन के मना करने के बाद भी शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। स्वजन से तहरीर लेने की कोशिश की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। महिला का उपचार चल रहा है।

**करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत:** पीपीगंज : सहजुआ में निर्माणाधीन पानी की टंकी पर काम कर रहे मजदूर की शुक्रवार की शाम छह बजे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने उसकी पहचान मध्यप्रदेश के काली पहाड़ी के शिवपुरी निवासी करन यादव के रूप में की। वह बीते छह माह से यहां काम कर रहा था। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# चुनाव ड्यूटी पर आए होमगार्ड समेत चार की मृत्यु

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गोला थाने पर तैनात पीआरवी जवान और बागपत जिले से लोकसभा सामान्य निर्वाचन की ड्यूटी पर महराजगंज आए होमगार्ड की अचानक तबीयत खराब हो गई। हालत गंभीर होने पर दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। इसके अलावा चुनाव ड्यूटी में बस व बोलेरो लेकर आए दो चालक की भी मृत्यु हो गई। चर्चा है कि गर्मी की वजह से इनकी जान गई है।

गाजीपुर जिले के नुनहरा थाना क्षेत्र के सराय बहादुर निवासी सुरेंद्र सिंह यादव (53 वर्ष) डायल 112 में मुख्य आरक्षी के पद पर गोरखपुर जिले में पांच वर्ष से तैनात थे। उनकी ड्यूटी गोला थाने की पीआरवी पर थी। गुरुवार की शाम सुरेंद्र की तबीयत बिगड़ गई। अचेतावस्था में साथी गोला सीएचसी ले गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचने पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं, बागपत जिले के छपरौली थाना क्षेत्र के ककौर गांव के रहने वाले जय भगवान (57 वर्ष) गाजियाबाद में होमगार्ड में कार्यरत थे। 15 अप्रैल से वह चुनाव ड्यूटी में निकले थे। 26 मई को महराजगंज जिला पहुंचे थे। उसी दिन जय भगवान की तबीयत खराब हो गई।

हालत गंभीर होने पर 28 मई को उन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की सुबह होमगार्ड जवान की मृत्यु हो गई। उनके भाई संजीव ने बताया कि तबीयत खराब होने की सूचना पर वह गोरखपुर पहुंचे थे।

गोला संवाददाता के अनुसार देवारी बारी के भैसाव गांव में रहने वाले





दिलीप व रामनयन • फाइल फोटो

- **अचानक तबीयत बिगड़ने पर साथी ले गए अस्पताल, गर्मी बताई जा रही वजह**
- **गोरखपुर विश्वविद्यालय में बस चालक की मृत्यु होने मुआवजे के लिए स्वजन का हंगामा**

रामनयन विश्वकर्मा चुनाव ड्यूटी में बस लेकर गोरखपुर विश्वविद्यालय में आए थे। शुक्रवार की सुबह उनकी तबीयत बिगड़ गई। गंभीर स्थिति में सुरक्षाकर्मी जिला अस्पताल ले गए, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। तीन भाइयों में सबसे छोटे रामनयन गगहा में रहकर प्राइवेट बस चलाते थे।

घटना के बाद स्वजन व दूसरे बस चालकों ने परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। अधिकारियों ने मदद का भरोसा देकर शांत कराया।

वहीं, हरपुर-बुदहट संवाददाता के अनुसार जयरैला बिसखोहर गांव के दिलीप कुमार 28 मई को अपनी बोलेरो लेकर चुनाव ड्यूटी में चंपा देवी पार्क में आए थे, जहां 29 मई की रात में उनकी तबीयत बिगड़ गई। दूसरे गाड़ी चालकों ने स्वजन को सूचना देने के साथ ही बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, जहां गुरुवार की रात में दिलीप की मृत्यु हो गई।

## रंजिश में हुई मारपीट में तीन लोग घायल

उनवल : खजनी थाना क्षेत्र के एक गांव में रंजिश में पिटाई से एक ही परिवार के तीन लोग घायल हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एक व्यक्ति की बेटी से गांव के ही मोहन बेलदार ने दुष्कर्म किया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा था। दो साल जेल में रहने के बाद वह जमानत पर छूटकर आया और कमाने के लिए फरीदाबाद चला गया। पीड़ित के अनुसार शुक्रवार को उसी मुकदमे में तारीख थी। इसके लिए सुबह ही वह घर पहुंचा। गोरखपुर दीवानी कचहरी में मुकदमा की पैरवी कर वह जैसे ही शाम को घर पहुंचा, किशोरी के परिवार के छह सदस्यों ने उसकी पिटाई कर दी। बचाने आई मां व बहन को भी नहीं छोड़ा। पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

**घर में घुसकर मनबढ़ ने की छेड़खानी:** रुद्रपुर : थाना क्षेत्र के एक गांव के घर में घुसकर मनबढ़ ने युवती से छेड़खानी की। आरोप है कि जाते से ताला तोड़कर जेवर समेत नकदी उठा ले गया। शुक्रवार को पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने इरफान अली के विरुद्ध छेड़छाड़, चोरी, एससी-एसटी व धमकी का केस दर्ज किया। युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीमार मां के साथ घर पर रहती है। गांव का आरोपित मोबाइल फोन पर अश्लील मैसेज भेजता है और बात करता है। नहीं करने पर गाली देते हुए धमकी देता है। फोन उठाना बंद करने पर वह घर में घुस गया और उसके साथ छेड़खानी की। इसके बाद जाते समय कमरे में रखे बाक्स का ताला तोड़कर उसमें रखा जेवर व नकदी भी उठा ले गया।

# आकर्षित करेंगे आदर्श मतदान केंद्र महिलाओं को रिझाएंगे पिंक बूथ

- शहर में एमपी पालीटेक्निक लच्छीपुर व प्राथमिक विद्यालय गोरखनाथ के पांच-पांच बूथ बने आदर्श
- रेड कारपेट पर चलकर मतदान कक्ष तक जाएंगे वोटर, गुब्बारों से हुई सजावट, सेल्फी प्वाइंट भी बना




सैंडिक्स में नगर निगम की ओर से बनाया गया आदर्श मतदान केंद्र • जागरण

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए जिले की सभी विधानसभाओं में 10-10 आदर्श बूथ और दो-दो पिंक बूथ बनाए गए हैं। एक दिव्यांग बूथ भी बनाया गया है। शहर में आदर्श बूथ तैयार करने की जिम्मेदारी नगर निगम को सौंपी गई थी। शहर के महाराणा प्रताप पालीटेक्निक लच्छीपुर के पांच और प्राथमिक विद्यालय गोरखनाथ के साथ ही पुराना गोरखपुर के पांच बूथों को आदर्श बूथ बनाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, इसी प्राथमिक विद्यालय के बूथ पर मतदान करते हैं। इन आदर्श बूथों पर हेल्प डेस्क की सुविधा होगी, जहां मौजूद बीएलओ मतदाताओं को जरूरी जानकारियां देंगे। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगों के लिए सहायता काउंटर बनाया गया है, जहां व्हीलचेयर के साथ कर्मचारी मौजूद रहेंगे। महिलाओं के साथ आने वाले बच्चों के लिए किड्स जोन बनाया गया है। यहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खिलौनों के साथ छोटे बच्चों को संभालने के लिए मौजूद रहेंगी। गर्भवती महिला मतदाताओं के लिए अलग काउंटर होगा। धूप से बचाव के लिए छांव और पानी के इंतजाम के साथ ही सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं। संबंधित मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार से लेकर मतदान कक्ष तक रेड कार्पेट बिछाया गया है। पूरा बूथ गुब्बारों से सजाया गया है।

# सख्त पहरा, उपद्रव किया तो अंजाम होगा बुरा

## मतदान केंद्रों पर सुरक्षा में लगी 20208 पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवानों की ड्यूटी

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। गोरखपुर जिले के सदर व बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में बूथ पर सुरक्षा में 20208 पुलिसकर्मी और अर्द्धसैनिक बल के जवानों की ड्यूटी लगी है। यह फोर्स शुक्रवार को मतदान केंद्रों पर पहुंच गई। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर अलग से अर्द्धसैनिक बल के जवान तैनात किए गए हैं। जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट हर घंटे पहुंचकर स्थिति का जायजा लेंगे। एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने कहा कि व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

**32 जोन व 293 सेक्टर बने :** गोरखपुर की दो लोकसभा सीटों (सदर और बांसगांव) पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के लिए 32 जोन और 293 सेक्टर बनाए गए हैं। गोरखपुर सीट के लिए 267 निरीक्षक/उपनिरीक्षक, 1968 सशस्त्र आरक्षी, 839 आरक्षी, 3151 होमगार्ड व 13 कंपनी अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। इसके अलावा कानून व्यवस्था में 613 निरीक्षक/उपनिरीक्षक, 1242 सशस्त्र कांस्टेबल, 1449 आरक्षी, 292 होमगार्ड एवं चार कंपनी अर्द्ध सैनिक बल अलग से तैनात किया गया है। बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में 328 मतदेय स्थल को संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया है, जहां सुरक्षा में 86 निरीक्षक/उपनिरीक्षक, 1578 सशस्त्र आरक्षी, 361 आरक्षी, 2025 होमगार्ड, सात कंपनी अर्द्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। इसके अलावा कानून व्यवस्था के लिए 613 निरीक्षक/उपनिरीक्षक, 1242 सशस्त्र आरक्षी, 1490 आरक्षी, 292 होमगार्ड और तीन कंपनी अर्द्धसैनिक बल को लगाया गया है।

## गोवि रोड पर दोपहर तीन बजे से रहेगा डायवर्जन

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए शनिवार को मतदान होना है। मतदान की समाप्ति के बाद पोलिंग पार्टियां शाम को ईवीएम जमा करने के लिए गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में वापस आएंगी। ऐसे में शहर में जाम की स्थिति न होने पाए, इसे देखते हुए शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। शहर के कई इलाकों में ट्रैफिक बदला रहेगा। पोलिंग पार्टियों की गाड़ियों के लिए पार्किंग की जगह भी तय कर दी गई है। ट्रैफिक डायवर्जन दोपहर तीन बजे से लागू होगा।

- पोलिंग पार्टियों को लेकर लौटने वाली बसें विश्वविद्यालय मुख्य द्वार से वापस हो जाएंगी।
- सेक्टर मजिस्ट्रेट/जोनल पुलिस मजिस्ट्रेट/पुलिस अधिकारियों के वाहनों की पार्किंग विश्वविद्यालय हेलीपैड में पार्क होगी।
- मतदान कर्मियों के स्वजन के वाहनों की पार्किंग क्रीड़ा संकुल के मैदान में होगी। उन्हें विश्वविद्यालय के पिछले गेट से निकलना होगा।
- छात्रसंघ से विश्वविद्यालय रोड पर सभी प्रकार के आटो-ई रिक्शा का संचालन प्रतिबंधित रहेगा।
- पुलिस कर्मियों को लेकर आने वाली बसें पुराना आरटीओ मार्ग पर खड़ी होंगी।

### अन्य मार्गों के लिए जारी डायवर्जन-

- छात्रसंघ चौराहे से किसी भी प्रकार के वाहन विश्वविद्यालय मुख्य द्वार की तरफ नहीं जाएंगे। यह वाहन कैंट चौराहा, अंबेडकर चौराहा, पैडलेगंज होकर जाएंगे।
- आयकर भवन तिराहा से कोई भी वाहन विश्वविद्यालय मुख्य द्वार की तरफ नहीं जाएगा। ये वाहन आरटीओ कार्यालय, हरिओम नगर तिराहा होते हुए जाएंगे।
- आरटीओ तिराहा ट्रांसफार्मर के पास से कोई भी वाहन विश्वविद्यालय मुख्य द्वार की ओर नहीं जाएंगे। ये वाहन आयकर भवन तिराहा, हरिओम नगर होकर जाएंगे।
- सवारी वाली रोडवेज बसें विश्वविद्यालय चौराहे से विश्वविद्यालय मुख्य द्वार की तरफ नहीं जाएंगी। उन्हें मोहद्दीपुर से जाना होगा।
- विश्वविद्यालय मुख्य द्वार के सामने कोई भी वाहन घुमाना एवं मोड़ना प्रतिबंधित रहेगा।

# होटल में शराब, मालिक समेत तीन पर केस

### बाबीना होटल के मुगल बार में गुरुवार रात 11 बजे की घटना

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (31 May):** बाबीना होटल के मालिक जटेपुर दक्षिणी निवासी हर्ष अग्रवाल, मुगल बार के बारमैन जितेंद्र यादव व गोलू के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने आदेश की अवहेलना करने व आबकारी अधिनियम में केस दर्ज किया है. पुलिस ने दोनों कर्मचारियों को हिरासत में लिया है. आबकारी निरीक्षक सेक्टर एक सुनील कुमार की तरफ दी गई तहरीर में बताया है कि मुखबिर की सूचना पर गुरुवार रात बाबीना होटल के मुगल बार में निरीक्षण किया गया तो वहां पिछले दरवाजे से बार में शराब परोसी जा रही थी. वहां सीसीटीवी भी लगा है, जिसका कैमरा शाम 6 बजे से बंद था.

### हिरासत में लेकर पूछताछ

कर्मचारी सीतापुर के गोलू व सूरजकुंड के जितेंद्र यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि यह सब होटल मालिक हर्ष अग्रवाल के कहने पर किया गया था. चुनाव को देखते हुए डीएम के निर्देश पर चुनाव को देखते हुए शराब की दुकानें गुरुवार शाम 5 बजे से 1 जून शाम 6 बजे तक बंद किया गया है.

# सोशल मीडिया पर चिकित्सक ने किया आपत्तिजनक पोस्ट

**GORAKHPUR (31 May):** सहजनवां नगर पंचायत के दंत चिकित्सक ने इंटरनेट मीडिया पर आपत्तिजनक शब्द पोस्ट कर दिया. जानकारी होने पर भीम आर्मी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सुनील भारती ने सहजनवां थाने में तहरीर दी. पुलिस ने चिकित्सक पंकज सिंह के विरुद्ध एससी-एसटी और आइटी एक्ट में केस दर्ज किया है. तहरीर में सुनील भारती ने बताया कि मकरहट निवासी दंत चिकित्सक पंकज सिंह कस्बे में निजी प्रैक्टिस करते हैं.

# 2 सीट, 21 कैंडिडेट और 39 लाख वोटर्स

# आज ईवीएम में कैद हो जाएगी दिग्गजों की किस्मत...

### गोरखपुर और बांसगांव सीट पर सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (31 May):** जिले की दोनों लोकसभा सीटों गोरखपुर और बांसगांव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार की सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो जाएगा. बूथों के 100 मीटर के दायरे तक कोई भी मतदाता अपने निजी वाहन या आटो, टैक्सी आदि से जा सकता है. सिर्फ यह ध्यान रखना होगा कि किसी प्रत्याशी या पार्टी विशेष की ओर से वाहन का इंतजाम न किया गया हो. धूप से बचने के लिए सभी बूथों पर छाया, पानी समेत सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं.

## सुबह होगा माक पोल

सुबह मतदान शुरू होने से पहले 5.30 से छह बजे तक पार्टी प्रत्याशी, उनके पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में माक पोल होगा. ठीक सुबह सात बजे मतदान शुरू हो जाएगा. शाम छह बजे के बाद भी यदि किसी बूथ पर लाइन में मतदाता लगे रहेंगे तो सभी को मतदान का मौका दिया जाएगा. गोरखपुर लोकसभा सीट के लिए कुल 20 लाख 97 हजार 202 मतदाता सभी 13 प्रत्याशियों का भविष्य तय करेंगे. इनमें 11 लाख 23 हजार 8 68 पुरुष और नौ लाख 73 हजार 160 महिला और 174 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं. इसी तरह बांसगांव लोकसभा सीट के लिए कुल 18 हजार 20 हजार 854 मतदाता सभी आठ प्रत्याशियों के भविष्य का फैसला करेंगे. इनमें नौ लाख 68 हजार 212 पुरुष और आठ लाख 52 हजार 555 महिला मतदाता और 87 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं.

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT



### गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के वोटर

| विधानसभा क्षेत्र | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| कैंपियरगंज | 208803 | 184750 | 393584 |
| पिपराइच | 223707 | 189988 | 413740 |
| गोरखपुर शहर | 254063 | 223656 | 477779 |
| गोरखपुर ग्रामीण | 228846 | 198048 | 426916 |
| सहजनवा | 208449 | 176718 | 385183 |
| कुल | 1123868 | 973160 | 2097202 |

### बांसगांव लोस क्षेत्र में वोटर

| | | | |
|---|---|---|---|
| चौरी चौरा | 192798 | 165804 | 358641 |
| बांसगांव | 208140 | 173662 | 381819 |
| चिल्लूपार | 237220 | 203516 | 440742 |
| रुद्रपुर | 164403 | 154280 | 318696 |
| बरहज | 165651 | 155293 | 320956 |
| कुल | 968212 | 852555 | 1820854 |

### सिटी के आठ बूथ को बनाया मॉडल बूथ

नगर निगम ने शहर के 8 बूथों को मॉडल बूथ बनाया है. इसमें एमपी इंटर कॉलेज बेतियाहाता, कार्मल गर्ल्स इंटर कॉलेज सिविल लाइन्स (पिंक बूथ), सेंट एन्ड्रयूज डिग्री कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय पुराना गोरखपुर (पिंक बूथ), एमपी पॉलीटेक्निक (आदर्श बूथ) जुबिली इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज और एनई रेलवे बालिका इंटर कॉलेज को मॉडल बूथ बनाया गया है.

### मतदाता पहचान पत्र के ये हैं 12 विकल्प

मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकते है. इनमें आधार, पैन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आइडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जाब कार्ड, पेंशन दस्तावेज फोटो सहित, पासपोर्ट, पासबुक, फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र, सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआइ की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड.

### 20,208 जवानों की ड्यूटी

गोरखपुर जिले के सदर व बांसगांव लोस क्षेत्र में बूथ पर सुरक्षा में 20,208 पुलिसकर्मी और अर्द्धसैनिक बल के जवानों की ड्यूटी लगी है. यह फोर्स शुक्रवार को पहुंच गई. संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर अलग से अर्द्धसैनिक बल के जवान तैनात किए गए हैं. इसके अलावा 32 जोन और 293 सेक्टर बनाए गए हैं.



**"ज्यादा से ज्यादा मतदान प्रतिशत दर्ज कराने के लिए सभी मतदाताओं से अपील है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें. बूथों के 100 मीटर के दायरे तक कोई भी मतदाता निजी या आटो आदि से जा सकता है. बूथों पर मोबाइल या इलेक्ट्रानिक सामान लेकर न जाएं. प्रत्याशियों, राजनीतिक दलों से अपील है कि वे खुद या फिर अपने पोलिंग एजेंट को मतदान शुरू होने के पहले होने वाली माक पोल की प्रक्रिया में मौजूद रहने को कहें.**

कृष्णा करुणेश, जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी

# पसीना पोछते, पानी पीते, हांफते बूथों पर कार्मिक कर्मचारी रवाना



gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (31 May):** गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को दृश्य रोज से अलग था. पसीना पोछते, पानी पीते, हांफते हुए कर्मचारियों की नजरें पोलिंग पार्टियों के दूसरे सदस्यों को तलाश रही थीं. जैसे ही टोली के सभी सदस्य मिल जाते, आंखों की चमक बढ़ जाती. पीठासीन अधिकारी ईवीएम और वीवीपैट समेत अन्य चुनाव सामग्री प्राप्त करते. छांव की तलाश में किसी पेड़ या बिल्डिंग की दीवार की ओट लेकर पोलिंग पार्टी के सभी सदस्य मिलकर मिलान करते. संतुष्ट होने के बाद कदम बढ़ जाते खेल मैदान में सैकड़ों की संख्या में खड़ी बसों की ओर. सामने की तरफ लगे नंबरों का मिलान करने के बाद जैसे ही अपनी बस मिलती, पोलिंग पार्टियों के सदस्य सीट सुरक्षित कर लेते. जब संबंधित बस की सभी पोलिंग पार्टियां एकत्रित हो जातीं, तो वह बूथों के लिए प्रस्थान कर जाती. साथ आए पति, सास व बहनों के हाथों में छोटे बच्चे थे तो महिला कर्मचारियों के हाथ में ईवीएम व वीवीपैट मशीन. मां का साथ छूटने पर छोटे-छोटे बच्चे जब रोते तो महिला कर्मचारियों की आंखें भी भर आ रही थीं.



### आखिरी समय तक ड्यूटी कटवाने को जूझते रहे

एक तरफ पोलिंग पार्टियां बूथों के लिए रवाना हो रही थी, दूसरी तरफ कई मतदान कार्मिक विभिन्न समस्याओं को लेकर चुनाव ड्यूटी कटवाने के लिए प्रभारी अधिकारी कार्मिक व सीडीओ संजय मीना के पीछे घूम रहे थे. इनमें कोई खुद की तबियत खराब होने तो कोई स्वजन की तबियत खराब होने की दलील दे चुनाव ड्यूटी से मुक्त करने की गुहार लगा रहा था. कुछ गर्भवती महिलाएं भी ड्यूटी कटवाने के लिए परेशान रहीं, लेकिन कुछ को छोड़ ज्यादातर को राहत नहीं मिली.

# पीआरवी जवान, चुनाव ड्यूटी में आए होमगार्ड व दो चालकों की तबीयत बिगड़ने से मौत

# जानलेवा गर्मी



**GORAKHPUR (31 May):** भीषण गर्मी जानलेवा हो गई है. गोला थाने पर तैनात पीआरवी जवान और बागपत जिले से लोकसभा सामान्य निर्वाचन की ड्यूटी पर महराजगंज आए होमगार्ड की अचानक तबीयत खराब हो गई. हालत गंभीर होने पर दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई. इसके अलावा चुनाव ड्यूटी में बस व बोलेरो लेकर आए दो चालकों की भी मौत हो गई. चर्चा है कि गर्मी की वजह से इनकी जान गई है.



मृतक रामनयन



मृतक दिलीप कुमार



## पांच वर्ष से थे तैनात

गाजीपुर जिले के नुनहरा थाना क्षेत्र के सराय बहादुर निवासी सुरेंद्र सिंह यादव (58 वर्ष) डायल 112 में मुख्य आरक्षी के पद पर गोरखपुर जिले में पांच वर्ष से तैनात थे. उनकी ड्यूटी गोला थाने की पीआरवी पर थी. गुरुवार की शाम सुरेंद्र की तबीयत बिगड़ गई. अचेतावस्था में साथी गोला सीएचसी ले गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. वहां पहुंचने पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया.

## 26 को खराब हुई थी तबीयत

वहीं, बागपत जिले के छपरौली थाना क्षेत्र के ककौर गांव के रहने वाले जय भगवान (57 वर्ष) गाजियाबाद में होमगार्ड में कार्यरत थे. 15 अप्रैल से वह चुनाव ड्यूटी में निकले थे. 26 मई को महराजगंज जिला पहुंचे थे. उसी दिन जय भगवान की तबीयत खराब हो गई. हालत गंभीर होने पर 28 मई को उन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया गया. शुक्रवार की सुबह होमगार्ड जवान की मौत हो गई. उनके भाई राजीव ने बताया कि तबीयत खराब होने की सूचना पर वह गोरखपुर पहुंचे थे. लेकिन, उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई.

## ड्यूटी पर बस लेकर आए थे

देवरी बारी के भैसाव गांव में रहने वाले रामनयन विश्वकर्मा चुनाव ड्यूटी में बस लेकर गोरखपुर विश्वविद्यालय में आए थे. शुक्रवार की सुबह उनकी तबीयत बिगड़ गई. गंभीर स्थिति में सुरक्षाकर्मी जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. तीन भाइयों में सबसे छोटे रामनयन गगहा में रहकर प्राइवेट बस चलाते थे. घटना के बाद स्वजन व दूसरे बस चालकों ने परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया. अधिकारियों ने मदद का भरोसा देकर शांत कराया.

## वोटर्स से की गई अपील

- वृद्ध, शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्ति एवं गर्भवती महिलाएं प्रातः काल में वोट करें
- हल्के रंग और पूरे आस्तीन के सूती वस्त्र धारण करें
- तरल पेय पदार्थों का सेवन करते रहें.
- मतदेय स्थल तक जाने के लिए छाते और सर ढकने के लिए गमछा, दुपट्टा, कैप का प्रयोग करें
- छोटे बच्चों को मतदान स्थल पर न लेकर जाएं
- कतार में खड़े वृद्ध, शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्तियों एवं गर्भवती महिलाओं को मतदान करने में प्राथमिकता दें
- मतदान स्थल पर यदि कोई व्यक्ति लू व डायरिया आदि से प्रभावित होता है तो तत्काल बीएलओ से ओआरएस प्राप्त कर प्रभावित व्यक्ति को दें
- यदि आवश्यक हो तो 108 नंबर पर संपर्क कर एंबुलेंस की सहायता प्राप्त करें
- प्रत्येक मतदाता, राष्ट्र निर्माता-स्वयं का और अन्य का ध्यान रखें

## रात में बिगड़ी तबीयत

जगरैला बिसरखोहर गांव के दिलीप कुमार 28 मई को अपनी बोलेरो लेकर चुनाव ड्यूटी में चंपा देवी पार्क में आए थे, जहां 29 मई की रात में उनकी तबीयत बिगड़ गई. दूसरे गाड़ी चालकों ने स्वजन को सूचना देने के साथ ही बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, जहां गुरुवार की रात में दिलीप की मृत्यु हो गई.

## कंट्रोल के लिए छिड़काव

इस समय पारा 44 डिग्री के पार पहुंच चुका है. हीट वेव से राहत दिलाने के लिए शुक्रवार की दोपहर निगम की चार मशीनों ने वाटर स्प्रे किया गया. इस दौरान सिटी के पैडलेगंज, ट्रांसपोर्टनगर, मोहद्दीपुर, एयरपोर्ट, इंजीनियरिंग कॉलेज, यूनिवर्सिटी रोड, गोरखनाथ मंदिर रोड और मेडिकल कॉलेज रोड पर वॉटर स्प्रे किया गया.

## रूट डायवर्जन

# ईवीएम जमा करने के दौरान बदला रहेगा यातायात

गोरखपुर। लोकसभा निर्वाचन का चुनाव सम्पन्न कराकर पोलिंग पार्टियों के विवि परिसर में बने स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करने के दौरान जाम की स्थिति न उत्पन्न हो, इसके लिए एक जून को तीन बजे से यातायात व्यवस्था के लिए पार्किंग एवं डायवर्जन किया गया है जो इस प्रकार से रहेगा।

### यहां लागू रहेगा डायवर्जन



• छात्रसंघ चौराहे से किसी भी प्रकार के वाहन विश्वविद्यालय मेन गेट की तरफ नहीं जाएंगे, ये वाहन कैंट चौराहा, आंबेडकर चौराहा, पैडलगंज होकर अपने गंतव्य को प्रस्थान करेंगे

• आयकर भवन तिराहा से कोई भी वाहन विश्वविद्यालय मेन गेट की तरफ नहीं जायेंगे, ये वाहन आरटीओ कार्यालय, हरिओम नगर तिराहा होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे • आरटीओ तिराहा ट्रांसफार्मर के पास से कोई भी वाहन विश्वविद्यालय मेन गेट की ओर नहीं जाएंगे, ये वाहन आयकर भवन तिराहा, हरिओम नगर से होकर जाएंगे

• सवारी वाली रोडवेज की बसें विवि चौराहे से विश्वविद्यालय मेन गेट की तरफ नहीं जाएंगे, यह वाहन मोहद्दीपुर होकर अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।

• सवारी वाली रोडवेज की बसें पैडलेगंज से छात्र संघ की ओर नहीं आएंगी, ये बसें मोहद्दीपुर होकर अपने गन्तव्य को जाएंगी • मतदान समाप्ति और ईवीएम जमा करने के बाद पुलिस पार्टियों को लेकर जाने वाली बसें पुराना आरटीओ मार्ग के दोनों तरफ एवं कुलसचिव आवास मार्ग पर पार्क कराई जाएंगी, विश्वविद्यालय रोड पर किसी भी प्रकार का वाहन पार्क नहीं किया जाएगा • डीडीयू मेन गेट पर मतदान पार्टी बस से उतरने के बाद सभी बसें अपने रूट में चली जाएंगी। विवि चौराहा से आने वाली बसे सीधे छात्रसंघ की तरफ चली जाएंगी, छात्रसंघ की ओर से आने वाली बसें सीधे विवि चौराहे की तरफ चली जायेंगी।

### पार्किंग व्यवस्था

• पॉलिग पार्टियों को लेकर आने वाली बसे पोलिंग पार्टियों को डीडीयू मेन गेट पर उतारकर अपने-अपने गंतव्य की ओर चली जाएंगी • सेक्टर मजिस्ट्रेट/जोनल पुलिस मजिस्ट्रेट पुलिस अधिकारियों के वाहनों की पार्किंग विवि हैलीपैड में पार्क होंगी

• मतदान कर्मियों के परिवारजनों के वाहनों की पार्किंग क्रीड़ा संकुल के मैदान में पार्किंग होगी तथा वही से अपने वाहन से मतदान में लगे कर्मियों को लेकर विवि के पिछले गेट से अपने गंतव्य की ओर चले जाएंगे • छात्रसंघ से विश्वविद्यालय रोड पर सभी प्रकार के ऑटो-ई रिक्शा का संचालन प्रतिबंधित रहेगा • पुलिस पार्टियों को लेकर जाने वाली बसे पुराना आरटीओ मार्ग पर खड़ी होंगीं

# मोबाइल-आईकार्ड जांच के बहाने किसी को नहीं रोकेगी फोर्स

गोरखपुर। सातवें और अंतिम चरण के मतदान के मद्देनजर अर्द्धसैनिक बलों के साथ ही पुलिस फोर्स अपनी ड्यूटी पर शुक्रवार की रात से ही मुस्तैद हो गई। मतदान करने आए लोगों को मोबाइल चेक करने या फिर मतदाता पहचान पत्र चेक करने के बहाने कोई पुलिसकर्मी नहीं रोकेगा।

मतदाता सीधे बूथ तक जाएगा वहां पीठासीन अधिकारी पहचानपत्र चेक करेंगे और जरूरत पड़ी तो मोबाइल रखवाने की व्यवस्था करेंगे। हालांकि सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों के अलावा शस्त्र लेकर किसी को बूथ के 100 मीटर के अंदर जाने की इजाजत नहीं होगी चाहे वह किसी जनप्रतिनिधि का सुरक्षाकर्मी ही क्यों न हो।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने कहा कि गोरखपुर और बांसगांव लोकसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से वोटिंग के लिए 1773 मतदान केन्द्रों के लिए करीब 18 हजार फोर्स की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें पुलिस के अलावा अर्द्धसैनिक बल, होमगार्ड जवानों की ड्यूटी भी शामिल है।

# जमीन के विवाद में मारपीट, चार घायल, केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

हरपुर बुदहट। थाना क्षेत्र के बुदहट गांव में जमीनी रंजिश में विपक्षियों ने एक परिवार की जमकर लाठी-डंडो से पिटाई कर दी। इससे पति- पत्नी व बेटा-बेटी बुरी तरह घायल हो गए।

पीड़िता संगीता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जमीनी रंजिश को लेकर विपक्षी मंगलवार को सुबह आठ बजे घर पर लाठी डंडे लेकर चढ़ गए और मारपीट की। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर बुदहट गांव निवासी चंद्रप्रकाश शर्मा, सुशील शर्मा, अनुराग शर्मा, बेबी पर मारपीट धमकी देने का केस दर्ज किया गया है।

# आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर चिकित्सक पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**सहजनवां।** नगर पंचायत में प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले दंत चिकित्सक के सोशल मीडिया अकाउंट से एक जाति विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट डाली गई है।

पोस्ट को लेकर सुनील भारती की शिकायत पर पुलिस ने चिकित्सक डॉ. पंकज सिंह के खिलाफ एससी एसटी और आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के विधान सभा अध्यक्ष सुनील भारती ने तहरीर में कहा है कि इलाके के मकरहट निवासी दंत चिकित्सक डॉ. रामसिंह नगर पंचायत वार्ड नं- 16 केशोपुर में पुत्र के साथ प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं।

**सहजनवां के वार्ड नंबर 16 केशोपुर में प्राइवेट प्रैक्टिस करता है आरोपी चिकित्सक**

पुत्र व दांत के चिकित्सक डॉ. पंकज सिंह ने अपनी सोशल मीडिया आईडी पर 30 मई को एक आपत्तिजनक पोस्ट डाली है। पोस्ट में एक पार्टी विशेष को चुनाव में जीत दिलाने की अपील करने के साथ ही अनुसूचित जाति पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है।

पोस्ट से समाज के लोगों की भावना आहत हुई है। सीओ गीडा अनुराग सिंह ने बताया कि सुनील भारती की तहरीर पर डॉ. पंकज सिंह के खिलाफ 506, एससी एसटी और आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मतदान केंद्रों पर पूरे इंतजाम... वोट डालने जाएं तो रखें ध्यान

## लोकतंत्र के उत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में दें योगदान

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव लोकसभा चुनाव में गोरखपुर की दो सीटें गोरखपुर सदर और बांसगांव संसदीय सीट पर सुबह सात बजे से मतदान होगा।

लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में योगदान दें। अगर आपके पास वोटर पर्ची नहीं है या किस मतदान केंद्र पर वोट पड़ेगा, यह जानना है तो घर बैठे एक क्लिक पर पता चल जाएगा। यही नहीं, बूथों तक चारपहिया गाड़ी से भी जा सकते हैं। मतदान केंद्रों पर ही छांव की व्यवस्था के साथ ही पीने के पानी का भी इंतजाम रहेगा।

मतदान के लिए जिले में 2064 मतदान केंद्र व 3478 बूथ बनाए गए हैं। मतदान केंद्रों पर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन ने पूरे जिले को बांटकर 32 जोनल मजिस्ट्रेट व 293 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं। इसके अलावा 208 मतदान केंद्रों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है।



जंगल मातादीन घोसीपुरवा के प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र पर पहुंचे मतदानकर्मी। संवाद

### पोर्टल से जानिए अपने बूथ की स्थिति

*अपने बूथ की लोकेशन, मतदाता सूची, वोटिंग के समय लगी कतार की स्थिति जानना चाहते हैं तो https://boothlocation.in/ पोर्टल से जानकारी मिल जाएगी। इस पर मतदान से जुड़ीं सभी सूचनाएं उपलब्ध होंगी। मतदान संबंधित अन्य जानकारियों और ऑनलाइन मतदाता पर्ची के लिए आप वोटर हेल्पलाइन एप भी डाउनलोड कर सकते हैं।*

**13** प्रत्याशी हैं गोरखपुर लोकसभा सीट से मैदान में

**08** प्रत्याशी हैं बांसगांव लोकसभा सीट पर

### 40 हजार युवा वोटर चुनेंगे पहली बार सांसद



जिले में 40,007 हजार नए युवा वोटर बनाए गए हैं, जो पहली बार अपना सांसद चुनेंगे। इसमें गोरखपुर सदर लोकसभा क्षेत्र में 23,790 मतदाता हैं। इसी तरह 25131 दिव्यांग मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे।

**कंट्रोल रूम नंबर**

0551-2202205

0551-2204196

**टोल फ्री नंबर**

1950

### गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र में वोटरों की संख्या

| विधानसभा क्षेत्र | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| कैंपियरगंज | 208803 | 184750 | 393584 |
| पिपराइच | 223707 | 189988 | 413740 |
| गोरखपुर शहर | 254063 | 223656 | 477779 |
| गोरखपुर ग्रामीण | 228846 | 198048 | 426916 |
| सहजनवां | 208449 | 176718 | 385183 |
| कुल | 11,11,994 | 9,62,635 | 20,74,629 |

### बांसगांव लोस क्षेत्र में वोटरों की स्थिति

| विधानसभा क्षेत्र | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| चौरीचौरा | 192798 | 165804 | 358641 |
| बांसगांव | 208140 | 173662 | 381819 |
| चिल्लूपार | 237220 | 203516 | 440742 |
| रुद्रपुर | 164403 | 154280 | 318696 |
| बरहज | 1,65,651 | 1,55,293 | 3,20,956 |
| कुल | 1178493 | 1031811 | 2210206 |

# मतदान कराने निकले कर्मी.. शहर में जगह जगह लग गया जाम



विश्वविद्यालय चौराहे के पास लगा जाम। अमर उजाला

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। चुनाव ड्यूटी के लिए गोरखपुर विश्वविद्यालय के आसपास बेतरतीब खड़ी बसों के चलते शुक्रवार की दोपहर में भीषण जाम लग गया। दोपहर में तीखी धूप के बीच इस जाम में जो भी फंसा वह कराह उठा। जाम खुलवाने में ट्रैफिक पुलिस के नाकाम होने पर नागरिक पुलिस को लगाया गया। परिणाम स्वरूप दोपहर 1.30 बजे तक यातायात व्यवस्था सामान्य हो सका।

लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को होने वाले मतदान के लिए शुक्रवार से गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में पोलिंग पार्टी को रवाना किया गया। इस दौरान पोलिंग पार्टी को ले जाने के लिए पहुंची रोडवेज और प्राइवेट बसों को उनके चालकों ने विश्वविद्यालय के आसपास बेतरतीब ढंग से खड़ा कर दिया था। जिसके चलते दोपहर 11 बजे तक छात्रावास चौराहा और रेल म्युजियम से लेकर मोहद्दीपुर तक भीषण जाम लग गया। जाम की स्थिति ऐसी रही कि जो भी इसमें फंसा वह कराह उठा। जाम खुलवाने के लिए ट्रैफिक पुलिस जद्दोजहद करती दिखी लेकिन व सफल नहीं हो सकी।

## गोरखपुर विवि के आसपास मार्ग पर दोपहर तक लगा रहा भीषण जाम

इस बीच छात्रावास चौराहा से रेलवे स्टेशन रोड, पार्क रोड, मोहद्दीपुर रोड व विश्वविद्यालय मुख्य द्वार मार्ग पर वाहनों की कतार लग गई। भीषण जाम की सूचना पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर और एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने तत्काल नागरिक पुलिस को मौके पर भेजा।

नागरिक पुलिस ने विश्वविद्यालय की तरफ जाने वाले मार्ग पर रूट डायवर्जन करने के साथ काफी मशक्कत कर यातायात व्यवस्था सामान्य कराया। दोपहर 1.30 बजे तक किसी प्रकार स्थिति सामान्य हो सकी।





चुनाव ड्यूटी के लिए गोरखपुर विश्वविद्यालय के आसपास बेतरतीब खड़ी बसों के चलते शुक्रवार की दोपहर में भीषण जाम लग गया। दोपहर में तीखी धूप के बीच इस जाम में जो भी फंसा, वह कराह उठा। रेल म्यूजियम से लेकर मोहद्दीपुर रोड पर जाम में फंसे लोग परेशान रहे। अमर उजाला

# डायवर्जन : वोट देने निकलें तो पहले जान लें रूट

## गोरखपुर विश्वविद्यालय रोड पर दोपहर तीन बजे से रहेगा डायवर्जन

गोरखपुर। शनिवार को लोकसभा चुनाव के सातवें चरण का मतदान होना है। सुबह सात बजे से वोटिंग शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगी। मतदान खत्म होते ही पोलिंग पार्टियां वापस आने लगेंगी। ऐसे में शहर में जाम की स्थिति न हो, इसे देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

इसके अलावा पोलिंग पार्टियों के वापस आने पर उनके गाड़ियों के लिए पार्किंग की जगह भी तय कर दी गई है। ट्रैफिक डायवर्जन दोपहर तीन बजे से लागू होगा। ब्यूरो

### यातायात एवं विश्वविद्यालय पार्किंग व्यवस्था

- पोलिंग पार्टियों को लेकर आने वाली बसें पोलिंग पार्टियों को विश्वविद्यालय मेन गेट पर उतारकर निकल जाएंगी।
- सेक्टर मजिस्ट्रेट/जोनल पुलिस मजिस्ट्रेट/पुलिस अधिकारियों के वाहनों की पार्किंग गोरखपुर विश्वविद्यालय हैलीपैड पर होगी।
- मतदान कर्मियों के परिवारीजनों के वाहनों की पार्किंग क्रीड़ा संकुल के मैदान में होगी, वहीं से वे अपने वाहन से मतदान में लगे कर्मियों को लेकर गोरखपुर विश्वविद्यालय के पिछले गेट से निकलेंगे।
- मतदान कर्मियों को लेकर जाने वाले वाहन विश्वविद्यालय के पिछले द्वार से जाएंगे।
- छात्रसंघ से विश्वविद्यालय रोड पर सभी प्रकार के ऑटो-ई रिक्शा का संचालन प्रतिबंधित रहेगा।
- पुलिस पार्टियों को लेकर जाने वाली बसें पुराना आरटीओ मार्ग पर खड़ी की जाएंगी।



प्राथमिक विद्यालय गोरखनाथ में बनाए गए मतदान केंद्र पर शुक्रवार शाम को काम करते मतदानकर्मी। अमर उजाला

### इस तरह किया गया है डायवर्जन

- छात्रसंघ चौराहे से किसी भी प्रकार के वाहन विश्वविद्यालय मेन गेट की तरफ नहीं जाएंगे, ये वाहन कैंट चौराहा, अंबेडकर चौराहा, पैडलेगंज होकर जाएंगे।
- आयकर भवन तिराहा से कोई भी वाहन डीडीयू मेन गेट की तरफ नहीं जाएगा, ये वाहन आरटीओ कार्यालय, हरिओमनगर होते हुए जाएंगे।
- आरटीओ तिराहा ट्रांसफार्मर के पास से वाहन विश्वविद्यालय मेन गेट की ओर नहीं जाएंगे। ये वाहन आयकर भवन तिराहा, हरिओमनगर होकर जाएंगे।
- सवारी वाली रोडवेज की बसें डीडीयू चौराहे से विश्वविद्यालय मेन गेट की तरफ नहीं जाएंगे, यह वाहन मोहद्दीपुर होकर जाएंगे।
- सवारी वाली रोडवेज की बसें पैडलेगंज से छात्रसंघ की ओर नहीं आएंगी। ये बसें मोहद्दीपुर होकर जाएंगी।
- मतदान समाप्ति एवं ईवीएम जमा करने के बाद पुलिस पार्टियों को लेकर जाने वाली बसें पुराना आरटीओ मार्ग के दोनों तरफ एवं कुलसचिव आवास मार्ग पर पार्क कराई जाएंगी।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-06-2024

# सभासद समेत 11 नामजद व सात अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज

**देवरिया(एसएनबी)।** पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति की पिटाई करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने सभासद समेत 11 नामजद व सात अज्ञात के विरूद्ध हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओ में केस दर्ज किया है। शहर के अहमद नगर मोहल्ला निवासी मो इमरान अन्सारी पुत्र मो रमजान अन्सारी का आरोप है कि 30 मई की रात को उनके भाई गुफरान दरवाजे पर बैठे थे, कि पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोग उनके दरवाजे पर जा धमके और गाली गलौज करते हुए गुफरान पर हमलावर हो गये। चाकू, राड, ईंट व लाठी से मारने-पीटने लगे, जिससे गुफरान घायल हो गये। मामले में पुलिस ने आमिर फारुकी, शाद फारुकी पुत्र गण फैजान अहमद उर्फ लाडले, फैजान अहमद, फरहान अहमद पुत्रगण नसीम अहमद व सभासद तसलीम मलिक पुत्र मो. कलीम, वसीम उर्फ चिन्टू, पिन्टू पुत्रगण अज्ञात आदि मौजूद रहे।

# मारपीट के मामले में केस दर्ज

**बनकटा (एसएनबी)।** बनकटा थाना क्षेत्र के किशोरी छापर गांव में मोबाइल चोरी के मामले में दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसको लेकर पीड़ित ने बनकटा थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है। बनकटा थाना क्षेत्र के किशोरी छापर गांव में विगत दिनों मोबाइल चोरी की घटना को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए जिसमें गाली गलौज व मारपीट की घटना हो गई पीड़ित ने बनकटा थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है जिसमें पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर इस मामले की जांच कर रही है।

s

# शांतिपूर्ण मतदान के लिए 27 कंपनी अर्धसैनिक बल व पीएसी तैनात





ईवीएम लेकर रवाना होते मतदान कर्मी तथा पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण करते डीएम व सीडीओ।

■ देवरिया।

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

लोकसभा चुनाव के दौरान देवरिया में सातवें चरण के मतदान को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करने के लिए 27 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स एवं पीएसी के जवान तैनात किए गए हैं। पूरे जिले में करीब 15 हजार फोर्स 1 जून को मतदान कराने एवं ईवीएम को जमा करने हेतु तैनात की गई है। उक्त जानकारी देते हुए एसपी संकल्प शर्मा ने बताया की मतदान कर्मियों के साथ शुक्रवार को फोर्स के जवान मतदान केंद्र पर पहुंच गए हैं । सभी फोर्स के जवानों को कहां गया है कि वह आम मतदाता के साथ अच्छा व्यवहार करें । कानून व्यवस्था को जनता के सहयोग से बनाए रखें । मतदान के दौरान होमगार्ड के जवान भी करीब 4500 की संख्या में तैनात रहेंगे । क्रिटिकल एवं वरनेबुल मतदान केंद्र पर फोर्स की विशेष तैनाती की गई है।

जनपद वासियों से हमारी अपील है कि वह मतदान के दिन जिला प्रशासन का सहयोग कर मतदान को शांतिपूर्ण बनाने में मदद कर। संकल्प शर्मा ने बताया कि देवरिया जिले के सात विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम दो मतगणना केंद्र पर रखी जाएगी । महाराजा अग्रसेन इंटर कलेज में भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र, सलेमपुर विधानसभा क्षेत्र, रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र तथा बरहज विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम रखी जाएगी। देवरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल मतगणना केंद्र पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र, देवरिया विधानसभा क्षेत्र एवं पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र कि ईवीएम रखी जाएगी द्य प्रत्येक मतगणना केंद्र पर करीब 200 की संख्या में फोर्स के जवान तैनात किए जा रहे हैं ।

# मतदान आज, आकर्षक ढंग से सजाए गए बूथ

**लार (एसएनबी)।** लम्बे समय से चल रहे चुनाव की तैयारियां शुक्रवार को पूरी हो गई। सलेमपुर लोक सभा क्षेत्र अंतिम चरण में चुनाव 1 जून को होने है। इसके लिए बहुत लम्बे समय से वोटरलिस्ट में नाम जोड़ने, नए वोटर बढ़ाने और वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने में बीएलओ लगाए गए थे। मतदान कराने वाले टीम को प्रशिक्षण के साथ साथ बीएलओ द्वारा अब हर घर तक मतदाता पर्ची भेजवाई गई है। कुल मिलाकर लम्बे समय से चल रही निर्वाचन प्रक्रिया की तैयारी अब लगभग पूरी हो चुकी है। शनिवार को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक वोटिंग चलेगी। मतदाताओं के लिए बूथ पर पेयजल की व्यवस्था, विकलांग मतदाता के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था, वृद्ध जनों के लिए बिना लाइन में लगे मतदान की व्यवस्था के अलावा सेल्फी प्वाइंट भी बनाये गए है। सकुशल चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा के जवान और पुलिस बल तैनात किए गए है।

**मतदाताओं को धूप से बचने के लिए लगाए गए है टेंट**

वही लार के बीआरसी परिसर में स्थित प्राथमिक स्कूल को आदर्श बूथ बनाया गया है। इसके अलावा क्षेत्र कई अन्य मतदान केन्द्र को आकर्षक गुब्बारे के साथ सजाए गए है।




लार के एक मतदान केन्द्र पर बनाया गया आकर्षक गेट। फोटो : एसएनबी

## दो लोग नामजद समेत पांच के खिलाफ केस

सलेमपुर। पुलिस ने दो नामजद समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के भरौली वार्ड नम्बर एक निवासी अशोक सिंह पुत्र स्व रघुनाथ सिंह ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि उनके घर के बगल में रोड का निर्माण हो रहा है। जिसके निर्माण की आवाज सुनकर मैं गुरुवार को घर से बाहर निकला और रोड के अच्छे निर्माण को लेकर वहां खड़े आशुतोष उर्फ शम्भु, मारकण्डेय उर्फ अविनाश पुत्रगण रमाशंकर सिंह से पूछा कि आप लोग ईंट क्यों तोड़ रहे है। तब तक प्रतिपक्षीगण और उनके साथ अन्य तीन व्यक्ति मुझे तथा मेरी बेटी तता मेरी पत्नी को बुरी तरह मारने पीटने लगे। किसी तरह से हम लोग जान बचाकर वहां से से भागने लगे तभी मुझे राड तथा ईंट पत्थर से उन लोगों ने प्रहार किया।

## सभासद व 18 पर हत्या के प्रयास का केस

- सदर कोतवाली क्षेत्र के गोरखपुर रोड पर हुई थी चाकूबाजी
- घायल युवक का देवरिया मेडिकल कॉलेज में चल रहा है इलाज

देवरिया, निसं। पुरानी रंजिश को लेकर गुरुवार की देर रात मनबढ़ों ने एक युवक को चाकू गोद कर घायल कर दिया। मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने अबूबकर नगर मोहल्ले के सभासद समेत 11 नामजद और सात अज्ञात पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। घायल युवक का देवरिया मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

शहर के अहमदनगर के रहने वाले गुफरान पुत्र मो. रमजान का किसी बात को लेकर मोहल्ले के कुछ लोगों से विवाद चलता है। गुफरान गुरुवार कर देर शाम को अपने दरवाजे पर बैठा हुआ था, इसी बीच डेढ़ दर्जन लोग लाठी डंडे से लैस होकर हमला कर दिए। इस पर आस पास के लोगों ने बीच बचाव करने आए तो मनबढ़ों ने गुफरान पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को इलाज के जिला स्तर में भर्ती कराया। सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई और मामले में आरोपियों के घरों पर छापेमारी किया। पुलिस ने फैजान अहमद को उसके घर से दबोच लिया। उधर घायल के भाई मो.इमरान अंसारी पुत्र मो. रमजान अंसारी की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने आमिर फारुकी, शाद फारुकी पुत्रगण फैजान अहमद उर्फ लाडले, फैजान अहमद, फरहान अहमद पुत्रगण नसीम अहमद, सभासद तसलीम मलिक उर्फ मल्लू पुत्र कलीम, वसीम उर्फ चिन्टू, पिंटू, भोलू चौरसिया, सैफ खान, इमरान शाह, फैजान उर्फ लाड्ले निवासीगण अबूबकर नगर थाना सदर कोतवाली और सात अज्ञात के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने घटना में शामिल फैजान अहमद को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

## रेलवे स्टेशन व परिसर में चला चेकिंग अभियान

देवरिया। चुनाव का प्रभावित करने के लिए लोग ट्रेनों के रास्ते शराब और रुपया पहुंचा सकते हैं। जिसका उपयोग मतदान के पूर्व हो सकता है। इसे देखते हुए आरपीएफ व जीआरपी ने ट्रेनों और प्लेटफार्म पर चेकिंग अभियान चलाया। अलग अलग टीम स्टेशन पर आने वाले एक दर्जन ट्रेनों में चेकिंग की।

मण्डल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देश पर शुक्रवार को सदर रेलवे स्टेशन की आरपीएफ और जीआरपी ने चेकिंग अभियान चलाया। आरपीएफ इंस्पेक्टर आस मोहम्मद के नेतृत्व में प्लेटफार्म नम्बर एक, दो, तीन और वेटिंग हाल, टिकट कांउटर और पार्सल घर की चेकिंग किया।

# मृत शिक्षिका की चुनाव में लगाई ड्यूटी, दर्ज कराई केस

## लापरवाही

- देवरिया में तैनात शिक्षिका की फरवरी 2024 में ही हो गई थी मौत
- विभाग के अधिकारियों ने कार्मिक अपडेट में उन्हें मृत घोषित कर दिया
- मृत शिक्षिका के नाम का ड्यूटी पत्र भी जारी कर दिया गया

देवरिया, हिन्दुस्तान संवाद। देवरिया जिले में तकरीबन 4 माह पूर्व मर चुकी एक शिक्षिका को मतदान सम्पन्न कराने के लिए चुनाव ड्यूटी लगा ड्यूटी लगा दी गई। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थिति न देखकर जिम्मेदारों ने उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करा दी।

रामपुर कारखाना ब्लॉक में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय कुशहरी में तैनात रहीं सहायक अध्यापिका रंजना पांडेय का 10 फरवरी 2024 को ही निधन हो गया था। विभाग के अधिकारियों ने कार्मिक अपडेट में उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद भी लोकसभा चुनाव में मतदान कराने के लिए रंजना पांडेय की ड्यूटी लगा दी गई। उनके नाम का ड्यूटी पत्र भी जारी कर दिया गया। मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक-कर्मचारी अनुपस्थित रहे। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने की वजह से खंड शिक्षाधिकारी सदर देवमुनि वर्मा ने सदर कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने उनकी तहरीर के आधार पर 21 शिक्षकों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। आश्चर्यजनक बात है कि पुलिस ने जिन 21 शिक्षकों पर मुकदमा दर्ज किया उनमें शिक्षिका रंजना का भी नाम शामिल है। इस सम्बंध में रामपुर कारखाना बीईओ उपेंद्र कुमार भारती ने कहा कि परिषदीय विद्यालय पर तैनात शिक्षिका रंजना पांडेय का निधन फरवरी 2024 में हो गया था। शिक्षिका के निधन के बाद कार्मिक अपडेट कर दिया गया था। किसी त्रुटि की वजह से शिक्षिका की चुनाव ड्यूटी लगा दी गई। इस बारे में अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

# चुनाव ड्यूटी में गए सात कर्मचारियों की तबीयत हुई खराब

देवरिया। शहर के तीन स्थानों से मतदान कर्मियों को रवाना किया जा रहा था। गर्मी से बेहाल कर्मचारी अपने को बचने के लिए पेड़ो का सहारा ले रहे थे। वहीं तीनों स्थानों पर शुक्रवार को सात कर्मचारियों की तबीयत खराब हो गई। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गर्मी को देखते हुए तीनों रवानगी स्थल पर एक एक एम्बुलेंस को लगाया गया था।

लोक सभा चुनाव के लिए शहर के राजकीय इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज व रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा रहा था। मतदान कर्मी रवानगी स्थल महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में दो कर्मचारियों की तबीयत खराब हो गई। जिसे कर्मचारियों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक कर्मचारी चलते हुए गिर गया, वहीं तीन अन्य कर्मचारियों की भी गर्मी के चलते तबीयत खराब हो गई। जब कि राजकीय इंटर कॉलेज में एक की तबीयत खराब हो गई।

# युवक ने लगाई फांसी

देवरिया। पारिवारिक कलह से तंग युवक ने गुरुवार की रात में पंखे की कुंडी के सहारे रस्सी से फांसी लगाकर अपनी जान दे दिया। परिजनों ने युवक को फंदे से लटकता देख शोर मचाने लगे। मोहल्ले के लोगों ने इसकी सूचना सदर पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सदर कोतवाली क्षेत्र के बकिय्या मोहल्ला के रहने वाले मुन्ना गुप्ता (35) पुत्र शंकर गुप्ता का किसी बात को लेकर परिवार में विवाद चल रहा था।

# डबल डेकर बस ने तोड़ी तार, ठप हो गई बिजली आपूर्ति

रामपुर कारखाना। डबल डेकर बस ने कसया रोड पर विद्युत तार तोड़ दिया। इसके चलते रामपुर कारखाना की आपूर्ति बाधित हो गई। 3 घंटे की मशक्कत के बाद आपूर्ति बहाल हो सकी। देवरिया से कुशीनगर होकर दिल्ली चलने वाली डबल डेकर बस विद्युत विभाग के लिए मुसीबतें खड़ी कर रही है। करीब 6 महीने पहले डबल डेकर एसी बस ने महदेवा में 11000 का तार तोड़ दिया था। आपूर्ति के दौरान तार टूटने से अफरा तफरी मच गई थी।

# एडीजे ने वन स्टाफ सेंटर का किया औचक निरीक्षण

देवरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व एडीजे ने शुक्रवार को वन स्टाप सेण्टर का औचक निरीक्षण किया। महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों के लिए की जा रही कार्यवाई के बारे में जानकारी लिया। सचिव व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहियें। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के बारें में बताते हुए कहा कि उन्हें स्वतंत्रता और समानता का अधिकार, नारी की गरिमा का अधिकार, दहेज निवारक कानून, नौकरी, व्यवसाय करने का अधिकार, प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार एवं संपत्ति का अधिकार जैसे अनेकों अधिकार प्राप्त हैं। निरीक्षण के दौरान सचिव ने वन स्टाप सेण्टर पर साफ-सफाई व आमजनमानस को विधिक साक्षरता चलाने का निर्देश दिया।

# जिले के 209 मतदान केंद्रों पर होगी पुलिस की विशेष नजर

जागरण संवाददाता, देवरिया: लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने पर प्रशासन का पूरा जोर है। जिले के 1575 मतदान केंद्रों पर मतदान होना है, लेकिन प्रशासन की विशेष नजर 209 मतदान केंद्रों पर होगी। हर गतिविधि पर सुपर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की नजर रहेगी। इन मतदान केंद्रों पर अर्द्ध सैनिक बल के जवानों की तैनाती की गई है।

जिले में 1575 मतदान केंद्र व 2514 बूथ हैं। इसमें से 209 मतदान केंद्र क्रिटिकल चिह्नित किए गए हैं। इन मतदान केंद्रों से जुड़े अराजक तत्वों पर प्रशासन की तरफ से पहले ही सख्त कार्रवाई की जा चुकी है। पाबंदी के साथ ही अन्य कार्रवाईयां भी की गई है। जिले में मतदान कराने के लिए 24 कंपनी अर्द्ध सैनिक बल के जवान, गैर जनपद से 450 इंस्पेक्टर व दारोगा व लगभग नौ हजार पुलिसकर्मी व होमगार्ड हैं। हर थाने पर थाना प्रभारी के मोबाइल पार्टी के अलावा दो से तीन क्यूआरटी, दो क्लस्टर टीमें लगाई गई हैं। इसमें से एक क्यूआरटी अर्द्ध सैनिक बल के जवानों की है।

## 156 सेक्टरों में बांटा गया है जिला

सुरक्षा के लिहाज से जिले को 156 सेक्टर में बांटा गया है। 156 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जबकि 156 सेक्टर पुलिस अधिकारी भी तैनात किए गए हैं। इसमें एक दारोगा व चार सिपाहियों की तैनाती की गई है।

# जानमाल की रक्षा की लगाई गुहार

भटनी : क्षेत्र के बनकटा तिवारी के रहने वाले शिवम पांडेय ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि कुछ लोग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

# यूपी-बिहार बार्डर पर पुलिस की चौकसी

## बढ़ी सख्ती : बिना जांच के किसी वाहन को नहीं मिल रहा आने-जाने की अनुमति


यूपी-बिहार बार्डर के मेहरौना में जांच करती पुलिस• जागरण


राजकीय इंटर कालेज में व्यवस्था देखते डीएम अखंड प्रताप सिंह• जागरण

जागरण संवाददाता, देवरिया: लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए यूपी-बिहार बार्डर पर पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। शुक्रवार की शाम बार्डर के चेकपोस्ट पुलिस के साथ ही अर्द्ध सैनिक बल के जवानों के हाथों सौंप दी गई।

बिना जांच के किसी भी वाहनों को आने-जाने नहीं दिया जा रहा है। यूपी-बिहार बार्डर पर पुलिस की

- बार्डर पर अर्द्ध सैनिक बल के जवानों की तैनाती की गई है
- नदी व पगडंडियों पर भी बढ़ा दिया गया है पुलिस का पहरा

चौकसी तो पहले से ही थी, लेकिन मतदान के 24 घंटे पहले बार्डर के चेकपोस्ट पर अर्द्ध सैनिक बल के जवानों की भी तैनाती कर दी गई। बार्डर इलाके में खरियारपुर के करौंदी बाजार, रामपुर अवस्थी, बघौचघाट के विशुनपुरा बाजार, पकहां, भटनी के चखनी घाट, लक्ष्मीपुर, बलुआ अफगान, लार के मेहरौना, चनुकी घाट, भाटपाररानी के महुजा, खामपार के भिंगारी बाजार, भवानी छापर, कुकुरघाटी,बनकटा के रामपुर बुजुर्ग, रामकोला चट्टी, चित्रसेन बनकटा, बंकुल समेत 23 स्थानों पर बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही है। हालांकि किसी भी चेकपोस्ट से कोई संदिग्ध सामान या व्यक्ति नहीं मिला।

रेलवे स्टेशन पर भी बरती गई सतर्कता: लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर सदर रेलवे स्टेशन पर भी पुलिस की चौकसी दिखी। आरपीएफ व जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर जांच की। एक-एक सामान की जांच की गई। नदी के रास्तों के साथ ही बिहार से आने वाली पगडंडियों पर भी पुलिस का पहरा बढ़ा दिया गया है।

# नमक के साथ दफनाया था युवती का शव, 5 गांवों पर टिकी पुलिस की नजर

## खुखुंदू क्षेत्र की खजुरी करौता रेलवे लाइन के किनारे शव मिलने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। क्षेत्र के खजुरी करौता गांव के रेलवे ट्रैक के किनारे दफनाए मिले युवती के शव का दूसरे दिन भी शिनाख्त नहीं हो पाया है। हालांकि पुलिस खजुरी करौता और पकड़ी खास गांव समेत आसपास के पांच गांवों पर नजर रखे है। पुलिस गोपनीय तरीके से गांवों में जाकर पता लगाने में जुटी है।

सबसे खास बात यह है कि खोदाई में मिट्टी के साथ नमक भी निकला है। जिससे प्रतीत हो रहा है कि हत्यारे पूरी तैयारी के साथ शव को दफन किए थे। शव का पोस्टमार्टम 72 घंटे बाद कराया जाएगा।

गौरतलब है कि खुखुंदू क्षेत्र के खजुरी करौता गांव में रेलवे लाइन किनारे युवती का शव मिला था। पुलिस ने 18-20 वर्षीय युवती का शव होना बताया। हालांकि चेहरा स्पष्ट नहीं होने से शिनाख्त नहीं हो पाई है। सबसे खास बात यह रही कि खोदाई में पाया कि मिट्टी के साथ नमक भी निकला है। जिससे प्रतीत हो रहा है कि हत्यारे पूरी तैयारी के साथ शव को दफन किए थे।

जब से युवती का शव मिला है पुलिस खजुरी करौता, पकड़ी खास, करकटही परसिया, मकुनही और बतरौली पांडेय गांव पर नजर गड़ाए है। सूत्रों को माने तो पुलिस गांव में सादे लिबास में जाकर पता लगा रही है कि किसके घर की युवती लापता है। उधर, लोगों का कहना है कि हत्या करके शव को दफन किया गया है। अगर हत्या नहीं किया गया होता ट्रेन की चपेट या फिर सामान्य मौत हुई होती, शव को कोई सुनसान जगह पर लाकर और नमक डालकर नहीं दफनाता।

पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। 72 घंटे बाद ही शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इंस्पेक्टर दिलीप सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के पांच गांवों में तहकीकात की जा रही है। उम्मीद है जल्द शव की शिनाख्त हो जाएगी।

### चाकू और खुरपी भी युवती की हत्या की ओर कर रहे इशारा

खजुरी करौता रेलवे लाइन किनारे जहां युवती का शव दफन किया गया था। वहीं से चाकू और खुरपी भी पुलिस ने बरामद किया था। युवती के गर्दन पर भी वार के निशान प्रतीत हो रहा था। ऐसे में मौके से मिला चाकू और खुरपी भी युवती की हत्या की ओर इशारा कर रहे हैं। बताते चलें कि जहां शव दफन हुआ था, उस जगह के आसपास गांवों के लोगों के मुताबिक एकदम सुनसान जगह है। उधर से तभी कोई गुजरता है,जब उसे अपने खेतों के तरफ या फिर लाइन पार करना होता है। लोगों का कहना है कि रात में न तो कोई अपना खेत देखने या फिर लाइन पार करने जाएगा। इससे यह भी प्रतीत हो रहा है कि हत्यारे सब कुछ जानते थे कि कौन सी जगह शव दफन करने के लिए मुफीद रहेगा।

### मुंह से आया खून, अस्पताल पहुंचकर तोड़ा दम

**तरकुलवा।** थाना क्षेत्र के बंजरिया गांव निवासी शर्मा सिंह (60) के मुंह से बृहस्पतिवार की दोपहर में खून आने लगा। परिजन उनको लेकर गोरखपुर मेडिकल कालेज पहुंचे। जहां पहुंचते ही उनकी मौत हो गई। बंजरिया गांव के शर्मा सिंह पिछले कुछ सालों से बीमार चल रहे थे। बृहस्पतिवार की दोपहर में अचानक उनके मुंह से खून आने लगा। इससे वे बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। इसे देखकर मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। संवाद

### चकियवां में युवक का फंदे से लटका मिला शव

**देवरिया।** सदर कोतवाली के चकियवां मोहल्ले में बृहस्पतिवार की रात एक युवक फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के चकियवां मोहल्ले के रहने वाले मुन्ना गुप्ता पुत्र शंकर लाल का शव फंदे से लटका देख परिजन आनन-फानन महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संवाद

# 11 नामजद समेत 18 पर हत्या के प्रयास का मुकदमा

जासं, देवरिया: शहर के अहमद नगर मोहल्ले में दरवाजे पर चढ़कर युवक पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने 11 नामजद व 18 के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही एक आरोपित को हिरासत में ले लिया है। जबकि फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। अहमद नगर के रहने वाले गुफरान के दरवाजे पर चढ़कर कुछ युवकों ने चाकू मार दिया। उपचार के लिए उन्हें महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। पुलिस ने अबूबकर नगर के रहने वाले आमिर फारुकी, शाद फारुकी, फैजान अहमद, फरहान अहमद, तसलीम मलिक, वसीम उर्फ चिंटू, पिंटू, भोलू चौरसिया, सैफ खान, इमरान शाह, फैजान उर्फ लड्डू व सात अज्ञात के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# मतदान केंद्रों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां, मतदान आज

## तेज धूप में भी मतदान कराने को लेकर उत्साहित दिखे कार्मिक, 1575 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शुरू होगा मतदान

जागरण संवाददाता, देवरिया: लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा। शुक्रवार को तेज धूप के बीच पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों पर पहुंचीं। मतदान कराने को लेकर मतदान कार्मिकों में उत्साह देखने को मिला। जिले के सात विधान सभा क्षेत्र में 2385181 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है।

शहर के महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज से सलेमपुर, भाटपाररानी, रविन्द्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम से रुद्रपुर, बरहज व सदर विधान सभा क्षेत्र के लिए व राजकीय इंटर कालेज से पथरदेवा व रामपुर कारखाना विधान सभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के लिए स्थान चिह्नित किया गया था। सुबह आठ बजे से ही मतदान कार्मिक रवानगी स्थल पहुंचने लगे। सुबह नौ बजे से पार्टी को रवाना करने के लिए कार्य शुरू हुआ। धूप की तपिश के बीच हर कोई कर्मचारी पीठासीन अधिकारी खोजते हुए नजर आया। शरीर को झुलसा देने वाली धूप में मतदान कर्मी पसीने से तरबतर नजर आए। पीठासीन अधिकारी अपने-अपने काउंटर से ईवीएम व वीवीपैट लेने के लिए जुट गए। ईवीएम व वीवीपैट मिलने के बाद बूथ तक जाने के लिए अपने वाहनों को ढूंढने के लिए भी कार्मिकों को धूप में परेशान होना पड़ा। डीएम अखंड प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा सुबह 10 बजे राजकीय इंटर कालेज पहुंचे


स्टेडियम से मतदान केंद्र को जाते मतदान कार्मिक • जागरण

और वहां की व्यवस्था देखी। इसके बाद वे स्टेडियम पहुंचे। दोपहर बाद पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुईं और शाम तक पहुंच गईं।

धूप इस कदर की चक्कर खाकर गिर गए कर्मचारी: महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज में भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र के एक बूथ पर पीठासीन अधिकारी की ड्यूटी लगी थी। उमस व धूप के चलते वह अचानक चक्कर खाकर गिर गए। यह देख वहां मौजूद अन्य कर्मचारी परेशान हो गए और पानी का छींटा मारकर होश में लाया। इस बीच नायब तहसीलदार डा. भागीरथी सिंह पहुंचे और कर्मचारी का हाल जाना। कुछ देर बाद वह कर्मचारी मतदान केंद्र के लिए बस से रवाना हो गया।

रवानगी स्थलों पर दिखी अव्यवस्था: मतदान कार्मिकों के रवानगी स्थलों पर अव्यवस्था दिखी। राजकीय इंटर कालेज हो या स्टेडियम, हर जगह कार्मिक व्यवस्था को लेकर परेशान दिखे। कार्मिक अधिकांश जगहों पर पेड़ के नीचे बैठ कर अपना कागजात ठीक करते नजर आए।

ड्यूटी कटती गई और पोलिंग पार्टी रवानगी को होती रही दिक्कत: बहुत से शिक्षक पहले ही चुनाव ड्यूटी से अपने को दूर कर लिए थे, जबकि बहुत से कर्मचारी जुगाड़ लगाकर अपनी ड्यूटी सुबह में ही एसडीएम के माध्यम से कटवा लिए। दोपहर बाद स्थिति ऐसी हो गई कि कई पार्टियां कर्मचारियों के अभाव में रवाना नहीं हो पा रहीं थीं। बाद में रिजर्व में रखे गए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा सका।

जिले में 2385181 मतदाता करेंगे अपने मत का प्रयोग: जिले के सभी सातों विधान सभा क्षेत्रों में कुल 2385181 मतदाता हैं, जिसमें 1250424 पुरुष, 1134670 महिला तथा 87 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र में 1776982 मतदाता करेंगे मतदान: लोकसभा क्षेत्र सलेमपुर के पांचों विधान सभा क्षेत्रों में कुल 1775982 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसमें 945475 पुरुष, 831440 महिला व 67 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल होंगे।

देवरिया लोकसभा क्षेत्र में 1873821 मतदाता चुनेंगे अपना सांसद: देवरिया लोकसभा क्षेत्र सात प्रत्याशी मैदान में हैं। 1873821 मतदाता चुनेंगे।


सजाया गया जयनगर का आदर्श बूथ • जागरण


लार के ठेनी मतदान केंद्र पर पहुंचे मतदान कार्मिक • जागरण

### मतदान केंद्रों पर अव्यवस्था से परेशान दिखे मतदान कार्मिक

जासं, देवरिया: लोकसभा चुनाव में मतदान कराने को शाम तक सभी बूथों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच गईं। मतदान केंद्रों पर अव्यवस्था के चलते मतदान कार्मिक परेशान नजर आए। सबसे अधिक गर्मी के चलते परेशान दिखे। दोपहर बाद से ही मतदान केंद्रों पर कार्मिक पहुंचने लगे। गर्मी के चलते मतदान कार्मिक मतदान केंद्र के अंदर तो बैठे, लेकिन परेशान नजर आए। विद्यालयों के कमरों में लगे पंखे गर्मी के चलते बेमतलब साबित होते नजर आए। जबकि कुछ जगहों पर लाइट गुल होने के चलते अंधेरे में ही कागजात सही करते हुए कर्मचारी दिखे।

मतदान कार्मिकों के भोजन की व्यवस्था: जिला प्रशासन की तरफ से यह संकेत कर दिया गया था कि मतदान कार्मिकों के भोजन का इंतजाम विद्यालय में ही किया जाए।

# विवाहिता ने ससुरालवालों पर राशन न देने का लगाया आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

### खुखुंदू क्षेत्र के एक गांव का मामला, पीड़िता ने लगाई पुलिस से गुहार

खुखुंदू। क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने सास और ननद पर खाना बनाने के लिए राशन नहीं देने का आरोप लगाया है। वह चार माह के दुधमुंहे बच्ची को लेकर दो दिनों से भूखी है। उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया है। पति बाहर है, वह भी घरवालों का साथ दे रहा है। पीड़िता ने थाने पहुंच पुलिस से राशन दिलाने के लिए गुहार लगाई है।

खुखुंदू क्षेत्र के एक गांव की महिला की तीन साल पहले शादी हुई है। पति और देवर गोवा रहते हैं, जबकि ससुर दिल्ली में रहते हैं। गांव पर सास और ननद के साथ महिला रहती है। आरोप है कि इलाज के लिए एक रुपये नहीं दिए जाते हैं। चार माह की बच्ची को लेकर विवाहिता किसी तरह जीवन यापन कर रही है। सास राशन उठाकर बेंच दी है, जो है उसे कमरे में रखकर ताला लगा दिया गया।

आरोप है कि बृहस्पतिवार को भोजन बनाकर खाने जा रही थी तब तक सारा भोजन उठाकर फेंक दिया गया। मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया है। भोजन के लिए राशन मांगने पर मारा-पीटा जा रहा है। पति भी राशन देने से इन्कार कर रहे हैं। चार माह की बच्ची को लेकर आखिर कहां जाऊं।

इंस्पेक्टर दिलीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजा है। जांच कर कार्रवाई होगी। सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ला ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं आया है।

# जाम ने रोकी शहर की रफ्तार, रेंगते रहे वाहन

- मतदान ड्यूटी को लेकर जिला मुख्यालय पर उमड़े मतदानकर्मी
- सुबह से शाम तक जाम लगाने से लोगों को उठानी पड़ी परेशानी

जागरण संवाददाता, देवरिया: सुबह से लेकर शाम तक शुक्रवार को जाम ने शहर की रफ्तार रोक दी। मतदान को लेकर पोलिंग पार्टियों के रवाना होने को लेकर जाम की समस्या बढ़ गई। रोडवेज व निजी वाहनों के एक साथ जिला मुख्यालय आने के कारण जाम ने विकराल रूप धारण कर लिया। पूरे दिन जाम ने लोगों को छकाया। पुलिस जाम के सामने बेबस रही। हालांकि जाम को हटवाने के लिए पुलिस ने तपती धूप में पसीना बहाया।

लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। पोलिंग पार्टियों को राजकीय इंटर कालेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज, रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम बुलाया गया था। उधर बूथों पर पोलिंग पार्टियों को भेजने के लिए बुलाई गई बसों के कारण शहर में कदम-कदम पर जाम रहा। रुद्रपुर मोड़ से पुरवा चौराहा तक लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ा।

शहर के अंदर जहां भी पोलिंग पार्टियों को रवाना करने का स्थान था। उस क्षेत्र में बैरिकेडिंग कर चार पहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया था। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के बाद देर शाम उन मार्गों को खोला गया। महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज के समीप दोनों तरफ से मार्ग को अवरुद्ध किया गया था। सभी पोलिंग बूथों पर वाहनों के रवाना होने से जाम की समस्या शाम तक बनी रही। इसके अलावा महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज, कचहरी, कोतवाली, एसपी कार्यालय, कलेक्ट्रेट आने में लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। शहर के सिविल लाइन्स रोड, कोतवाली रोड, जलकल रोड समेत अन्य मार्गों में भी जाम लगा रहा। जाम में सबसे अधिक परेशानी दो पहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ी। शाम को पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के बाद जाम की समस्या थोड़ी कम हुई। उकसे बाद पुलिस अधिकारियों ने राहत की सांस ली। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि जाम की समस्या से निजात के लिए जगह-जगह पुलिस मुस्तैद थी। पुलिस कर्मियों को पूरे दिन अलर्ट मोड पर रखा गया था।



शहर के सिविल लाइन्स रोड में लगा वाहनों का जाम • जागरण

## मेहरौना बॉर्डर पर बढ़ाई गई सुरक्षा

मेहरौनाघाट। सातवें चरण के चुनाव पर कल मतदान होना है। ऐसे में बिहार बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग शुरू हो गई है। शनिवार को होने वाले मतदान से पहले सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। यूपी-बिहार के बॉर्डर मेहरौना में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ वाहनों और बिहार से यूपी आने-जाने वालों लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। एक जून को सातवें चरण में मतदान होना है। इसमें सलेमपुर, देवरिया, बांसगांव व बलिया संसदीय सीट सहित यूपी की कुल तेरह सीटों पर कल मतदान होंगे। संवाद

## जिला प्रशासन की मतदाताओं से अपील

देवरिया। बढ़ते तापमान व लू के प्रकोप के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने एक जून के लिए मतदाताओं से अपील की है। इस अपील में उन्होंने मतदाताओं से कहा है कि वृद्ध व बीमार व्यक्तियों, शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्तियों एवं गर्भवती महिलाएं प्रातः काल में मतदान करें। कतार में खड़े वृद्ध, बीमार व्यक्ति, शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्तियों एवं गर्भवती महिलाओं को मतदान करने में पीठासीन अधिकारी द्वारा प्राथमिकता दी जाए। संवाद

## सभी बूथों पर सुरक्षित पहुंचीं पोलिंग पार्टियां

भाटपार रानी। विधानसभा क्षेत्र के सभी 374 बूथों पर शुक्रवार को सायं काल तक पोलिंग पार्टियां व उनके साथ सुरक्षा में लगे पुलिस जवान पहुंच गए। जहां पोलिंग पार्टियां शनिवार को प्रातः 7:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक मतदान कराएंगी। सभी पार्टियों के पहुंचने की सूचना जगह-जगह तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी उनके सकुशल पहुंचने का अपडेट लेते देखे गए। पोलिंग पार्टियों के सभी बूथों पर पोलिंग पार्टियों के ठहरने आदि की व्यवस्था में ग्राम प्रधान के जरिए कराए जाने की सूचना है। संवाद

# सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन से हो रही बिहार बॉर्डर की निगरानी

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** निष्पक्ष और शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए यूपी बिहार बॉर्डर के बैरियर पर सीसी टीवी लगा कर व ड्रोन उड़ाकर निगरानी की जा रही है। थाना क्षेत्रों में 39 बैरियर और 27 पिकेट बनाए गए हैं। बिहार बॉर्डर क्षेत्र के आठ थाना क्षेत्रों के 26 स्थानों पर बैरियर लगे हैं। इसके साथ ही अंतर जनपदीय सीमा पर 13 स्थानों पर बैरियर लगाया गया है।

सुरक्षा बल की तैनाती की बात करें तो इस बार शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने को लेकर जिले में 24

## 723 दरोगा व इंस्पेक्टर, 4294 सशस्त्र कांस्टेबल की तैनाती

कंपनी अर्धसैनिक बल की तैनाती की गई है। करीब 723 दरोगा व इंस्पेक्टर व 4294 सशस्त्र बल की तैनाती की गई है। इसी तरह 2037 निशस्त्र कांस्टेबल, 4777 होमगार्ड की भी तैनाती की गई है। एक जून को जिले के 1575 मतदान केंद्र के 2514 बूथों पर मतदान होगा। इसमें 209 मतदान केंद्र संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया है।

यूपी बिहार बॉर्डर क्षेत्र में तरकुलवा थाना के रामपुर अवस्थी, बघौचघाट थाना क्षेत्र के विशुनपुरा बाजार, विन्दही, पकहां, लार थाना क्षेत्र के मेहरौना, चनुकी घाट, बरियारपुर थाना क्षेत्र के करौंदी, धुसवा, भाटपाररानी थाना क्षेत्र के महुजा सोहगरा मार्ग, अमृतचक मझरिया मार्ग, भटनी थाना क्षेत्र के चखनी घाट, बलुआ अफगान, लक्ष्मीपुर, सल्लहपुर, बनकटा थाना क्षेत्र के बंकुल पुल, चित्रसेन बनकटा, रामपुर बुजुर्ग, प्रतापपुर चीनी मिल, रामकोला चट्टी, सुन्दरपार, मदैनिया पुल, एकडंगा, खामपार थाना क्षेत्र के भवानी छापर, कुकुरघाटी, भिंगारी बाजार में बैरियर लगाया गया है।

## डीएम ने बघौचघाट क्षेत्र के दर्जनों बूथों का किया भ्रमण

**बघौचघाट।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने शुक्रवार को बघौचघाट क्षेत्र के लगभग एक दर्जन मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। डीएम ने सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप जिला प्रशासन सभी बूथों को वोटर फ्रेंडली बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कम वोटिंग प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों को चिह्नित कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय मलसी, प्रा. विद्यालय मेदीपट्टी आदि का निरीक्षण कर निर्देश दिए। संवाद

## बरहज में चुनाव बूथों पर पहुंचे मतदान कर्मी और सुरक्षाबल

**बरहज।** लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को मतदान कर्मी और फोर्स चुनाव बूथों पर पहुंची। मतदान केंद्रों पर कर्मी अपने कागजात को सहेजने में जुटे हुए थे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गैर प्रांत से आई फोर्स को बीआरडीबीडी पीजी कॉलेज आश्रम और ब्लॉक के निकट एक प्राइवेट विद्यालय आदि जगहों पर ठहराया गया है। लोकसभा के अंतिम चरण के मतदान के लिए नगर-क्षेत्र में बनाए गए बूथों पर कर्मचारी ईवीएम आदि लेकर पहुंचे। जबकि सुरक्षा के लिए जगह-जगह बूथों पर पंजाब पुलिस के अलावा अन्य फोर्स लगाई गई है। संवाद

# हिस्ट्रीशीटर और सभासद सहित 11 लोग नामजद

## सात अज्ञात के विरुद्ध हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। पुरानी रंजिश को लेकर अहमद नगर मोहल्ला निवासी युवक की पिटाई व चाकूबाजी मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने नामजद एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर व सभासद सहित 11 लोगों को नामजद किया है। पुलिस ने सात अज्ञात के विरुद्ध हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

शहर के अहमद नगर मोहल्ले के रहने वाले मो. इमरान अंसारी पुत्र मो. रमजान अंसारी ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप लगाया है कि 30 मई की रात मेरा भाई गुफरान दरवाजे पर बैठा

### अहमदनगर में युवक की पिटाई और चाकूबाजी का मामला

था। इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोग दरवाजे पर आ धमके और गाली-गलौज करते हुए गुफरान पर हमलावर हो गए। चाकू, रॉड, ईंट व लाठी से मारने-पीटने लगे। इससे गुफरान घायल हो गया।

इस मामले में पुलिस ने आमिर फारुकी, शाद फारुकी पुत्र गण फैजान अहमद उर्फ लाडले, फैजान अहमद, फरहान अहमद पुत्रगण नसीम अहमद व सभासद तसलीम मलिक पुत्र मो. कलीम, वसीम उर्फ चिन्टू, पिन्टू पुत्रगण अज्ञात, भोलू चौरसिया पुत्र राजेश चौरसिया, सैफ खान पुत्र खालिद, इमरान शाह पुत्र आजम शाह, फैजान उर्फ लाडले पुत्र अज्ञात मोहल्ला अबुबकर नगर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

वहीं, पुलिस ने सात अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने नामजद एक आरोपी फैजान अहमद पुत्र नसीम को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, नामजद आरोपियों में एक आमिर फारुकी हिस्ट्रीशीटर भी रहा है। वहीं, एक तसलीम मलिक वर्तमान सभासद भी है।

कोतवाल वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज देगी।

# KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-06-2024

## संवेदनशील केंद्रों पर तैनात रहेगी पैरामिलीट्री फोर्स

पडरौना। जनपद में 98 मतदान केंद्रों के 161 बूथ ऐसे हैं, जो संवेदनशील श्रेणी में हैं। इन संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। लोकसभा क्षेत्र के 50 प्रतिशत बूथों की वेबकास्टिंग करने का इंतजाम किया गया है। इसके अलावा अति संवेदनशील बूथों पर पैरामिलीट्री फोर्स की तैनाती की गई है।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

दुदही। विशुनपुरा थाने की पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने वांछित पवन उर्फ कृष्णा सोनी (23) निवासी मोहन पट्टी थाना पडरौना कोतवाली को गिरफ्तार किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक राम सहाय चौहान, उपनिरीक्षक विजय शंकर, सिपाही श्यामसुंदर, दीपचंद व शमीम शामिल रहे।

### जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 26,87,406 मतदाता डालेंगे वोट, सुबह 7 बजे से शुरू होगा मतदान

# आज मतदाताओं की बारी, चुनेंगे अपना सांसद

सत्ता संग्राम

पडरौना, निज संवाददाता। कुशीनगर जनपद की सभी सात विधानसभा सीटों पर 26,87,406 मतदाता अपना सांसद चुन सकेंगे। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होगा, जहां मतदाता शाम छह बजे तक मतदान कर सकेंगे।

कुशीनगर की पडरौना, कुशीनगर, हाटा, रामकोला और खड्डा तथा देवरिया लोकसभा क्षेत्र में आने वाले फाजिलनगर व तमकुहीराज में चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। कुल 1480 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 2633 बूथों पर 26,87,406 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र में 18,75,212 मतदाता हैं। इनमें 9 लाख 86 हजार 145 पुरुष और 8 लाख 88 हजार 974 महिला मतदाता हैं। 96 ट्रांस जेंडर मतदाता हैं। सभी मतदान केन्द्रों पर जहां तक मतदाताओं की लाइन लगती है, वहां कैनोपी लगाकर छाया की व्यवस्था की गयी है। सभी केन्द्र पर बुजुर्गों, दिव्यांगों के बैठने के लिए कुर्सियां लगायी गयी हैं। केन्द्रों पर घड़े में ठंडे पानी की व्यवस्था की गयी है।





शुक्रवार को मतदान केंद्रों पर रवाना होने से पहले जिला स्टेडियम बैठे मतदान कर्मी। (दाएं)लोकसभा क्षेत्र कुशीनगर में पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी।

### जिले में मौसम देगा साथ तो टूटेगा मतदान का रिकॉर्ड

पडरौना। धूप और उमसभरी गर्मी में हर कोई बेहाल है। लोग घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। हालांकि, शनिवार को मौसम 41 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने का अनुमान है। बूंदाबांदी के भी आसार हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि यदि ऐसा हुआ तो कुशीनगर में रिकार्ड तोड़ मतदान हो सकता है। क्योंकि शासन-प्रशासन की ओर से मतदान केंद्रों पर भी बेहतर व्यवस्था की गई है।

### वोटर आईडी न होने पर इन 11 विकल्पों का प्रयोग करें

पडरौना। चुनाव आयोग की अधिसूचना के अनुसार यदि आप का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन आपके पास अपना ईपीआईसी या मतदाता पहचान पत्र नहीं है, तो आप अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 11 वैकल्पिक दस्तावेजों का उपयोग कर सकते हैं। इन पहचान पत्रों का प्रयोग मतदाता सूची में नाम होने पर ही किया जा सकता है। इसमें मतदाता आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, राष्ट्रीयकृत बैंक व डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी किया गया हो। इसके अलावा ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, फोटो के साथ भारतीय पासपोर्ट , केंद्रीय/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/ विधायकों/ एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र व अद्वितीय विकलांगता आईडी कार्ड, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार इन 11 पहचान पत्रों को देकर अपनी पहचान करा सकते हैं।

### जिला कंट्रोल रूम से ऑनलाइन देख सकेंगे वेबकास्टिंग

पडरौना। चुनाव में मतदान के दौरान जिले के 1320 बूथों पर लाइव वेबकास्टिंग होगा। इसका जिला मुख्यालय पर बने कंट्रोल रुम में लाइव वेबकास्टिंग देखने के लिये 40 से अधिक लैपटॉप व एलईडी लगाए गए हैं। जहां से अधिकारी बूथों पर सीधे नजर रखेंगे। इन्हें आयोग भी ऑनलाइन देख सकेगा। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से जिले के संवेदनशील बूथों की निगरानी की जा रही है। इसके लिये जिला मुख्यालय पर बने कंट्रोल रूम में 40 से अधिक लैपटॉप व एलईडी लगाये गये हैं।

### सुबह 10 से एक बजे तक हाईवे पर जाम से रेंगती रहीं गाड़ियां

# पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना हाईवे पर लगा रहा जाम

**पडरौना, निज संवाददाता।** पोलिंग पार्टियों के रवाना को लेकर रूट डायवर्ट होने के बावजूद शुक्रवार की दोपहर तक कसया-पडरौना मार्ग पर पडरौना से लगायत अर्जुनहा पर जाम लगा रहा। इसके कारण वाहन हाईवे पर रेंगते नजर आये। शाम तीन बजे तक सभी पार्टियां रवाना होने के बाद यातायात बहाल हो सका। जाम को लेकर यातायात व पुलिस के जवान पूरा दिन मुस्तैद रहे।

जिला मुख्यालय के बुद्धा पार्क, जिला स्टेडियम से पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के कारण यकायक सैकड़ों वाहनों के पहुंचने के कारण कसया-पडरौना मार्ग मार्ग पडरौना से लेकर जिला मुख्यालय पर पूरा दिन चहल पहल बना रहा। एक दिन पूर्व पुलिस विभाग ने पोलिंग पार्टियों के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर प्रस्थान के दौरान जिला मुख्यालय कुशीनगर पर यातायात प्रबंध के लिए रूट डायवर्जन किया था। इसके तहत कसया से रामकोला व कप्तानगंज की तरफ जाने वाले सभी कामर्शियल वाहन टेकुआटार, रामकोला होते हुए अपने गन्तव्य तक जाने, खड्डा व रामकोला से कसया एवं फाजिलनगर की तरफ आने वाले सभी प्रकार के कामर्शियल वाहन बावली चौक, मिश्रौली नहर, रामकोला, टेकुआटार, कसया एनएच 28 होते हुए जाने तथा किसी भी कामर्शियल वाहन के लिए 8 बजे से लेकर शाम चार बजे तक नो इण्ट्री प्वाइंट्स खिरकिया पुलिस चौकी, खिरिया टोला नहर मोड़, बावली चौक, मिश्रौली नहर, हरका तिराहा एवं बैरिया कांटा बनाया गया था। पोलिंग पार्टियों के वाहनों के चलते पडरौना से जिला मुख्यालय तथा वहां से अर्जुनहा तक हाईवे पर जाम रहा। यातायात पुलिस प्रभारी सत्य सान्याल शर्मा समेत कसया पुलिस वाहनों को रास्ता देकर यातायात व्यवस्था को बहाल करने में जुटे रहे। दोपहर बाद तीन बजे के बाद पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के बाद हाइवे पर यातायात व्यवस्था बहाल हो सकी।



अर्जुनहा चौराहे पर लगा वाहनों का जाम।

## बुद्धा पार्क के पीपल का छांव बना कर्मियों का सहारा

पडरौना। जिला मुख्यालय के बुद्धा पार्क में तमकुहीराज व फाजिलनगर विधानसभा के पोलिंग पार्टियों के लिए बने रवाना स्थलपर टेंट लगाया गया था। डीएम उमेश मिश्रा, एडीएम वैभव मिश्रा, सीडीओ गुंजन द्विवेदी व एसडीएम विकास चंद, जोनल मजिस्ट्रेट अभय कुमार सुमन व डीआईओएस रवींद्र सिंह समेत सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार निरीक्षण में जुटे रहे। बुद्धा पार्क में किनारे लगे पीपल के पेड़ की छांव मतदान कर्मियों के लिए पूरा दिन सहारा बना रहा। अधिकारी व कर्मचारी टेंट से लेकर पेड़ की छांव में कुर्सी लगाकर काम करना ज्यादा पंसद कर रहे थे।

# सुरक्षाकर्मियों के हवाले हुए मतदान केंद्र और बूथ

जागरण संवाददाता, पडरौना : शनिवार को जिले में वोट डाले जाएंगे। मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, चुनाव के दौरान कोई गड़बड़ी न होने पाए, इसे लेकर जिले के सभी मतदान केंद्र और बूथों को सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया गया है।

संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। निष्पक्ष चुनाव के लिए 10 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना के 10 मिनट के भीतर पुलिस टीम मौके पर मौजूद होगी।

जिले को 17 जोन और 217 सेक्टर में बांटा गया है। जोन में एसडीएम-मजिस्ट्रेट के साथ ही एक इंस्पेक्टर, एक दारोगा और तीन सिपाहियों की तैनाती रहेगी। जोन में पुलिस जोनल अधिकारी के साथ एक दारोगा और चार सिपाही की ड्यूटी लगाई गई है।

जबकि सेक्टर में सेक्टर अधिकारी के साथ एक दारोगा और चार सिपाहियों की तैनाती रहेगी। इसके अलावा जनपद के 20 थानों के अनुसार प्रत्येक थाना क्षेत्र में एक-एक थाना मोबाइल और दो-दो क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) की तैनाती रहेगी। पहली क्यूआरटी में सिविल पुलिस और दूसरी क्यूआरटी में पैरामिलिट्री फोर्स के जवान होंगे। उनके बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए सभी वाहनों में आरटी सेट लगाए गए हैं। बताया गया है कि कुल 10 हजार सुरक्षाकर्मियों में 15 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स है।

### जिले की स्थिति

- मतदान केंद्र-1480 (संवेदनशील-99, अति संवेदनशील-42)
- मतदेय स्थल-2633

### पुलिस की यह है व्यवस्था

- 10 हजार से अधिक पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान रहेंगे तैनात
- 900-दारोगा-निरीक्षक।
- 9000 कांस्टेबल-हेड कांस्टेबल।
- होमगार्ड व पीआरडी जवान-6500।
- प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10 क्यूआरटी रहेगी।
- क्यूआरटी में शामिल है पैरामिलिट्री फोर्स।
- क्लस्टर मोबाइल भी रहेगा भ्रमणशील।
- संवेदनशील 141 बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।
- पोलिंग बूथ की 100 मीटर की परिधि में मोबाइल, शस्त्र का इस्तेमाल नहीं।

### जनपद की सीमाएं सील

मतदान को लेकर जनपद की सीमाएं सील कर दी गई हैं। बिहार बार्डर पर 28 प्वाइंट बनाए गए हैं। जहां पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात किए गए हैं। गोरखपुर, देवरिया व महराजगंज जनपद की सीमा पर 26 बैरियर लगाए गए हैं। जनपद के भीतर कुल 33 प्वाइंट बनाए गए हैं, जहां पुलिस तैनात की गई है। दूसरे जनपदों से वाहनों से आने वालों की तलाशी लेने के बाद ही उनको जिले में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है।


एसपी धवल जायसवाल।

मतदान में अगर किसी ने भी गड़बड़ी की तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। मतदाता निर्भीक होकर मतदान करें, बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। किसी भी व्यक्ति के बहकावे में आकर फर्जी मतदान न करें, फर्जी तरीके से मतदान करने वाले किसी भी स्थिति में बच न सकेंगे। ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। अफवाह फैलाने वालों पर भी पुलिस की कड़ी नजर है।

-धवल जायसवाल, एसपी

# मां की हत्या का आरोपित पुत्र पत्नी संग गिरफ्तार

जागरण संवाददाता,हाटा : कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के पिपराइच मोड़ से सौतेली मां के हत्यारोपित पुत्र व बहू को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की निशानदेही पर घटनास्थल से सटे खेत से घटना के समय पहने कपड़े भी बरामद किए गए। पुलिस दोनों को न्यायालय ले गई, वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक राजप्रकाश सिंह को सूचना मिली कि हत्या की घटना में आरोपित पुत्र पत्नी संग हाटा नगर के पिपराइच मोड़ पर मौजूद है। टीम वहां पहुंच दोनों की तलाश में जुट गई। संदिग्ध हाल में दिखे पति-पत्नी को पकड़ पूछताछ की गई तो दोनों की पहचान हत्या के नामजद आरोपितों के रूप में हुई। दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। बताया कि सौतेली मां पैतृक संपत्ति में हिस्सा देना नहीं चाह रही थी। परेशान होकर यह कदम उठाया। दोनों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त राड, कपड़ा आदि बरामद हुआ। गांव के निवासी मिश्री उर्फ गोबरी की दो शादी है। पहली पत्नी की काफी पहले मृत्यु हो गई। उससे एक पुत्र सुधीर है। दूसरी शादी से भी एक बेटा राजेश है, जो रोजगार के सिलसिले में गुजरात में है। एक माह से सुधीर व उसकी सौतेली मां 58 वर्षीय रीता से खेत के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा। मंगलवार की रात सुधीर ने रीता को अपने घर बुलाया और हंसिया से गले पर प्रहार कर हत्या कर दी। मिश्री की तहरीर पर पुलिस सुधीर व उसकी पत्नी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश कर रही थी। टीम में निरीक्षक संजय कुमार शाही, दारोगा संदीप सिंह, ओमप्रकाश गुप्त आदि शामिल रहे।


पकड़े गए हत्यारोपित के साथ पुलिस● जागरण

# यूपी–बिहार सीमा पर पुलिस ने की वाहनों की जांच

जासं, सलेमगढ़: तरयासुजान के फोरलेन सलेमगढ़ टोल प्लाजा पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार की सायं पांच बजे स्पेशल मजिस्ट्रेट की देखरेख में पुलिस ने बिहार जाने तथा आने वाले वाहनों की जांच की। स्पेशल मजिस्ट्रेट अनिल कुमार की देखरेख में जांच की गई। स्पेशल मजिस्ट्रेट ने बताया कि लोकसभा चुनाव को को लेकर जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान शनिवार को दोपहर बाद तक चलेगा। टीम रवि कुमार, सचिन कुमार शामिल रहे।

# बिहार बार्डर पर पुलिस ने चलाया जांच अभियान

जासं,सलेमगढ़: लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार बार्डर क्षेत्र में पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। बहादुरपुर पुलिस चौकी के पास पुलिस ने सघन जांच की। शाम को पांच बजे से शाम साढ़े सात बजे तक वहां से होकर गुजरने वाले वाहन व व्यक्तियों की जांच की गई। आने-जाने वालों का नाम, पता रजिस्टर में दर्ज किया जा रहा है।

# स्ट्रांग रूम की अधिकारियों ने परखी व्यवस्था

जागरण संवाददाता, पडरौना : डीएम उमेश मिश्र एवं एसपी धवल जायसवाल ने शुक्रवार की शाम को नगर के उदित नारायण इंटरमीडिएट कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ ईवीएम जमा कराने तथा मतगणना के दौरान उपस्थित होने वाले जन समूह के नियंत्रण के लिए बनाई गई बैरिकेडिंग देखी। अधिकारियों ने बैरिकेडिंग की व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।



पडरौना नगर के उदित नारायण इंटर कालेज में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते दाएं से एसपी धवल जायसवाल, डीएम उमेश मिश्र● जागरण

शाम को पांच बजे डीएम, एसपी व सीडीओ गुंजन द्विवेदी उदित नारायण इंटरमीडिएट कालेज पहुंचे। स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। डीएम ने कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यहां तैनात अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों को लेकर बेहद सतर्कता बरतें।

मतदान के पश्चात यहां ईवीएम व वीवीपैट जमा करने वालों की भीड़ रहेगी। इसे लेकर सावधानी बरतें। ताकि किसी तरह की कोई गड़बड़ी न होने पाए।

मतदान केंद्र संख्या, पोलिंग पार्टी संख्या आदि का मिलान कर ही ईवीएम जमा कराएं। एसपी ने कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को लेकर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। कालेज परिसर की सुरक्षा पैरामिलिट्री फोर्स व सीआरपीएफ के हाथों होगी। सीसी कैमरे के अलावा ड्रोन से परिसर की दिन-रात निगरानी होगी। परिसर में उपस्थित होने वाले जनसमूह के नियंत्रण को लेकर भी खास इंतजाम रहेगा। सीडीओ ने कहा कि स्ट्रांग रूम परिसर में सिर्फ अधिकृत व्यक्ति को ही रह सकेंगे। परिसर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी।

## हत्या के मामले में दो वांछित गिरफ्तार

पडरौना। हाटा कोतवाली पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित सुनील निवासी सेमरो परसौनी को एक महिला आरोपी के साथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि अपराध में प्रयुक्त एक हंसिया, रॉड व मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। संवाद

मतदान में अगर किसी ने भी गड़बड़ी की तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। मतदाता निर्भीक होकर मतदान करें, बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। किसी भी व्यक्ति के बहकावे में आकर फर्जी मतदान न करें, फर्जी तरीके से मतदान करने वाले किसी भी स्थिति में बच न सकेंगे। ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। अफवाह फैलाने वालों पर भी पुलिस की कड़ी नजर है।



एसपी धवल जायसवाल।

–धवल जायसवाल, एसपी

# शहर में आज शाम को बड़े वाहनों का नहीं होगा प्रवेश

**पडरौना।** उदित नारायण इंटर कॉलेज में मतदान के बाद ईवीएम मशीन जमा करने के लिए स्ट्रांग रूम बनाया गया है। शुक्रवार को डीएम उमेश मिश्रा और एसपी धवल जायसवाल स्ट्रांग रूम पहुंचे और किए गए तैयारियों का हाल जाना।

## सीसीटीवी कैमरे की नजर में जमा होगी ईवीएम, स्ट्रांग रूम का डीएम-एसपी ने जाना हाल

सुरक्षा के दृष्टिकोण से और बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया। ईवीएम जमा होने के कारण शहर से शाम को बड़ी गाड़ियां नहीं जा सकेंगी। इसके लिए शहर के बाहरी हिस्सों से होकर वाहनों को जाना पड़ेगा।

डीएम उमेश मिश्रा ने बताया कि मतदान के बाद उदित नारायण इंटर कॉलेज में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र के पडरौना, खड्डा, हाटा, रामकोला और कुशीनगर विधानसभा क्षेत्रों में मतदान के बाद ईवीएम उदित नारायण इंटर कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम और देवरिया लोकसभा क्षेत्र के फाजिलनगर और तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र का ईवीएम उदित नारायण पीजी कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में जमा होगा। इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई है। विधानसभावार ईवीएम जमा करने के लिए टेबल बनाया गया है। सीसी टीवी कैमरा भी लगाया गया है। शाम को 5 बजे के बाद शहर में किसी भी बड़े वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। क्योंकि मतदान के बाद मतदानकर्मी ईवीएम जमा करने के लिए स्ट्रांग रूम पर पहुंचेंगे। संवाद

# जाम में फंसीं पोलिंग पार्टियां

## डायवर्जन फेल : गंडक नहर से सोहरौना तक लगी वाहनों की लंबी लाइन

संवाद न्यूज एजेंसी



पोलिंग पार्टियों की रवानगी के बाद सड़क पर जाम लग गया। संवाद

**पडरौना।** पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के बाद जिला मुख्यालय मार्ग पर जाम लग गई। इस मार्ग पर सोहरौना से बड़ी गंडक नहर तक वाहनों की लंबी लगी थी। इससे निकलने में पार्टियों को काफी समय लग गया। इस रास्ते आने वाले बाइक और अन्य लोग दूसरे रास्तों से जाते दिखे।

पडरौना, खड्डा और रामकोला विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियां पडरौना शहर से होकर गुजरीं। इससे दोपहर करीब एक बजे पडरौना-जिला मुख्यालय मार्ग पर बड़ी गंडक नहर से सोहरौना तक करीब दो किमीर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। वाहनों में बैठे मतदान कार्मिकों को उमस भरी गर्मी से परेशान होना पड़ा। इस मार्ग पर लगे जाम से बचाने के लिए कुछ बाइक सवार और अन्य वाहन चालक दूसरे रास्ते से जाते दिखे। करीब एक घंटे बाद जाम से निजात मिली और पोलिंग पार्टियों से भरे वाहन रवाना हो सके। यातायात निरीक्षक सत्य सन्याल शर्मा ने बताया कि पोलिंग पार्टियों के रवानगी के चलते पडरौना-कसया मुख्य मार्ग पर रूट डायवर्जन किया गया था। अनभिज्ञता के चलते कुछ वाहन चालक इस रास्ते से आवागमन किए।



# एएनएम ने जिंदा नवजात को बताया मृत...परिजनों का हंगामा

## सीएचसी दुदही का मामला : भर्ती प्रसूता ने बच्ची को दिया जन्म, बिना डॉक्टर को दिखाए एएनएम ने मृत बताकर पॉलीथिन में बांध दिया

संवाद न्यूज एजेंसी



दुदही सीएचसी में हंगामा करतीं आशा एवं परिजन। संवाद



दुदही में बच्ची की जांच करते प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप कुमार। संवाद

**दुदही।** सीएचसी दुदही में तैनात एएनएम और एक महिला कर्मी की लापरवाही सामने आई है। जन्म के बाद नवजात को मृत बताकर एएनएम ने पॉलीथिन में बांध दिया और परिजनों को दफनाने की सलाह दे दी। परिजनों ने दफनाने के लिए पॉलीथिन खोला तो दंग रह गए। पॉलीथिन में बच्ची की आंखें खुली थीं और उसकी शरीर में हलचल हो रही थी। परिजन दोबारा सीएचसी पहुंचे और हंगामा करने लगे। आनन-फानन प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बच्ची को मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में भर्ती कराया।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बड़हरा बुजुर्ग निवासी सरिता देवी (25) पत्नी संतराज को शुक्रवार को प्रसव पीड़ा होने पर सास सोनबरसा ने दुदही सीएचसी में भर्ती कराया। दोपहर करीब दो बजे एक बच्ची पैदा हुई। आरोप है कि प्रसव के दौरान दवा के नाम पर महिला कर्मी ने 500 रुपये की मांग की थी। 150 रुपये कम होने पर उसने रुपये फेंक दिया था। परिजनों का कहना है कि बिना डॉक्टर को दिखाए ही एएनएम व महिला कर्मी ने नवजात को मृत घोषित कर दिया और दोनों ने उसे पॉलीथिन में बांध दिया। आधे घंटे तक नवजात पॉलीथिन में प्रसूता के बेड पर पड़ी रही।

स्वास्थ्य कर्मियों के कहने पर प्रसूता की सास उसे दफनाने के लिए पैदल ही बड़हरा बुजुर्ग घर पर ले गई। वहां जब दफनाने के लिए नवजात को पॉलीथिन से बाहर निकाला तो वह जिंदा मिली। नवजात की आंखें खुली थीं और उसके शरीर में हलचल हो रही थी। परिजन नवजात को लेकर सीएचसी पहुंचे और हंगामा करने लगे। उन्होंने लापरवाह कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इससे स्वास्थ्य कर्मियों के हाथ-पांव फूलने लगे। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप कुमार ने नवजात की जांच की और उसे तत्काल एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में भेज दिया।

### दफनाने के लिए परिजन ने पॉलीथिन को खोला तो बच्ची की खुली थी आंखें

*मामला संज्ञान में आया है। छह माह में ही नवजात पैदा हुई है। शरीर में कोई हलचल न होने के कारण स्वास्थ्यकर्मी मृत समझ बैठे होंगे। कुछ देर तक इंतजार कर डॉक्टर से दिखाना चाहिए था। यह लापरवाही है। इसकी जांच कराई जाएगी। -डॉ. सुरेश पटारिया, सीएमओ*

*इसकी जानकारी बाद में मुझे हुई है। यह एएनएम और स्टाफ नर्स की लापरवाही है। बिना डॉक्टर से जांच कराए नवजात को मृत घोषित करना गंभीर मामला है। छह माह पर ही महिला ने बच्चे को जन्म दिया था। सीएमओ के आदेश पर इसकी जांच की जा रही है। घर वाले भी एएनएम पर लापरवाही का आरोप लगाए हैं। -डॉ. संदीप कुमार सीएचसी प्रभारी दुदही*

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि नवजात छह माह में ही पैदा हो गई थी। इसके चलते स्वास्थ्यकर्मी उसे मृत समझ बैठे। हालांकि, यह लापरवाही है। इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-06-2024

# दो के खिलाफ वन अधिनियम में मुकदमा दर्ज

**पनियरा।** थाना क्षेत्र के जंगल बाकी के धवई बीट में तैनात वनरक्षक विशाल गौड़ की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम नगरौली निवासी प्राणेश शुक्ला व बस्ती जनपद केइ गांधी नगर थाना क्षेत्र निवासी आदित्य दूबे के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बकरी चोरी के आरोप में धुनाई

**भगवानपुर।** नौतनवा के ग्राम पंचायत रतनपुर टोला मोतीपुर में बकरी चुराकर भाग रहे एक व्यक्ति को परिजनों व ग्रामीणों ने पकड़कर धुनाई के बाद छोड़ दिया। रतनपुर टोला मोतीपुर निवासी रितेश चौधरी की बकरी शुक्रवार को आरोपित चुराकर साइकिल से भागने लगा। लोगों ने उसे पकड़कर पीट दिया।

# छींटाकशी के विरोध पर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**धानी बाजार।** बृजमनगंज के एक गांव में छींटाकशी के विरोध पर मारपीट के मामले में पुलिस आरोपितों पर केस दर्ज किया है। तहरीर के अनुसार दो युवक लड़की के घर पहुंच कर उसके बारे में अपशब्द बोल रहे थे। परिजनों ने विरोध जताया। बृजमनगंज थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी का कहना है कि लड़की के पिता की तहरीर पर सच्चे, नकुल, अनरजीत सहित कुल चार लोगों पर केस दर्ज किया गया है।

# नेपाली शराब संग पकड़ा गया आरोपित

कोल्हुई। लोकसभा चुनाव को लेकर भारत नेपाल सीमा पर सतर्कता बरती जा रही है। बॉर्डर रोड पर जांच के दौरान एसएसबी कमांडेंट सुबीर घोष व एसओ आनंद गुप्ता की संयुक्त टीम ने बोरे में सामान रखकर ले जा रहे साइकिल सवार को रोककर तलाशी ली तो 281 बोतल नेपाली शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपित की पहचान थानाक्षेत्र के ही खरहरवा निवासी जगमोहन के रूप में हुई। उसने पुलिस को बताया कि चुनाव की वजह से भारत में शराब की बिक्री पर रोक लग गई है। इसका फायदा उठाकर वह नेपाल से शराब से लाकर बेचने की कोशिश में जुटा था। उस परआबकारी एक्ट का केस दर्ज करके पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

# पोलिंग पार्टियों ने जिम्मेदारी संभाली, आज वोटरों की बारी

## पांच विधानसभा क्षेत्रों में बनाए गए हैं 2084 बूथ, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। जिले के 1134 मतदान केंद्र के 2084 बूथों पर शुक्रवार शाम करीब पांच बजे तक पोलिंग पार्टियां पहुंच गईं। इन बूथों पर शनिवार सुबह सात बजे से मतदान होगा।

सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। गर्मी और तेज धूप की वजह से पोलिंग पार्टियों को बूथ तक पहुंचाने में अफसरों के पसीने छूट गए। पोलिंग पार्टियों के पहुंचने के बाद अधिकारियों ने बूथों का भ्रमण कर जानकारी ली।



सोहगीबरवा में बूथ पर पहुंची पोलिंग पार्टी तैयारी में जुटी। संवाद

जानकारी के मुताबिक, महराजगंज लोकसभा सीट के लिए सोमवार सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा। जो शाम छह बजे तक होगा। इसके लिए बीएलओ ने घर-घर पर्ची पहले से ही पहुंचा दी है। हालांकि अभी भी कई जगहों से शिकायत है, कि उन्हें पर्ची नहीं मिली है।

चुनाव कराने के लिए जिला मुख्यालय से शुक्रवार सुबह 10 बजे से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाने लगा। मतदान के लिए जनपद के पांच विधानसभा क्षेत्र सिसवा, नौतनवा, फरेंदा, महराजगंज और पनियरा में कुल 2084 बूथ बनाए गए हैं। सबसे अधिक 447 बूथ पनियरा में तो सबसे कम 370 बूथ फरेंदा में है।

# सभा की शिकायत पर जांच करने पहुंची एफएसटी

**महराजगंज।** फरेंदा विस क्षेत्र के छितहीं में शुक्रवार को जनसभा की शिकायत पर एफएसटी मौके पर पहुंची। उस समय टेंट हटा लिया गया था। कोई मौके पर नहीं मिला। इसके बाद टीम लौट गई। प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं हुई। सोशल मीडिया पर शुक्रवार को एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें एक शख्स टेंट लगे एक स्थल का वीडियो बना रहा था। हालांकि हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। युवक का कहना था कि प्रचार प्रसार ठप होने के बाद सत्ताधारी दल के एक नेता टेंट लगाकर जनसभा कर रहे हैं।

# मतदान की अपील



जनपद के सभी मतदाताओं से अपील है कि वह एक जून को हर हाल में अपने विशेष मताधिकार का प्रयोग करें। निर्वाचन कार्ड नहीं है। तब भी 12 विकल्प में से किसी एक को दिखाकर मतदान कर सकते हैं। वोटर्स डॉटईसीआईडॉटजीओवीइनवेबसाइट पर भी अपना इपिक नंबर डालकर अपने बूथ को पता कर सकते हैं। बूथ पर बीएलओ भी मतदाताओं की मदद करेंगे। बूथों पर मतदाताओं की सुविधा का विशेष ध्यान दिया गया है।

**अनुनय झा,** जिला निर्वाचन अधिकारी



सभी मतदाताओं से अपील है कि वह खुद एक जून को मतदान करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। मतदाताओं की सुविधा व सुरक्षा का विशेष प्रबंधन किया गया है। मतदान के पर्व कानून व्यवस्था के साथ उत्साह से बनाएं। सभी मतदाता समय से घर से निकलकर जरूर बूथ तक जाकर लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनें। मतदान के दौरान शांति व्यवस्था बनाएं रखें।

**सोमेन्द्र मीना,** एसपी

## सीमा के पगडंडी रास्तों पर चौकसी बढ़ी

**खनुआ।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में चौकसी बढ़ा दी गई है। पगडंडी के रास्तों खनुआ, हरदी डाली, सुंडी, डंडा हेड, कैथवलिया उर्फ बरगदही सीमा पर तैनात एसएसबी के जवानों व सौनोली पुलिस ने जांच तेज कर दी है। सीमा पर आने जाने वाले हर शख्स की तलाशी ली जा रही है। 66वीं वाहिनी डंडा हेड के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार व कोतवाल अभिषेक की अगुवाई अभिजीत पाठक, विवेक, राजाराम व सोनौली कोतवाली पुलिसकर्मी सघन तलाशी अभियान जुटे रहे।

# बूथों पर तैनात हुए 12 हजार सुरक्षा कर्मी

महराजगंज, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव के लिए जिले को 20 जोन व 112 सेक्टर में बांट सुरक्षा की व्यूह रचा गया है। पांच सुपर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। बूथों की सुरक्षा के लिए 12 हजार कर्मी तैनात किए गए हैं। क्रिटिकल व बल्नरेबल बूथों पर सीपीएमएफ के जवान सुरक्षा की कमान संभालेंगे।

जिले के 1134 मतदान केन्द्रों पर कुल 2084 बूथ बनाए गए हैं। एक बूथ वाले 477 मतदान केन्द्र हैं। दो बूथ वाले मतदान केन्द्रों की संख्या 454 है। तीन बूथ वाले 150 मतदान केन्द्र, चार बूथ वाले 31 मतदान केन्द्र, पांच बूथ वाले 16 मतदान केन्द्र व छह बूथ वाले तीन मतदान केन्द्र हैं। दो बूथ वाले 454 मतदान केन्द्रों की सुरक्षा में 1362 फोर्स के जवान रहेंगे। इसमें से 908 सुरक्षाकर्मी सशस्त्र तैनात रहेंगे। एक बूथ वाले मतदान केन्द्रों पर 954 सशस्त्र बल के जवान सुरक्षा की कमान संभालेंगे। पांच बूथ वाले 16 मतदान केन्द्रों पर 96 सुरक्षाकर्मी तैनात होंगे। 17 कंपनी, दो प्लाटून सीपीएमएफ, 4 कंपनी पीएसी, 35 सौ होमगार्ड, 553 इंस्पेक्टर/दरोगा, 3335 पीआरडी व अन्य सुरक्षा कर्मी को बूथों की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात किया गया है। सिद्धार्थनगर के एएसपी के अलावा गैर जिलों से चार सीओ बुलाए गए हैं।



डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा, एसपी सोमेन्द्र मीना, एसडीएम डॉ. पंकज कुमार वर्मा ने पोलिंग पाट्रियों की रवानगी का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश जारी किए।

**2084**

**बूथ हैं जनपद में 216 मतदान केंद्रों के 321 बूथ क्रिटिकल चिह्नित**

" मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार तैयारी पूरी की गई है। पोलिंग पार्टी के साथ सुरक्षा कर्मी बूथ पर पहुंच चुके हैं। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस सेक्टर अधिकारी भी तैनात हैं। रिजर्व में भी सुरक्षा कर्मी तैनात हैं। सुरक्षा बल के जवान भ्रमणशील भी रहेंगे। शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सोमेन्द्र मीना, एसपी**

## सातवां चरण : यूपी की 13 सीटों समेत सात राज्यों की 57 सीटों पर होगा मतदान

# महराजगंज आज डालेगा वोट

लखनऊ, विशेष संवाददाता। लोकसभा चुनाव के सातवें व अंतिम चरण में यूपी की 13 समेत देश की 57 सीटों पर शनिवार पहली जून को मतदान होगा। यूपी की ये सीटें हैं- महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (सु.), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज (सु.)। सोनभद्र जिले में दुद्धी की रिक्त चल रही विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए भी शनिवार को ही वोट पड़ेंगे।

मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा और शाम छह बजे इनमें से 12 लोकसभा सीटों के मतदान केन्द्रों पर जितने भी लोग कतार में होंगे। वह सभी वोट देने के हकदार होंगे जबकि राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट और सोनभद्र जिले में दुद्धी विधानसभा सीट पर मतदान सुबह सात बजे शुरू होकर शाम चार बजे तक ही होगा।




### गोरखपुर में सबसे अधिक वोटर

सातवें चरण में मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता गोरखपुर तथा सबसे कम सलेमपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 144 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरुष तथा 10 महिला प्रत्याशी हैं। सातवें चरण में सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तथा सबसे कम सात-सात प्रत्याशी देवरिया एवं वाराणसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

**25056877** मतदाता हैं सातवें चरण में कुल | **11744922** महिला मतदाता | **13310897** पुरुष मतदाता

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि सातवें चरण में कुल 2 करोड़ 50 लाख 56 हजार 877 मतदाता हैं, जिसमें पुरुष एक करोड़ 33 लाख 10 हजार 897 तथा महिला एक करोड़ 17 लाख 44 हजार 922 एवं 1,058 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं।

➤ संबंधित खबर P05, 06, 13

### योगी ने की मतदान करने की अपील

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सातवें और अंतिम चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर देश और प्रदेश के सभी मतदाताओं



से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की है। योगी ने कहा की आपका अमूल्य वोट आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनेगा। 'आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत' के निर्माण और 'रामराज्य' की संकल्पना को साकार करने हेतु मतदान अवश्य करें।

➤ P14

# चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद भी बैठक करने का आरोप, हंगामा

जासं, आनंदनगर: फरेंदा के छितही में शुक्रवार की सुबह आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए चुनावी बैठक का मामला प्रकाश में आया है। जिला पंचायत सदस्य अमरनाथ साहनी के विरोध पर पहुंची फोर्स ने बैठक समाप्त करा दिया। आरोप है कि पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह अपने कार्यकर्ताओं के साथ गांव में चुनावी बैठक कर रहे थे। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सपा नेताओं ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी डीएम को दे दी। इसको लेकर पूर्व विधायक व जिला पंचायत सदस्य में बहस भी हुई। किसी ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। उपजिलाधिकारी नवीन कुमार सिंह ने कहा कि घटना की जानकारी नहीं है।

# प्रेक्षक ने पिंक बूथ का किया निरीक्षण

जागरण संवाददाता, निचलौल: जिले की सामान्य प्रेक्षक गुरप्रीत कौर सपरा ने शुक्रवार की शाम मतदान के लिए निचलौल के राम हर्ष इंटरमीडिएट कालेज में बने पिंक बूथ का निरीक्षण किया। उन्होंने बिजली ,पानी सहित सभी जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता देखी। उन्होंने मतदान कराने आई महिला कर्मियों से लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान बूथ पर यदि कोई संदिग्ध दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।



पिंक बूथ का निरीक्षण करतीं सामान्य प्रेक्षक गुरप्रीत कौर सपरा ● जागरण

# वाहनों की भीड़ से जाम रहा फरेंदा मार्ग

महराजगंज। शुक्रवार को मतदान कर्मियों को बूथ के लिए कलक्ट्रेट से रवाना होना था, लेकिन सुबह जब कार्मिक निर्धारित स्थान पर ड्यूटी के लिए निकले तो उन्हें सबसे पहले जाम से जूझना पड़ा।

बड़ौदा यूपी बैंक के पास से कलक्ट्रेट मोड़ तक इस कदर जाम लग गया कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। यातायात पुलिस ने मोर्चा संभाल रखा था, लेकिन एक साथ वाहन आने के कारण स्थिति बिगड़ गई। तेज धूप में लोग जाम में फंसे रहे जिसके कारण लगभग दो घंटे तक तक स्थिति विकट रही। बाद में जब चारपहिया वाहनों को कलक्ट्रेट की ओर जाने से रोका गया तब कहीं जाकर स्थिति में सुधार हुआ।

गर्मी इन दिनों चरम पर है। शनिवार को मतदान तय हैं। इसके लिए कार्मिकों को बूथों की जानकारी देने तथा ईवीएम व अन्य सामाग्री उपलब्ध कराने के लिए कलक्ट्रेट बुलाया गया था। इससे पहले चुनाव ड्यूटी में लगी रोडवेज की बसें व अन्य वाहन सड़क के दोनों तरफ खड़ी कर दिए गए थे।

इसी बीच मतदान कार्मिक जब कलक्ट्रेट की ओर जाने के लिए निकले तो एक साथ बड़ी संख्या में वाहन आने के कारण जाम लग गया। संवाद

# उत्साह से करें मतदान, बनाएं नया रिकार्ड

## प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने मतदातओं को किया जागरूक, मतदान कर बढ़ाएं लोकतंत्र का सम्मान

जागरण संवाददाता, महराजगंजः पांच वर्ष वाद लोकतंत्र का सवसे वड़ा पर्व आया है। यह वह मौका है, जव आम मतदाता को देश की सवसे वड़ी पंचायत में अपनी हिस्सेदारी तय करने का अवसर मिला है। आप अपने मताधिकार का प्रयोग कर अच्छी सरकार चुनेंगे तो अच्छी नीतियां वनेंगी। वेहतर विकास होगा। इस वार ज्यादा से ज्यादा मतदान करके महराजगंज में एक नया इतिहास वनाएं।



एक जून को आप सभी मतदाताओं से निवेदन है, कि अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करें। इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। यह आपका अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। सभी मतदाताओं के लिए बूथों पर बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं।

**अनुनय झा**, जिलाधिकारी



लोकतंत्र के इस पर्व में सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। मतदान को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। लोग निर्भीक होकर मतदान करें और नया इतिहास बनाएं।

**सोमेंद्र मीना**, पुलिस अधीक्षक



अगले पांच वर्ष बेहतर जिंदगी पाने के लिए आधे घंटे का वक्त जरूर निकालें। लोकतंत्र में मतदान का विशेष महत्व है। सभी मतदाता अधिक से अधिक मतदान कर नया रिकार्ड बनाएं।

**डा. पंकज कुमार वर्मा**, अपर जिलाधिकारी



लोकतंत्र में हमारे पास सबसे वोट की ताकत है। इस ताकत का इस्तेमाल करें और बेहतर सरकार चुनें। मतदाताओं से अपील है कि वह ज्यादा संख्या में मतदान करें साथ ही आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

**संतोष कुमार राय**, मुख्य विकास अधिकारी



हमें यह समझना होगा कि मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत होगा। ज्यादा संख्या में लोगों के मतदान करने से न सिर्फ अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव होगा, बल्कि देश भी विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

**डा. राम पांडेय**, प्राचार्य, लाल वहादुर शास्त्री पीजी कालेज आनंदनगर



मतदान आपका अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। सबसे अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें।लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। देश में स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में आपकी भागीदारी सुनिश्चित होगी।

**डा. अजय कुमार मिश्र**, प्राचार्य,जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कालेज महराजगंज

# मारपीट के मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा

जासं,फुलमनहाःबृजमनगंजके हथिगढ़वा में गुरुवार शाम को दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हुई। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने शुक्रवार को चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित राममूरत ने बताया कि गुरुवार शाम को गांव के ही दो युवकों द्वारा पुत्री को अपशब्द कहने पर विरोध जताया जिस पर दोनों युवकों सहित दो युवतियां घर में घुसकर मारपीट करने लगी। थानाध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी ने बताया पीड़ित की तहरीर पर सच्चे, नकुल, रोशनी, शलगाम निवासी हथिगढ़वा के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# गर्भपात करा शादी तोड़ने पर 10 वर्ष कारावास, 1.25 लाख रुपये अर्थदंड

जागरण संवाददाता, महराजगंज : सगाई के बाद मंगेतर के साथ संबंध बनाने और गर्भवती होने के बाद उसका गर्भपात कराकर शादी के समय दहेज के नाम पर शादी करने से मुकरने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पवन कुमार श्रीवास्तव ने आरोपित को दोषी सिद्ध करार देते हुए 10 वर्ष का कारावास और 1.25 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड का भुगतान नहीं करने पर उसे एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

श्यामदेउरवा क्षेत्र की रहने वाले युवती की शादी सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के धनेवा सुकठिया के रहने वाले संदीप के साथ तय हुई थी। श्यामदेउरवा क्षेत्र के ही एक मंदिर पर दो जनवरी 2021 को सगाई की रश्म भी पूरी हुई थी, 11 नवंबर 2021 को शादी की तिथि तय हुई। सगाई के बाद युवक युवती को मंदिर ले जाने के बहाने कई बार अपनी बहन के घर ले गया और उसके साथ संबंध स्थापित किए। जब युवती गर्भवती हो गई तो 20 जून 2021 को आरोपित ने उसका गर्भपात कराने के लिए दवा खिला दिया, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इसके बाद इसकी जानकारी दोनों पक्षों को हो गई, इलाज के बाद जब युवती स्वस्थ हुई तो आरोपित पक्ष ने शादी के लिए नई शर्त रख दी। मुकदमे में विचारण के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सर्वेश्वर मणि त्रिपाठी ने साक्ष्य व गवाहों के आधार पर बहस करते हुए सजा की मांग की। जिसपर न्यायालय ने आरोपित को दोषी सिद्ध करते हुए सजा सुनाई है।

# एकतरफा प्यार में हुई थी किशोरी की हत्या

## पनियरा के नरकटहां टोला रजही का मामला, मोबाइल काल डिटेल से खुला घटना का राज

जागरण संवाददाता, महराजगंजः पनियरा थाना क्षेत्र के नरकटहां टोला रजही गांव में बीते बुधवार की रात 10वीं की छात्रा की हत्या गांव के ही एक सिरफिरे ने एक तरफा प्यार के चक्कर में की थी। पुलिस ने गांव के ही आरोपित रामआशीष निषाद को शुक्रवार की सुबह अकटहवा पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।

बुधवार की रात में किशोरी के नए मकान पर मिट्टी गिराने का कार्य चल रहा था। वहां पर किशोरी अपने भाई के साथ मिट्टी गिरवा रही थी। इसके बाद दोनों उसी झोपड़ी वाले मकान पर ही सो गए।

गुरुवार की सुबह संजना का शव मकान से 50 मीटर दूरी पर मिला था। जिसके बाद पुलिस की टीमें जांच में जुटी थीं। पनियरा थानाध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित मृतका के घर आता-जाता था। वह संजना से एक तरफा प्यार करता था। वह संजना से उसके अलावा अन्य से वार्ता बातचीत करने को लेकर आक्रोशित था। बुधवार की रात को भी वह पीड़िता के घर के इर्द-गिर्द देखा गया था।



पनियरा थाने पर गिरफ्तार आरोपित के साथ पुलिस टीम● जागरण

- शुक्रवार की सुबह अकटहवा पुल के पास आरोपित की हुई गिरफ्तारी
- किशोरी के घर आता जाता था, दूसरे से बात करने पर था नाराज

रात में मोबाइल से उसने पहले किशोरी को घर से बाहर बुलाया फिर दोनों में विवाद हो गया। जिसके बाद हाथापाई हुई और आरोपित ने ईंट से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया, आरोपित ताबड़तोड़ हमला करने के बाद मौके से भाग निकला। थानाध्यक्ष निर्भय सिंह ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय चालान किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# प्रेमी ने की थी किशोरी की हत्या

## आधी रात मिलने पहुंची थी, पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महराजगंज।** पनियरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव के सिवान में बृहस्पतिवार को एक किशोरी का शव मिला था। पुलिस ने केस दर्ज कर शुक्रवार को आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया।

वहीं पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए कहा की आरोपी प्रेमी ने प्रेमिका के सिर पर ईंट से वार कर उसकी हत्या की थी। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

घटना का खुलासा करते हुए पनियरा थाना प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने कहा की क्षेत्र के एक गांव में आबादी से करीब 50 मीटर दूर खेत में बृहस्पतिवार को किशोरी का शव मिला था। उसके सिर पर चोट के निशान थे। शव को पोस्टमार्टम भेजने के साथ ही संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया। शव के पास से बरामद मोबाइल फोन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई।

इस दौरान पता चला की किशोरी के मोबाइल फोन पर रात करीब दो बजे गांव के ही रहने वाले उसके प्रेमी का मैसेज आया था। इसके बाद किशोरी प्रेमी से मिलने सिवान में पहुंची गई। दोनों में किसी बात को लेकर बहस छिड़ गई।

इससे प्रेमी नाराज हो गया और ईंट के टुकड़े से किशोरी के सिर पर कई ताबड़तोड़ हमला कर उसे मार डाला। उसके बाद मौके से भाग निकला। मुखबिर की सूचना पर आरोपी प्रेमी युवक को अकटहवां पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# ईवीएम में कैद होगा आठ प्रत्याशियों का भाग्य

## 20 लाख वोटर करेंगे मतदान, शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए बूथों पर डटे कर्मी

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** लोकसभा चुनाव की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। आज 20 लाख मतदाता आठ प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। लोकतंत्र के महापर्व में इस बार शहर के युवाओं में उत्साह देखते ही बन रहा है। युवा पहली बार मतदान करके लोकतंत्र के महापर्व में अपना योगदान देंगे।

चुनाव कराने के लिए 9168 कर्मी बूथों पर डटे हैं। सभी बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के घेरे में बूथ रहेंगे। इसके अलावा पिंक बूथों पर महिलाएं तैनात रहेंगी। 15,347 दिव्यांग वोटरों के सहयोग के लिए एनसीसी कैडेट, स्काउट गाइड तैनात रहेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोन मजिस्ट्रेट, सुपर जोनल मजिस्ट्रेट समेत अन्य अधिकारी तैनात रहेंगे।

जनपद में 12 हजार पुलिस कर्मी सुरक्षा में लगे हैं। 17 कंपनी सीपीएमएफ, चार कंपनी पीएसी, 553 इंस्पेक्टर और दरोगा, 3335 पीआरडी और अन्य पुलिस कर्मी चुनाव ड्यूटी में लगे हैं। दूसरे जनपद से दूसरे जनपद से एक एएसपी और [illegible] 2084 बूथों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच चुकी हैं। सबसे पहले सुबह [illegible] पार्टी रवाना की गई।



ईवीएम लेकर मतदान केंद्र पर जाते मतदान कर्मी। संवाद

### चुनाव को लेकर सरहद पर चौकसी तेज

**सोनौली।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारत नेपाल की प्रमुख सीमाएं मतदान के दिन सील कर कर दी जाएंगी। शनिवार को मतदान को लेकर सीमा पर चौकसी तेज कर दी गई है। नेपाल से भारत आने जाने वाले यात्रियों को जांच के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। बुधवार की शाम 6 बजे मतदान के 72 घंटे पूर्व प्रशासन ने भारत-नेपाल सीमा सील कर दिया था। बृहस्पतिवार दोपहर एक बजे 18 घंटे के बाद बॉर्डर को खोल कर अवागमन सामान्य किया गया। शुक्रवार को भी आवागमन सामान्य रहा दोनों तरफ से वाहनों एवं यात्रियों को जांच के बाद भेजा गया। शनिवार को मतदान होना है जिसको लेकर सरहद पर चौकसी तेज की गई है। सीमा के मुख्य मार्ग सहित पगडंडियों पर एसएसबी जवानों का पहरा लगा है। शुक्रवार रात 10 बजे बॉर्डर को फिर से बंद किया गया। शनिवार को मतदान होने के बाद स्थिति सामान्य हो जाएगी। संवाद

**जानिए अपने प्रत्याशी को एक** [illegible] : सांसद पंकज चौधरी का [illegible] राजनीतिक सफर गोरखपुर नगर [illegible] बढ़ता चला गया।

### महराजगंज संसदीय क्षेत्र

आंकड़ों पर नजर

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता- | 20,04050 |
| पुरुष- | 10,55,607 |
| महिला- | 9,48,367 |
| थर्ड जेंडर- | 90 |
| मतदान केंद्र : | 1134 |
| मतदान स्थल: | 2084 |

### विधानसभा क्षेत्र युवक युवतियां (18 से 20 तक)

| | | |
|---|---|---|
| सदर– | 2882– | 1809 |
| फरेंदा– | 2021– | 1177 |
| नौतनवा– | 2452– | 1726 |
| सिसवा – | 2475– | 1853 |
| पनियरा– | 2451– | 1823 |

### जिले में विधानसभावार मतदाता एक नजर में

- फरेंदा–360318
- नौतनवा-379444
- सिसवा–398463
- महराजगंज-425144
- पनियरा–432777

# राजनीतिक दल का झंडा लगा अवैध खनन

## लोगों के विरोध पर मारपीट पर हुए उतारू, सूचना मिलने पर पुलिस ने कराया बंद

महराजगंज। श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत परतावल में अवैध मिट्टी खनन का कार्य जोरों पर चल रहा है। रात-दिन मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़कों पर फर्राटा भर रही है।

परतावल कप्तानगंज मार्ग पर पुराना सिनेमा हॉल के पीछे स्थित एक पोखरे में जेसीबी से मिट्टी खुदाई का कार्य चल रहा था। लगभग 20 ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से नगर के परतावल चौक और बाजार में मिट्टी की बिक्री की जा रही थी।

कार्रवाई से बचने के लिए खनन माफियाओं ने सभी ट्रैक्टर ट्रॉली पर एक राजनीतिक दल का बड़ा-बड़ा झंडा लगाया था। कस्बे के कुछ लोगों ने इसका विरोध किया तो जेसीबी मालिक ने सत्ता पक्ष के एक बड़े नेता का करीबी बताते हुए मारपीट करने पर आमादा हो गया। लोगों ने इसकी शिकायत खनन अधिकारी से की साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया। शिकायत के बाद स्थानीय पुलिस ने आनन-फानन मिट्टी खनन बंद करा दिया।

खनन अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इधर चुनाव में ड्यूटी लगी है। चुनाव के पश्चात खनन माफियाओं पर कार्रवाई होगी। संवाद

# चुनाव ड्यूटी में आए होमगार्ड जवान की मौत

**महराजगंज।** लोकसभा चुनाव के लिए ड्यूटी में आए एक होमगार्ड जवान की शुक्रवार को इलाज के दौरान गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद गृह जनपद बागपत भेजा गया।

जिला कमांडेंट होमगाड्र्स विंध्याचल पाठक से मिली जानकारी के मुताबिक, बागपत जिले के रहने वाले होमगार्ड जवान जय भगवान गोस्वामी गाजियाबाद जिले से चुनाव ड्यूटी कर महराजगंज आए थे।

जिले के पनियरा विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 170 प्राथमिक विद्यालय पिपरपाती पर होमगार्ड जवान की ड्यूटी लगी थी।

अचानक तबीयत बिगड़ गई। इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं निर्वाचन ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर निर्वाचन आयोग से आश्रित परिजन को मिलने वाली सहायता राशि रुपये 15 लाख के लिए प्रस्ताव को जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से निर्वाचन आयोग को भेज दिया जाएगा। संवाद

# बच्चों के विवाद में मारपीट का आरोप

**ठूठीबारी।** धरमौली गांव में बच्चों के विवाद में चार लोगों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट, मारने-पीटने, धमकी देने के संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। सुमन कन्नौजिया ने बताया की मेरे घर के बगलगीर छोटू के बच्चे हमारे दरवाजे पर आए थे। हमारे बच्चे के द्वारा छोटू के बच्चों को घर से जाने के लिए कहा गया कि नाराज होकर छोटू व छोटू की पत्नी, मोहर्रम, शकीरुनिशा हमारे घर आकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देने लगे। संवाद

# बकरी चुराकर भाग रहे आरोपी की पिटाई

**परसामलिक।** नौतनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर टोला मोतीपुर में शुक्रवार की दोपहर में बकरी चुराकर भाग रहे एक आरोपी को परिजनों व ग्रामीणों ने पकड़कर धुनाई के बाद छोड़ दिया। नौतनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर टोला मोतीपुर निवासी रितेश चौधरी की बकरी शुक्रवार की दोपहर मिल मे बंधी हुई थी। घर पर कोई नहीं था। सुनसान देखकर एक बकरी चोर बकरी को मिल से निकलकर साइकिल में बकरी की डोरी बांधकर सिवान के रास्ते जा रहा था। संवाद

# आपराधिक गतिविधियों में दो के खिलाफ केस

**महराजगंज।** पनियरा थाना क्षेत्र के जंगल बाकी के धवयी बीट में तैनात वनरक्षक विशाल गौड़ की तहरीर पर प्राणेश शुक्ला निवासी नगरौली परतावल थाना क्षेत्र श्यामदेउरवां व आदित्य दूबे निवासी सिविल लाइंस बस्ती थाना क्षेत्र गांधी नगर को वन क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियां करने को लेकर केस दर्ज हुआ है। यह जानकारी थानाध्यक्ष निर्भय सिंह ने दी। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-06-2024

# पूराक्षेत्र तम्बाकू निषेध एरिया घोषित

**बस्ती/कलवारी (एसएनबी)।** आईजी आरके भारद्वाज द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सम्पूर्ण रेन्ज कार्यालय एवं आवासीय परिसर को तम्बाकू निषेध एरिया घोषित किया गया है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस यानी वर्ल्ड नो-टोबैको डे के अवसर पर सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 में प्रदत्त अधिकार के अन्तर्गत पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र रामकृष्ण भारद्वाज द्वारा सम्पूर्ण परिक्षेत्रीय कार्यालय एवं आवासीय परिसर को नो स्मोकिंग, नो टूबैको एरिया घोषित किया गया। यदि किसी बाहरी व्यक्ति या किसी अधिकारी-कर्मचारी को कार्यालय परिसर-आवासीय परिसर में पान, गुटखा खाकर थूकते अथवा बीड़ी, सिगरेट पीते-तंबाकू का सेवन करते पाया गया तो 200 रुपये जुमनि देय होगा । **तम्बाकू निषेध दिवस पर कर्मचारियों ने ली शपथ : कलवारी :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर में शुक्रवार को तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. पवन वर्मा ने कहा कि तम्बाकू के सेवन से होने वाली मौतों की संख्या में लगातार होने वाली बढ़ोत्तरी को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने साल 1987 में तम्बाकू निषेध दिवस मनाने का फैसला किया था जिसके बाद साल 1988 में पहली बार विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। हालांकि बाद में इसे मनाने के लिए मई माह निर्धारित किया गया। ब्लाक प्रबन्धक कम्युनिटी प्रोसेस शिव भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि तम्बाकू का इस्तेमाल न केवल शरीर को खोखला करता है। बल्कि यह कैंसर जैसी भयावह बीमारी को भी दावत देता है। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. पवन वर्मा ने कर्मचारियों को तम्बाकू सेवन न करने के लिए शपथ भी दिलवाया। शपथ ग्रहण के दौरान मुख्य रूप से यूनिसेफ के अतुल उपाध्याय, डब्ल्यू एचओ मनिटर शिव शंकर सिंह, यूपीटीएसयू के विशाल पाण्डेय, चन्द्र प्रकाश, अभय पाण्डेय, शशांक सिंह, जितेन्द्र सिंह, प्रशान्त श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ लेते कर्मचारीगण।

# शव की आशंका पर फैली सनसनी, बोरे में मिले मरे मुर्गे

**गायघाट।** लालगंज क्षेत्र के डिहुकपुरा मोड़ पर रामजानकी मार्ग के किनारे शुक्रवार की देर शाम संदिग्ध अवस्था में खून से लथपथ जूट के तीन बोरे दिखे। उसमें खून रिसता देख लोगों में सनसनी फैल गई। बोरों से उठ रही दुर्गन्ध से लोगों ने शव होने का अनुमान लगाया। लोगों ने इसकी सूचना चौकी इंचार्ज कुदरहा सुदीप यादव को दी। सुदीप यादव और थाना प्रभारी लालगंज सुनील गौड़ मौके पर पहुंचे। बोरे में मरे हुए मुर्गे मिले। इन मुर्गो को जमीन में गाड़ने की जिम्मेदारी प्रधान बृजेश को देकर पुलिस लौट गई।

# एएसपी ने मुण्डेरवा थाने का किया निरीक्षण

**बस्ती (एसएनबी)।** अपर पुलिस अधीक्षक आधी रात को मुण्डेरवा थाना पर अचानक पहुंच गये जहां उन्होंने थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एएसपी ने कार्यालय सहित थाना परिसर की बारीक के साथ जांच की। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत क्षेत्र की शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए मातहतो को जरूरी दिशा निर्देश भी दिया। बीती मध्य रात्रि को अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह अपने काफिले के साथ थाना मुंडेरवा पहुंचे जहां पर उन्होंने औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना कार्यलय, मेस, मालखाना, बैरक, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, हवालात ,सीसीटीएनएस कार्यालय आदि का निरीक्षण कर अभिलेखों के उचित रख-रखाव व थाना परिसर की साफ-सफाई हेतु संबंधित को आदेशित किया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष -2024 में होने वाले मतगणना के दृष्टिगत थाने पर उपस्थित समस्त अधिकारी-कर्मचारीगण को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु व मत मतगणना सकुशल सम्पन्न कराने हेतु शासन-प्रशासन से प्राप्त आवश्यक दिशा-निर्देश से अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष मुंडेरवा व समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।



मुण्डेरवा थाना कार्यालय के अभिलेखो की जांच करते एएसपी ओपी सिंह।

# पुराने विवाद को लेकर युवक की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** पुराने विवाद को लेकर विपक्षियों ने एक युवक को गालियां देते हुए उसकी जमकर पिटाई किया तथा जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थानान्तर्गत कोठवा भरतपुर गांव में पुराने विवाद की बात को लेकर पिन्टू को विपक्षी संदीप व उसके भाई मंजीत ने मिलकर गालियां देते हुए राड व पाइप से उसे मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित पिन्टू पुत्र रामकेश चौहान निवासी कोठवाभरतपुर थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी संदीप, मंजीत पुत्रगण अमरजीत निवासीगण कोठवाभरतपुर थाना नगर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# शादी का झांसा देकर युवती को भगाया, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** शादी का झांसा देकर एक युवती को उसके प्रेमी द्वारा बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। इस सम्बन्ध में लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थाने पर लिखित तहरीर देकर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 17 साल की बेटी को आरोपी रजनीश कुमार शादी करने का झांसा देकर बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। जिसकी खोजबीन के बाद दोनो कप्तानगंज चौराहे पर मिले थे। मामले में नगर थाने की पुलिस ने आरोपी रजनीश कुमार पुत्र धर्मेन्द्र निवासी फुलवरिया निषाद थाना के विरुद्ध धारा 363, 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट के मामले में तीन नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी रंजिश की बात को लेकर विपक्षियों ने एक युवक को गालियां देते हुए जमकर पिटाई किया तथा जानमाल की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थानान्तर्गत कुसौरी नहर के पास पुरानी रंजिश की बात को लेकर भगवान दीन को विपक्षी अशफाक उर्फ पिंकू पुत्र बेलाल अहमद के कहने पर बबलू व गुड्डू पुत्र सईद अहमद द्वारा गालियां देते हुये मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित भगवानदीन पुत्र रामनाथ निवासी कम्हरिया (बड़ा पुरवा) थाना कलवारी अशफाक उर्फ पिंकू पुत्र बेलाल अहमद थाना कलवारी, बबलू निवासीगण कुसौरा थाना कलवारी तथा गुड्डू पुत्र सईद अहमद निवासी सरैया (छोटी) थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# चोर को 25 माह के कारावास की सजा

**बस्ती (एसएनबी)।** चोरी के आरोप में जेल में बन्द एक व्यक्ति को न्यायालय ने सुनाई के बाद दोषी पाया जिसे 25 माह के कारावास की सजा सुनाई। यह कार्यवाही पुलिस महानिदेशक उप्र द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल तथा थाना कोतवाली पुलिस के प्रयास से की गयी। थाना कोतवाली पर पंजीकृत धारा 379, 411 आईपीसी के सम्बन्ध में निरूद्ध आरोपी नीरज पाण्डेय पुत्र रामप्रकाश पाण्डेय निवासी बडहर कलां थाना हरैया व दो अन्य के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ था। विवेचक द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना कोतवाली पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से न्यायालय जेएम द्वितीय, बस्ती द्वारा अभियुक्त नीरज पाण्डेय पुत्र रामप्रकाश पाण्डेय को उनके दोष सिद्धि पर 25 माह के दण्ड से दण्डित किया गया।

# दुष्कर्म के आरोपी को दस वर्ष की सजा

**बस्ती (एसएनबी)।** दुष्कर्म मामले के एक आरोपित को न्यायालय ने शुक्रवार को दस वर्ष कारावास व 30 हजार रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई। यह कार्यवाही आपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल व थाना सोनहा द्वारा की गयी प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप की गयी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2013 में सोनहा थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देकर एक महिला ने आरोप लगाया था कि आरोपी राम सुरेश पुत्र कालीदीन निवासी अल्हे कुइयां थाना सोनहा द्वारा उसके साथ जबरन बलात्कार किया गया। इस सम्बन्ध में सोनहा पुलिस ने आरोपी राम सुरेश के विरूद्ध धारा 376 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया था। विवेचक निरीक्षक शिवाकांत मिश्रा द्वारा विवेचना पूर्ण करते हुए आरोप पत्र न्यायालय को प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना सोनहा पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय एएसजे-फास्ट ट्रैक प्रथम बस्ती द्वारा अभियुक्त राम सुरेश पुत्र कालीदीन को उसके जुर्म के लिए 10 वर्ष के कठिन कारावास व 30 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

# चोरी के मामले में दो आरोपियों को सजा

**बस्ती (एसएनबी)।** चोरी की घटना को कारित करने के मामले में आपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल तथा थाना पुरानी व थाना हर्रैया पुलिस द्वारा की गयी सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप दो आरोपियों को अर्थदण्ड सहित जेल में पूर्व में बितायी गयी अवधि की सजा न्यायालय द्वारा सुनाई गयी है। थाना पुरानी बस्ती पर वर्ष 2022 में पंजीकृत धारा 457, 380 आईपीसी के तहत अभियुक्त अवधेश पुत्र पारसनाथ निवासी सरायघाट थाना कोतवाली के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ था। विवेचक द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना पुरानी बस्ती पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से न्यायालय एसीजेएम 1, बस्ती द्वारा आरोपी अवधेश पुत्र पारसनाथ को उनके दोष सिद्धि पर पूर्व में बिताई अवधि व 5000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इसी प्रकार एक अन्य समाचार के अनुसार थाना हरैया पर वर्ष 2016 में पंजीकृत धारा 380, 411 आईपीसी से संबंधित नीरज पाण्डेय पुत्र रामप्रकाश पाण्डेय निवासी बडहर कलां थाना हरैया के विरुद्ध विवेचक द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पैरवी सेल बस्ती एवं थाना हर्रैया पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से न्यायालय एसीजेएम 1, बस्ती द्वारा नीरज पाण्डेय पुत्र राम प्रकाश पाण्-डेय को उनके दोष सिद्धि पर पूर्व में बिताई अवधि व 100 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वहीं पुलिस ने यह भी बताया कि आरोपी नीरज के पास से मौके पर अवैध हथियार भी बरामद किया गया था। जिस पर 325 आयुध अनियम के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके लिए न्यायालय ने 500 रुपये अर्थदण्ड के साथ पूर्व में जेल में बिताये गये अवधि की सजा सुनाई है।

# राजकीय सम्मान के साथ गयी विदायी



**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस लाइन में तैनाम जवान की 18 माह पूर्व एक सड़क हादसे में गम्भीर रूप से जख्मी जख्मी हो जाने के कारण लम्बे उपचार के दौरान गुरूवार की दोपहर बाद करीब 3 बजे निधन हो गया। जिसे पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी व अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह द्वारा पुलिस लाइन में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अन्तिम विदाई दी गयी तथा नम आंखो से दो मिनट का मौन रखा गया। पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षीय सशस्त्र पुलिस बल प्रदीप कुमार राव पुत्र रामानुज राव निवासी ग्राम हाटा थाना भलुवनी जनपद देवरिया का बीते 30 मई की दोपहर बाद करी 3 बजे देहांत हो गया। जिन्हें पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी व अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह द्वारा पूरे राजकीय सम्मान के साथ नम आंखो से दो मिनट का मौन रखते हुए अन्तिम विदाई दी गई। इस मौके पर रिजर्व इन्सपेक्टर /पीआरओ बस्ती व पुलिस लाइन में कार्यरत अन्य अधिकारी कर्मचारीगण के साथ शोक संतप्त परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्य आरक्षी प्रदीप कुमार राव वर्ष 1992 के बैच में आरक्षी पद पर भर्ती हुए थे। उनका 18 माह पूर्व सड़क हादसा हो गया था जिसमें वह गम्भीर रूप से जख्मी हो कर कोमा में ले गये थे। उपचार के बाद स्वस्थ्य होने के बाद इनका दवा इलाज चल रहा था। गुरूवार को अचानक प्रदीप कुमार राव की तबीयत बिगड़ जाने के कारण देहांत हो गया।

# सेवा निवृत्त उप निरीक्षक को दी गयी विदायी

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस विभाग से अपनी सम्पूर्ण सेवा काल को पूर्ण करने के उपरान्त सेवा निवृत्त हुए उप निरीक्षक पृथ्वीपाल को पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने उप निरीक्षक पृथ्वीपाल की उपहार देकर विदाई की गई। जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन सभागार कक्ष में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी हेतु विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां पुलिस लाइन में तैनाम उप निरीक्षक पृथ्वीपाल पुलिस विभाग में अपना सम्पूर्ण सेवा काल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त हुए। उन्हे अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह द्वारा घड़ी व प्रशस्ति पत्र उपहार स्वरूप प्रदान कर विदा किया गया तथा उनके अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी। इस दौरान विदाई समारोह में पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# प्राण घातक हमला के आरोपी को पांच साल की सजा

**बस्ती (एसएनबी)।** सरकारी कर्मचारी की हत्या करने की नियत से प्राण घातक हमला करने के एक आरोपित को न्यायालय ने शुक्रवार को पांच वर्ष के कारावास व 12 हजार रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई। यह कार्यवाही आपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल व थाना लालगंज द्वारा की गयी प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप की गयी। थाना लालगंज पर वर्ष 2020 में लिखित तहरीर देकर एक लोक सेवक ने आरोप लगाया था कि विपक्षी अखिलेश पुत्र राम सुमेर निवासी गेगौरा थाना मुंडेरवा द्वारा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए उसके ऊपर प्राण घातक हमला किया गया। जिसके आधार पर थाना लालगंज पर धारा 307, 353, व 186 आईपीसी के तहत आरोपी अखिलेश पुत्र राम सुमेर के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। जिसमें विवेचक उप निरीक्षक सत्यप्रकाश यादव द्वारा विवेचना पूर्ण करते हुए आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना लालगंज पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय एएसजे-फास्ट ट्रैक प्रथम बस्ती द्वारा आरोपी अखिलेश पुत्र राम सुमेर को उसके जुर्म के लिए 5 वर्ष के कठिन कारावास व 12 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

# पीड़िता ने लगायी न्याय की गुहार

**बस्ती (एसएनबी)।** दुबौलिया थाना क्षेत्र की अजगरा निवासिनी पूनम देवी तिवारी पत्नी अमरनाथ तिवारी ने पुलिस उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारने-पीटने और बेटे को जान से मार देने की धमकी मामले में दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के साथ अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है। भेजे पत्र में पूनम देवी तिवारी ने कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर गत 28 मई को स्विप्ट डिजायर गाडी व मोटर साईकिलों पर सवार होकर रात्रि लगभग 7.30 बजे उसके घर अजगरा पहुंचे और अचानक भद्दी-भद्दी गालियां देते हुये उसे, उनकी लड़की अनामिका तिवारी, चंदा तिवारी पुत्र प्रिंस को मारा पीटा। इस दौरान संदीप तिवारी ने पूनम देवी तिवारी के कान की बाली, गले का मंगलसूत्र, छीन लिया। उक्त लोग मारपीट की आवाज सुनकर जब गांव के लोग इकट्ठा हो गये तो गाडी से धमकी देते हुये भाग गये । मामले की सूचना महिला हेल्प लाइन नम्बर 1090 पर फोन किया और पुलिस के हेल्प लाइन नम्बर 112 और मुख्यंमंत्री हेल्प लाइन नम्बर 1076 पर सूचना दी गई। कुछ देर बाद पुलिस की गाड़िया गांव में पहुची और उक्त लोगों की तलाश किया किन्तु वे मौके से भाग चुके थे। पत्र में पूनम देवी तिवारी ने कहा है कि वह अपने बड़े बेटे आशुतोष उर्फ अनुज को लेकर दुबौलिया थाने पर गई। रात काफी हो जाने पर कुछ लोगों ने बताया कि कल आना। पूनम ने पत्र में कहा है कि पुलिस ने चोटों का मुआयना भी नहीं कराया। उसके पास घटना की वीडियो भी है। मांग किया है कि दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई के साथ ही उसके परिवार के जान माल की रक्षा सुनिश्चित कराया जाय।

# पेट्रोल पम्प लूट के दो आरोपी गिरफ्तार



**बस्ती (एसएनबी)।** सोनहा थानाक्षेत्र के मलपुरवा स्थित भारत पेट्रोल पम्प पर हुई लूट की घटना में सोनहा थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार मिश्र तथा स्वाट टीम प्रभारी उप निरीक्षक उमाशंकर त्रिपाठी की टीम के संयुक्त कार्यवाही में मुख्य आरोपी सहित उसके एक और साथी को गिरफ्तार किया गया। जिनके निशानदेही पर लूटे हुए सामान को बरामद करते हुए थाने से विधिक कार्यवाही पूर्ण कर संबंधित न्यायालय भेजा गया है। सोनहा थाना क्षेत्र के मलपुरवा भारत पट्रोल पंप पर बीते 10 मार्च की रात्रि में चोरी की वारदात में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त सुरेन्द्र यादव उर्फ सोनू पुत्र राम अजोर यादव निवासी ग्राम कडज़हना थाना रुधौली तथा उसके साथी विकास पाण्डेय पुत्र सुखदेव पाण्डेय निवासी ग्राम रामनगर कठौतिया थाना सोनहा को सोनहा थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार मिश्र व स्वाट टीम प्रभारी उप निरीक्षक उमाशंकर त्रिपाठी की टीम ने बनवधिया मोड़ से गिरफ्तार किया। दोनो आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के मानीटर, प्रिन्टर व की बोर्ड को बरामद किया। जिसके बाद पुलिस ने दोनो आरोपियों पर थाना सोनहा में धारा 411 आईपीसी की बढोत्तरी करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही करने के उपरान्त न्यायालय रवाना किया गया । गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सोनहा उपेन्द्र कुमार मिश्रा व स्वाट टीम प्रभारी उप निरीक्षक उमाशंकर त्रिपाठी के साथ ही उप निरीक्षक तारकेश्वर यादव, मुख्य आरक्षी देवानन्द यादव थाना सोनहा, मुख्य आरक्षी रमेश चौहान, मुख्य आरक्षी पवन तिवारी, आरक्षी किशन सिंह, आरक्षी अभिलाष प्रताप सिंह, आरक्षी शुभेन्दू तिवारी स्वाट टीम मौजूद रहे।

# विधवा से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 10 वर्ष की सजा

बस्ती, निज संवाददाता। फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरि की अदालत ने विधवा के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में 10 वर्ष सश्रम कारावास व 30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं अदा करने पर दो वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

शासकीय अधिवक्ता वेदप्रकाश पांडेय व अमर बहादुर पाल ने अदालत को बताया कि सोनहा थानाक्षेत्र की एक विधवा महिला ने कोर्ट के माध्यम से थाना सोनहा में मुकदमा पंजीकृत करा कर कहा कि उसके पति की एक वर्ष पहले मृत्यु हो गई है। उसका पड़ोसी राम सुरेश दबंगई के बल पर उसके साथ बलात्कार किया। 13 मई 2013 को रात 10 बजे राम सुरेश व उसकी पत्नी सुखपाती उसके घर में घुसकर मारा पीटा और धमकी दी कि शिकायत करोगी तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दोनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया, बाद में अंतिम रिपोर्ट लगा दी।

पुर्नविवेचाना के बाद पुलिस ने रामसुरेश के विरुद्ध दुष्कर्म के मामले में आरोप-पत्र कोर्ट में दाखिल किया। न्यायाधीश ने साक्ष्य के आधार पर रामसुरेश को दुष्कर्म के मामले में दोषी मानते हुए 10 वर्ष की सजा सुनाई।

# जेल अपीलों में सजा निलंबित करने की प्रार्थना क्यों नहीं

**अदालत से**

प्रयागराज, विधि संवाददाता। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि सजायाफ्ता बंदियों की ओर से दाखिल होने वाली जेल अपील में उनकी सजा निलंबित किए जाने और अपील लंबित रहने के दौरान ज़मानत पर रिहा करने की प्रार्थना क्यों नहीं की जाती है। कोर्ट ने प्रदेश सरकार को इस मामले में हलफनामा दाखिल कर जानकारी देने का निर्देश दिया है। साथ ही यह पूछा है कि क्या इस संबंध में सरकार के पास कोई सिस्टम उपलब्ध है। यदि ऐसा नहीं है तो इसके संबंध में गाइडलाइन जारी की जाए।

फर्रुखाबाद के चंद्रसेन की जेल अपील पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति समित गोपाल ने कहा कि ऐसा देखने में आ रहा है कि जेल में बंद कैदियों की ओर से जो अपील जेल सुपरिंटेंडेंट के माध्यम से भेजी जाती है उनमें अपील पर सुनवाई के साथ-साथ अपील लंबित रहने के दौरान सजा को निलंबित करने और अभियुक्त को जमानत पर छोड़ने की प्रार्थना नहीं होती है। यदि ऐसी प्रार्थना की जाए तो अभियुक्त की सज़ा निलंबित करने और जमानत पर उसे रिहा करने का आदेश दिया जा सकता है । मगर अपील के साथ यह दोनों प्रार्थनाएं नहीं होती है और बाद में जब कभी विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नियुक्त अधिवक्ता ऐसा प्रार्थना पत्र देते हैं तो इस पर निर्णय करने में समय लगता है व कई बार अदालत अभियुक्त को रिहा कर पाने की स्थिति में नहीं होती है। यदि अपील दाखिल करते समय ही ऐसी प्रार्थना की जाए तो कोर्ट उसपर तत्काल सुनवाई कर सकती है।

## अपराध का संज्ञान लेते समय नहीं बढ़ा सकते धाराएं

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि अपराध का संज्ञान लेते समय जज धाराएं नहीं बढ़ा सकते हैं। कोर्ट ने विशेष न्यायालय मथुरा के आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें उन्होंने अपराध के संज्ञान के दौरान हत्या का प्रयास और गंभीर चोट पहुंचाने की धाराएं बढ़ा दी थीं। न्यायमूर्ति मनोज बजाज की पीठ ने उषा, राजकुमार व लक्खी सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। याची के अधिवक्ता आशुतोष शर्मा ने पक्ष रखा। मथुरा निवासी उषा, राजकुमार व लक्खी सिंह व अन्य पर एससीएसटी एक्ट, मारपीट सहित अन्य धाराओं में 24 अक्तूबर 2022 को केस दर्ज कराया गया था।

## हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह, डीजीपी बोर्ड अध्यक्ष से मांगा जवाब

# हेड कांस्टेबल को प्रोन्नति न देने पर जवाब तलब

प्रयागराज, विधि संवाददाता। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश में तैनात हेड कांस्टेबल, ड्राइवरों एवं हेड कांस्टेबल सशस्त्र पुलिस को दरोगा के पद पर पदोन्नति न देने के मामले में पुलिस विभाग के आला अधिकारियों से जवाब मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने प्रमुख सचिव गृह, डीजीपी, पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष, डीआईजी स्थापना/कार्मिक और एडीजी लॉजिस्टिक से आठ सप्ताह में जवाब मांगा है।

कोर्ट ने पूछा है कि याचियों को अभी तक उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत क्यों नहीं किया गया जबकि उनसे जूनियर बैच के आरक्षी सिविल पुलिस में उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत हो चुके हैं। प्रयागराज, आगरा, कानपुर नगर, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, मुजफ्फरनगर, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर, बांदा, मिर्जापुर व कई अन्य जिलों में तैनात सैकड़ों मुख्य आरक्षी ड्राइवरों एवं मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस ने याचिकाएं दाखिल कर समानता के अधिकार के तहत उपनिरीक्षक ड्राइवर व उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस के पद पर पदोन्नति देने की मांग की है।

याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं एडवोकेट अतिप्रिया गौतम का तर्क था कि सभी याची वर्ष 1984 से वर्ष 1990 के बीच आरक्षी पद पर पीएसी में भर्ती हुए थे। बाद में उन्हें पीएसी से सशस्त्र पुलिस में वर्ष 2000- 2002 में स्थानांतरित कर दिया गया। उसके बाद याचियों ने ड्राइवर का कोर्स किया एवं उन्हें आरक्षी चालक के पद पर नियुक्ति दी गई। सभी याचियों को वर्ष 2017-2018 में मुख्य आरक्षी ड्राइवर के पद पर प्रोन्नति प्रदान की गई। याचिकाओं में कहा गया कि याचियों से सैकड़ों जूनियर आरक्षी 1991 बैच तक के उपनिरीक्षक के पद पर सिविल पुलिस में पदोन्नत हो चुके हैं। याची 1984 से 1990 बैच तक के आरक्षी हैं लेकिन उन्हें उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति नहीं दी गई है, जो समानता के अधिकार के विरुद्ध है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह पर निर्णय सुरक्षित

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में दाखिल 18 दीवानी मुकदमों की पोषणीयता पर फैसला सुरक्षित कर लिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने विभिन्न पक्षकारों को सुनने के बाद शुक्रवार को दिया है। शुक्रवार से पहले कोर्ट में 29 कार्य दिवसों पर हुई सुनवाई में मस्जिद पक्ष की ओर से 1991 के प्लेसेस ऑफ वरशिप एक्ट, लिमिटेशन एक्ट, वक्फ एक्ट और स्पेसिफिक रिलीफ एक्ट का हवाला देकर कहा गया कि यह विवाद इन चारों एक्ट से बाधित है इसलिए मंदिर पक्ष की ओर से दाखिल डेढ़ दर्जन मुकदमों पर हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं की जा सकती।

# पुलिस कर्मी पर हमले के दोषी को कारावास

**फैसला**

बस्ती, निज संवाददाता। फॉस्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरि की अदालत ने पीआरबी पुलिस कर्मी के ऊपर जानलेवा हमला करने के मामले में मुंडेरवा थानाक्षेत्र के गंगौरा गांव निवासी अखिलेश को पांच वर्ष का सश्रम कारावास व 7500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं अदा करने पर 18 माह 15 दिनों की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

शासकीय अधिवक्ता वेदप्रकाश पांडेय व अमर बहादुर पाल ने अदालत को बताया कि पांच अक्टूबर 2020 को डॉयल-112 पर सूचना मिली। सूचना पर पीआरबी के प्रभारी रविंद्र राय, कांस्टेबल चालक सत्येंद्र नाथ यादव व अन्य पुलिसकर्मी थालापार शिवमंदिर पर पहुंचे तो मंदिर पर एक व्यक्ति मिला। उस आदमी ने लोहे के त्रिशूल को उठाकर जान से मारने की नीयत से चालक सत्येंद्र नाथ यादव के ऊपर वार कर दिया। अन्य पुलिस कर्मियों की मदद से आरोपी अखिलेश को थाने लाया गया। उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया था। न्यायाधीश ने साक्ष्य के आधार पर अखिलेश को जानलेवा हमला करने के मामले में दोषी मानते हुए सजा सुनाई।



पुलिस लाइन में मृत मुख्य आरक्षी प्रदीप कुमार राव को सलामी देते पुलिस कप्तान गोपालकृष्ण चौधरी। • हिन्दुस्तान

# एसआई, मुख्य आरक्षी समेत तीन पुलिस कर्मियों का निधन

बस्ती, निज संवाददाता। बीते दो दिन पुलिस महकमें के लिए भारी रहे। अचानक तबीयत बिगड़ने से एक सब इंस्पेक्टर व दो मुख्य आरक्षियों की मौत हो गई। छावनी थाने पर तैनात एसआई देवनाथ आजाद (57) गोरखपुर में प्रशिक्षण लेकर वापस ड्यूटी से लौट रहे थे। रास्ते में संतकबीरनगर के पास उनकी अचानक तबियत खराब हुई उसके बाद उन्होंने दम तोड़ दिया।

एसआई आजाद गोरखपुर जिले के कम्पियरगंज थानाक्षेत्र के करमहा गांव के निवासी थे। वहीं पुलिस लाइन में तैनात गोरखपुर जिले के निवासी मुख्य आरक्षी रमेश प्रसाद और जनपद देवरिया के भलुअनी थानाक्षेत्र के हाटा गांव निवासी मुख्य आरक्षी प्रदीप कुमार राव का भी आकस्मिक निधन हो गया। पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक गोपालकृष्ण चौधरी व एएसपी, सीओ व मौजूद पुलिस फोर्स की ओर से पूरे राजकीय सम्मान के साथ नम आंखो से अंतिम विदाई दी गई।

# मारपीट की चार घटनाओं में 10 पर केस

बस्ती, निज संवाददाता। जिले में चार अलग-अलग स्थानों पर आपसी रंजिश को लेकर मारपीट की हुई घटनाओं में पुलिस ने 10 लोगों पर केस दर्ज किया है। रुधौली थानाक्षेत्र के विशुनपुरवा गांव निवासी अब्दुल फरीद को पुरानी रंजिश को लेकर उसके गांव के जुनैद अहमद, मजीबुल्लाह, माकहसीन व जाहिर ने मिलकर पिटाई कर दी।

गौर थानाक्षेत्र के हर्दिया गांव में माला देवी को उसके गांव के ही मुकेश ने पिटाई कर दी। मारपीट की तीसरी वारदात नगर थानाक्षेत्र के कोठवाभरतपुर गांव में सामने आई। पिन्टू चौहान को गांव के ही संदीप और उसके भाई मंजीत चौहान ने धमकी दी, फिर मारपीट कर घायल कर दिया। इसी तरह कलवारी थानांतर्गत कुसौरी गांव के नहर के पास भगवानदीन निवासी कम्हरिया (बड़ा पुरवा) को पुरानी रंजिश को लेकर अशफाक उर्फ पिंकू निवासी कलवारी, बबलू निवासी कुसौरा व गुड्डू निवासी सरैया (छोटी) ने मारपीट कर घायल कर दिया।

# मारपीट के मामले में दो आरोपियों पर केस

**बस्ती।** नगर पुलिस ने रॉड व पाइप से मारने-पीटने के मामले में दो आरोपियों पर केस दर्ज किया है। कोठवा भरतपुर निवासी पिंटू ने तहरीर देकर बताया कि संदीप व मंजीत ने बृहस्पतिवार की शाम छह बजे पुरा रंजिश में रॉड व पाइप से उसकी पिटाई की। संवाद

# विवाहिता का उत्पीड़न, सात लोग नामजद

**बस्ती।** लखनऊ में दुकान व पैथोलॉजी बनवाकर न देने से नाराज होक पति व ससुराल के लोगों ने विवाहिता का उत्पीड़न शुरू कर दिया। रुधौली थाना क्षेत्र के रायठ निवासी पीड़िता का आरोप है कि उसे सब मिलकर मारापीटा और अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी महिला थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक, पीड़िता की शादी बेनीपुर नानकार थाना इटवा जिला सिद्धार्थनगर निवासी अनूप कुमार पांडेय के साथ हुई है। संवाद

# तम्बाकू फ्री होगा पुलिस महानिरीक्षक दफ्तर

बस्ती। पुलिसमहानिरीक्षक दफ्तर को तंबाकू फ्री करने की पहल की आईजी रेंज आरके भारद्वाज ने की है। कार्यालय पहले से ही 'नो स्मोकिंग जोन' है। इस पहल के बाद अब तंबाकू फ्री बनने वाला यह पहला पुलिस दफ्तर हो जाएगा। आईजी ने कहा कि कि सम्पूर्ण परिक्षेत्रीय कार्यालय एवं आवासीय परिसर को नो स्मोकिंग, नो टूबैको एरिया घोषित किया गया। यदि किसी बाहरी व्यक्ति या किसी अधिकारी / कर्मचारी को कार्यालय परिसर/ आवासीय परिसर में पान, गुटखा खाकर थूकते अथवा बीड़ी, सिगरेट पीते या तंबाकू का सेवन करते हुए पाये जाने पर 200 रुपये जुर्माने से दण्डित किया जाएगा।

# चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, सोनहा : स्वाट टीम के सहयोग से सोनहा पुलिस ने चोरी के मामले में ढाई माह से अधिक समय से फरार चल रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी का मानीटर, प्रिंटर व की बोर्ड बरामद किया गया है।

बस्ती-डुमरियागंज मार्ग पर मलपुरवा गांव के निकट संचालित भारत पट्रोल पंप पर चोरों ने 10 मार्च की रात घटना को अंजाम दिया था। चोर पेट्रोल पंप के कार्यालय में रखा लाकर बाहर उठा ले गए थे। तोड़कर उसमें रखा एक लाख से अधिक नकदी एवं अन्य सामान लेकर फरार हो गए। पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था लेकिन सुरेंद्र यादव निवासी ग्राम कड़जहना थाना रुधौली एवं विकास पांडेय निवासी रामनगर कठौतिया थाना सोनहा को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी थी। प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि एक सूचना के आधार पर दोनों को गुरुवार की देर रात बनवधिया मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया।

# दुष्कर्म के आरोपित को 10 वर्ष की कठोर कैद

जासं, बस्ती: विधवा से दुष्कर्म के आरोपित को फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरि ने 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उसके अलावा 30 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड जमा न करने पर दो वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता वेद प्रकाश पांडेय ने अदालत में कहा कि सोनहा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसके पति की मृत्यु हो गई है। उसके पास पांच वर्ष का एक बच्चा है। थाना क्षेत्र के आल्हे कुइयां गांव निवासी राम सुरेश उस पर बुरी नजर रखता था। हिम्मत जुटा कर उसने इसकी शिकायत उसकी पत्नी से किया तो पत्नी भी उसके रंग में रंगी नजर आई। 13 मई 2013 को राम सुरेश अपनी पत्नी के साथ रात 10 बजे पीड़िता के घर में घुस गया। उसे डराया धमकाया मारा पीटा और उसके साथ पत्नी के सामने ही दुष्कर्म किया। पुलिस ने शिकायत नहीं सुनी, तब न्यायालय में अर्जी दाखिल किया। न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस ने आरोपित रामसुरेश के विरुद्ध ही आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सुनवाई के बाद अदालत ने उसे दोषी मानते हुए दंडित किया है।

# चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, सोनहा : स्वाट टीम के सहयोग से सोनहा पुलिस ने चोरी के मामले में ढाई माह से अधिक समय से फरार चल रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी का मानीटर, प्रिंटर व की बोर्ड बरामद किया गया है।

बस्ती-डुमरियागंज मार्ग पर मलपुरवा गांव के निकट संचालित भारत पट्रोल पंप पर चोरों ने 10 मार्च की रात घटना को अंजाम दिया था। चोर पेट्रोल पंप के कार्यालय में रखा लाकर बाहर उठा ले गए थे। तोड़कर उसमें रखा एक लाख से अधिक नकदी एवं अन्य सामान लेकर फरार हो गए। पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था लेकिन सुरेंद्र यादव निवासी ग्राम कड़जहना थाना रुधौली एवं विकास पांडेय निवासी रामनगर कठौतिया थाना सोनहा को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी थी। प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि एक सूचना के आधार पर दोनों को गुरुवार की देर रात बनवधिया मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया।

# कार की ड्राइविंग सीट पर मिला युवक का शव

- एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में काम करता था युवक
- सोनहा थाने के चंदोखा निवासीअमर सिंह के रूप में हुई पहचान

जागरण संवाददाता, सोनहाः सोनहा थानाक्षेत्र के चंदोखा निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। उसका शव सोनहा स्थित डाक बंगला गेट पर खड़ी कार में मिला।



अमर सिंह फाइल फोटो

दोपहर लगभग 12 बजे से कार डाक बंगला के गेट पर खड़ी थी। कार के ड्राइविंग सीट के दोनों तरफ की खिड़कियां खुली थीं। शाम लगभग चार बजे कुछ लोग कार के पास पहुंचे और युवक को आवाज देने लगे। कोई प्रतिक्रिया न होने पर उनके द्वारा इस बात की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार का फाटक खोला तो युवक की मृत्यु हो चुकी थी। उसकी पहचान 33 वर्षीय अमर सिंह पुत्र श्रवण सिंह निवासी चंदोखा थाना सोनहा के रूप में हुई है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जरूरी साक्ष्य संकलित किए। मौके पर पहुंचे स्वजन ने बताया कि अमर अयोध्या (फैजाबाद) में बजाज फाइनेंस कंपनी में फील्ड वर्क का कार्य करता था। शुक्रवार की सुबह ही वह घर आया था। दिन में लगभग 11 बजे अयोध्या जाने की बात कहकर वह घर से अकेला ही निकला था। जवान बेटे की असामयिक मृत्यु से मां, बाप एवं पत्नी दीपिका सिंह का रो रोकर हाल बेहाल है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कार से शराब की बोतल, पानी, गिलास एवं नमकीन भी मिला है। फिर भी मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी की मृत्यु



मुख्य आरक्षी को कंधा देते हुए एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी व एएसपी ओपी सिंह • सौ. विभाग

जागरण संवाददाता, बस्ती: पुलिस लाइन में तैनात मुख्य आरक्षी (सशस्त्र पुलिस बल) प्रदीप कुमार राव पुत्र रामानुज राव निवासी ग्राम हाटा थाना भलुवनी जनपद देवरिया के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें राजकीय सम्मान के साथ विदाई दी गई। उनका निधन गुरुवार को पुलिस लाइन में ही हो गया था। शुक्रवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी व अपर पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मियों ने दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत को अंतिम विदाई दी। दिवंगत वर्ष 1992 में आरक्षी पद पर भर्ती हुए थे, 18 माह पहले उनका एक्सीडेंट हो गया था, जिसकी वजह से वह कोमा में चले गए थे। ठीक होने के उपरांत उनका दवा चल रही था। अचानक तबीयत बिगड़ जाने के कारण उनका निधन हो गया। एसपी ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक संदीप राय, उप निरीक्षक दुर्गेश कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

# जागरूकता से होगा तंबाकू पर नियंत्रण

जासं, बस्तीः विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शुक्रवार को बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है। थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अपर निदेशक स्वास्थ्य विनीता राय बस्ती मंडल ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण जरूरी है। सभी को इसके प्रति जागरूकता दिखानी होगी। तंबाकू से दूर रहें, इससे गंभीर रोग का खतरा रहता है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आरएस दूबे ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने साल 1987 में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का फैसला लिया था। इसके पीछे वजह थी कि उस समय अन्य किसी बीमारी की तुलना में तंबाकू से होने वाली मौतों का आंकड़ा बहुत ज्यादा था। इस दिन को विश्व स्तर पर मनाने का उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन के खतरों के बारे में बताना और उसे रोकने के उपायों के बारे में जागरूक करना था। तंबाकू के हानिकारक प्रभाव केवल धूम्रपान करने वालों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वो लोग भी इसके खतरे में हैं, जो धुएं के संपर्क में आते हैं। उन्हें भी हृदय रोग, श्वसन के साथ कुछ खास तरह के कैंसर प्रभावित कर सकते हैं। कुल मिलाकर, तंबाकू का सेवन शारीरिक स्वास्थ्य पर भारी नुकसान पहुंचाता है, जिससे बीमारियों और मौतों में वृद्धि होती है और जीवन की गुणवत्ता कम हो जाती है।

प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद गौरव ने बताया कि तंबाकू पर पूरी तरह से निषेध पाने के लिए जागरूकता जरूरी है। इसलिए यह दिवस मनाया जाता है। जिससे लोगों में जागरूकता पैदा की जा सकती है।

## आइजी ने रेंज कार्यालय को तंबाकू मुक्त घोषित किया

जागरण संवाददाता, बस्तीः आइजी बस्ती द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर संपूर्ण रेंज कार्यालय एवं आवासीय परिसर को तंबाकू निषेध एरिया किया गया घोषित है। सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 में प्रदत्त अधिकार के अन्तर्गत पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र रामकृष्ण भारद्वाज ने परिक्षेत्रीय कार्यालय एवं आवासीय परिसर को नो स्मोकिंग, नो टोबैको एरिया घोषित किया है। यदि किसी बाहरी व्यक्ति या किसी अधिकारी, कर्मचारी को कार्यालय परिसर व आवासीय परिसर में पान,गुटखा खाकर थूकते अथवा बीड़ी, सिगरेट पीते, तंबाकू का सेवन करते हुए पाया गया तो उसे 200 रुपये के जुर्माने से दंडित किया जाएगा।



आरके भारद्वाज पुलिस महानिरीक्षक बस्ती रेंज

# जिला कारागार में बंदियों के खाते खोले गए

**बस्ती।** वित्तीय लेन-देन सभी का अधिकार हैं। इसी प्रेरणा के साथ शुक्रवार को जिला कारागार में बैंक शिविर आयोजित हुआ। इसमें आठ बंदियों ने नया खाता खुलवाया। तीन बंदियों ने चेकबुक के लिए आवेदन किया। 15 बंदियों ने रुपये निकलो, पांच ने केवाईसी का आवेदन किया।

एक बंदी ने एटीएम कार्ड का आवेदन किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम अंद्रा वामसी ने किया। लीड बैंक की ओर से आयोजित शिविर में बंदियों ने बैंक संबंधी जानकारी हासिल की। मौके पर सीडीओ जयदेव सीएस, लीड बैंक प्रबंधक आरएन मौर्य आदि रहे। संवाद

# चोरी के सामान समेत दो शातिर धराए

सल्टौआ। सोनहा क्षेत्र के मलपुरवा स्थित भारत पेट्रोल-पंप पर चोरी की घटना में वांछित दो आरोपियों को स्वाट व थाने पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने मॉनीटर, प्रिन्टर व की-बोर्ड बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र मिश्र ने बताया कि करीब तीन माह पहले 10 मार्च को पेट्रोल पंप पर चोरी की घटना हुई थी। इस मामले में चार आरोपी पहले ही अरेस्ट कर जेल भेजे जा चुके हैं। दो आरोपी वांछित चल रहे थे। यह दोनों गुरुवार को दिन में चोरी किए सामान को सिद्धार्थनगर बेचने जा रहे हैं। सूचना मिलते ही स्वाट टीम प्रभारी उमाशंकर तिवारी व सोनहा पुलिस ने बनवधिया मोड़ पर सुरेन्द्र यादव निवासी कड़जहना थाना रूधौली व उसके साथी विकास पांडेय निवासी रामनगर कठौतिया थाना सोनहा को गिरफ्तार कर लिया।

# ट्रेनिंग लेकर लौट रहे छावनी थाने में तैनात उप निरीक्षक की मृत्यु

जासं,अमोढ़ाः छावनी थाने पर तैनात 57 वर्षीय उप निरीक्षक देवनाथ आजाद शुक्रवार को घर से वापस थाने पर लौटते समय संतकबीरनगर जिले के सेमरियांवा बाजार के पास बाइक से गिरकर बेहोश हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।



उप निरीक्षक देवनाथ आजाद फाइल फोटो

प्रभारी निरीक्षक छावनी राजेश तिवारी ने बताया कि महराजगंज जनपद में कैपियरगंज थाना क्षेत्र के करमहा गांव के रहने वाले देवनाथ आजाद पुत्र परमेश्वर की तैनाती वर्तमान में छावनी थाने में उपनिरीक्षक के पद पर थी। 26 मई को वह नए कानून लागू करने के संबंध में आयोजित प्रशिक्षण में शामिल होने गोरखपुर गए थे। वहां से वह शुक्रवार को घर होते हुए वापस छावनी थाने पर बाइक से वापस आ रहे थे। जैसे ही वह सेमरियावां के पास पहुंचे बेहोश होकर गिर पड़े। आस पास के लोग व राहगीरों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरियांवा पहुंचाया गया, मगर तब तक काफी देर हो चुकी थी।

# मंडी स्थल पहुंचे एएसपी सुरक्षा पर डाली नजर

**बस्ती।** ज्यों-ज्यों मतगणना की तिथि करीब आ रही है पुलिस व प्रशासनिक तंत्र सक्रिय होता जा रहा है। शुक्रवार को एएसपी ओपी सिंह ने मंडी स्थल पहुंच कर मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद वह स्ट्रांग रूम पहुंचे। उन्होंने सुरक्षा में लगे अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बैठक कर मतगणना ड्यूटी में लगे पुलिस जवानों व चुनाव सेल के कर्मियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। संवाद

# हर राउंड की मतगणना का डाटा एप पर होगा अपलोड

**बस्ती।** सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 में भारत निर्वाचन आयोग ने हाईटेक व्यवस्था की है। मतदान के दिन मोबाइल एप पर जहां वोटिंग प्रतिशत बताया जा रहा था। वहीं अब मतगणना के लिए भी एप के माध्यम से डाटा बताया जाएगा। इस एप पर पल-पल की जानकारी दी जाएगी।

जिले के मंडी स्थल पर पांच विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना की व्यवस्था जिला प्रशासन ने बनाई हे। मतगणना के लिए अभी तक तय फार्मेट के अनुसार हर राउंड की घोषणा इसी ऐप पर आम लोगों को मिल जाएगी।

मतगणना स्थल पर भीड़ न हो और आम जनता को भी परिणाम जानने में आसानी हो इसके लिए आयोग ने वोटर हेल्पलाइन नाम एक मोबाइल ऐप बनाया है। इस एप पर मतदाताओं को मतगणना का पल पल का परिणाम घर बैठे मिलता रहेगा। इसके लिए प्लेस्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप्लीकेशन इंस्टॉल करना होगा। संवाद

## बिना ताला लगे घर में दिनदहाड़े चोरी

**नगर बाजार (बस्ती)।** ग्राम खुटहन में दिन दहाड़े घर में चोरी का मामला सामने आया है। सूचना के बावजूद पुलिस ने मौके का मुआयना तक नहीं किया है। पीड़िता थाने का चक्कर लगाने पर मजबूर है। आरोप है कि पुलिस घटना को पुलिस दबा रही है। ग्राम खुटहन निवासी अंजू पत्नी अभिषेक कुमार गौड़ ने नगर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हम पति-पत्नी दुकान पर चले गए थे। संयोग से घर में ताला लगाना भूल गए। जब हम वापस घर में आए तो देखा कि अलमारी में रखे कपड़े बिखरे हुए हैं। संवाद

## मारपीट में चार आरोपियों पर केस

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने पुरानी रंजिश में मारपीट की घटना में चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। विशुनपुरवा निवासी फरीद ने तहरीर दी कि बुधवार की रात नौ बजे घर से खाना खाकर सेखुइया चौराहे पर मोटर साइकिल से अपनी दुकान पर जा रहा था। रास्ते में जुनैद अहमद के घर के पास पुरानी रंजिश को लेकर जुनैद अहमद, मजीबुल्लाह, मोहसीन व जाहिर ने मारापीटा और धमकी दी। संवाद

## मारपीट में तीन नामजद

**बस्ती।** कलवारी पुलिस ने मारपीट के मामले में तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। कम्हरिया बड़ा पुरवा निवासी भगवानदीन ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 26 मई को दोपहर करीब 1:30 बजे कुसौरी नहर के पास अशफाक उर्फ पिंकू के कहने पर बबलू व गुड्डू निवासी छोटी सरैया ने मारापीटा। पुलिस ने तीनों को नामजद किया है। संवाद

# टक्कर मारने के आरोपी चालक पर केस दर्ज

**बस्ती।** छावनी पुलिस ने 24 मई को फूलडीह में रिश्तेदारी में जा रहे युवक को टक्कर मारने के आरोपी अज्ञात वाहन के चालक पर केस दर्ज किया है। गोंडा जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के सुभागपुर निवासी लालता प्रसाद यादव ने तहरीर देकर बताया कि उनका 28 वर्षीय बेटा रामभवन यादव रिश्तेदार दुर्गागंज माझा निवासी विजय कुमार यादव की बाइक लेकर छावनी आ रहा था। अयोध्या-बस्ती मार्ग पर अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दिया। गंभीर रूप से चोट लग जाने के कारण इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। संवाद

# किशोरी भगा ले जाने का केस दर्ज

**बस्ती।** नगर पुलिस ने किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में केस दर्ज किया है। किशोरी के पिता ने आरोप लगाया कि 19 मई को नगर थाना क्षेत्र के फुलवरिया निषाद निवासी रजनीश कुमार उनकी 17 वर्षीय बेटी को भगा ले गया। वह दोनों कप्तानगंज चौराहे पर मिले। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। संवाद

# पेट्रोल पंप से चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

## 10 मार्च को ताला तोड़ कर हुई थी चोरी

**बस्ती।** 10 मार्च की रात सोनहा क्षेत्र के मलपुरवा पेट्रोल पंप पर हुई चोरी के दो और आरोपियों को स्वॉट टीम की मदद से पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद कर लिए। इसमें शामिल तीन आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

यह दोनों फरार थे। एसएचओ उपेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में सुरेंद्र यादव उर्फ सोनू निवासी कड़जहना थाना रुधौली और विकास पांडेय निवासी रामनगर कठौतिया थाना सोनहा शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, 10 मार्च की रात को मलपुरवा पेट्रोल पंप के ऑफिस में रखी आलमारी को तोड़कर एक लाख चार हजार 589 रुपये चोरी हो गया था। पुलिस मामले में केस दर्ज कर छानबीन कर रही थी। संवाद

# मारपीट में गर्भपात के आरोप में केस दर्ज करने का आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** एसीजेएम (तृतीय) राजबाबू ने मारपीट में गर्भपात के आरोप में पांच लोगों पर केस दर्ज करने का आदेश सोनहा पुलिस का दिया है। सोनहा क्षेत्र के धौलापुर निवासी फूलमती ने अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि 9 नवंबर 2023 को गांव के दिलीप कुमार, प्रदीप, अभिषेक व छोटू ने बेटे को मारपीट कर हत्या कर दी थी।

इस मामले में दिमागी रूप से कमजोर पति को झांसे में लेकर उक्त लोगों ने हादसे का केस दर्ज करा दिया। इसकी शिकायत फूलमती ने पुलिस अधिकारियों से की थी।

शिकायत की जांच करने पुलिस चारों के घर पहुंची थी। इसी बात से नाराज उक्त लोगों ने बहाऊ के साथ मिलकर 12 फरवरी 2024 की रात को घर पर चढ़ आए और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने लगे।

## सास का बचाव करने आई बहू के पेट पर लात मारने का आरोप

मना करने पर मारपीट करने लगे। बचाव में मेरी दोनों बहुएं आ गईं। बहू काजल गर्भवती थी, उसके पेट पर छोटू ने लात मार दिया। इससे रक्त स्राव होने लगा। अगले दिन सुबह बहू को लेकर डॉक्टर के यहां पहुंची तो चिकित्सकों ने जांच कर गर्भ में पल रहे शिशु को मृत घोषित कर दिया।

साक्ष्यों के आधार पर न्यायाधीश ने सोनहा पुलिस को केस दर्ज कर 15 दिन में आख्या तलब किया है।

# सिपाही पर जानलेवा हमले में पांच साल का कारावास

## साढ़े सात हजार रुपये अर्थदंड का आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक प्रथम) प्रमोद कुमार गिरि ने सिपाही पर हमले के आरोपी अखिलेश कुमार को पांच वर्ष का साश्रम कारावास व सात हजार 500 रुपये अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया है। अर्थदंड न अदा करने पर एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

एडीजीसी वेद प्रकाश पांडेय ने न्यायाधीश को अवगत कराया कि डायल 112 में तैनात सत्येंद्र नाथ यादव ने लालगंज थाने में तहरीर देकर कहा कि पांच अक्तूबर 2020 को 112 पर मुंडेरवा क्षेत्र के गंगौरा गांव निवासी अखिलेश कुमार ने सूचना दी कि वह आत्महत्या करने जा रहा है।

कॉल लोकेशन के आधार पर सिपाही सत्येंद्र नाथ टीम के साथ थाल्हापार शिवमंदिर पर पहुंचे तो वहां एक व्यक्ति मिला।

पूछताछ में उसने कुबूल किया कि फोन उसी ने किया था। कारण जानने पर वह उत्तेजित हो गया और मंदिर से त्रिशूल लेकर उनके ऊपर हमला कर दिया।

त्रिशूल सत्येंद्र नाथ के सिर के पिछले हिस्से में घुस गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। टीम के अन्य पुलिस कर्मियों ने उन्हें व अखिलेश को लेकर थाने पहुंचे।

लालगंज पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना न्यायालय में प्रेषित किया। मामले में छह गवाहों की गवाही, मेडिकल रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर न्यायाधीश ने आरोपी अखिलेश को पांच साल की सजा सुनाई। प्रतिरक्षा साक्ष्य में बचाव पक्ष की ओर से तीन गवाहों की गवाही हुई।

### जाति सूचक शब्द बोलने पर चार लोग तलब

**बस्ती।** विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी) कमलेश कुमार ने मारपीट, जान से मारने की धमकी और जाति सूचक शब्दों के इस्तेमाल में चार आरोपियों को 10 जून का तलब किया है। पुरानी बस्ती क्षेत्र के कोड़रा गांव निवासी सोना देवी ने अधिवक्ता के माध्यम से परिवाद दाखिल कर बताया कि 13 जून 2023 को गांव के महिपाल, रिंकू, राजेश, प्रमोद, रामभेज व अमन सहन की जमीन को लेकर घर पर चढ़ आए और जाति सूचक गाली देने लगे। मना करने पर घर में घुसकर मारपीट करने लगे। शोर सुनकर अन्य परिजनों ने बीच बचाव कर जान बचाई। आरोपियों ने घर के सामान को भी नुकसान पहुंचाया। संवाद

**अदालत से**

## दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**बस्ती।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक प्रथम) प्रमोद कुमार गिरि ने दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाया है।

न्यायाधीश ने उसपर 30 हजार रुपये का अर्थदंड लगाते हुए आदेश दिया कि इसे न अदा करने पर दो साल अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

लोक अभियोजक वेद प्रकाश पांडेय ने न्यायाधीश को बताया कि मामला सोनहा थानांतर्गत एक गांव की एक महिला ने न्यायालय में 156 (3) सीआरपीसी के तहत प्रार्थनापत्र दाखिल कर बताया कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है।

पड़ोसी राम सुरेश उसके साथ कई बार जबरिया दुष्कर्म कर चुका है। न्यायालय के आदेश पर सोनहा पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपपत्र न्यायालय में प्रेषित किया।

मामले में 11 गवाहों के बयान, मेडिकल रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों का अवलोकन कर न्यायाधीश ने राम सुरेश को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। संवाद

# एक ही दुकान में नहीं बिकेगा पान मसाला व तंबाकू

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में ना ही अब एक ही दुकान में पान मसाला और तंबाकू बेचा जा सकेगा और ना ही एक फैक्ट्री परिसर में इन दोनों का निर्माण या पैकेजिंग की जा सकेगी। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा आयुक्त अनीता सिंह ने सभी मंडलायुक्तों और डीएम को जानकारी भेजी है।

### खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने जारी किए आदेश, आज से प्रतिबंध होगा लागू

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियम के तहत किसी भी खाद्य पदार्थ में तंबाकू और निकोटिन को एक अवयव के रूप में प्रयोग किया जाना प्रतिबंधित किया गया है। इस क्रम में प्रदेश की सीमा में तंबाकू युक्त पान मसाला या गुटखा के भी निर्माण पैकिंग भंडारण वितरण और बेचने पर 1 अप्रैल 2013 से प्रतिबंध लगाया गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के संज्ञान में आया कि विभिन्न पान मसाला बनाने वाली इकाइयों द्वारा तंबाकू का भी निर्माण पान मसाला के ही ब्रांड नाम अथवा किसी अन्य ब्रांड नाम से किया जा रहा है। पान मसाला के पाउच के साथ ही तंबाकू के पाउच भी बेचे जा रहे हैं और उनका स्टॉक किया जा रहा है। उच्चतम न्यायालय द्वारा एक केस की सुनवाई में पारित आदेश में ऐसे निर्माण और पैकेजिंग व बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया था।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नहीं हो रहा था अमल

पान मसाला व गुटखा बनाने वाली इकाइयों द्वारा अपने ब्रांड के पान मसाला के साथ ही तंबाकू का निर्माण भंडारण वितरण और विक्रय करने से उपरोक्त विनियमन व उच्चतम न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं हो पा रहा है। ऐसे में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2008 के तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा ने जन स्वास्थ्य को देखते हुए एक ही परिसर में एक ही ब्रांड नेम या अलग ब्रांड नाम से तंबाकू निकोटीन के साथ पान मसाला के भी निर्माण, पैकिंग, स्टॉक, वितरण और बेचने पर 1 जून से प्रतिबंध लगा दिया है।

# चालक पर केस दर्ज

बस्ती। पैकोलिया पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर हादसे में मौत के मामले मे केस दर्ज किया है। चांदा खुर्द निवासि घनश्याम दुबे ने तहरीर दी कि 22 जनवरी को गांव के पास लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए गंगाराम निवासी धोबहा ने उनके पिता रामबचन को टक्कर मार दिया था। इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई थी। संवाद

## प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

**बस्ती।** डीएम अंद्रा वामसी ने आमजन को हीट-वेव (लू) से बचाव के लिए जिला प्रशासन को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। एडीएम कमलेश चंद्र ने बताया है कि गर्म हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते आदि से ढंककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अंदर आने से रोका जा सके। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-06-2024

# पिपरा की घटना में नामजद आरोपिता गिरफ्तार

**गोल्हौरा (एसएनबी)।** बीते 5 मई को थाना क्षेत्र के पिपरा में चली गोली, मारपीट व पथराव की घटना में नामजद एक आरोपिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गोल्हौरा थाने की पुलिस ने शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजे मुअसं. 37/2024 धारा 147, 148, 149, 336, 307, 504, 506 भादवि से संबंधित नामजद आरोपिता वन्दना पत्नी योगेन्द्र त्रिपाठी को उसके घर के बगल स्थित बाग से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। बताते चलें कि उक्त केस से संबंधित 15 नामजद आरोपितों में से चार को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय व वहां से जेल भेज दिया है और तभी से वह शेष की तलाश कर ही रही थी कि उसके हत्थे उक्त वन्दना चढ़ ही गई। वन्दना को उपनिरीक्षक रणविजय सिंह व महिला आरक्षी चांदनी मिश्रा व प्रेमलता वर्मा ने गिरफ्तार किया है। उक्त बावत थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गुप्ता ने कहा कि घटना के अन्य अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# धारदार हथियार से हमला, दो घायल, अभियुक्त गिरफ्तार

**उसका बाजार(एसएनबी)।** मुकामी थाना क्षेत्र के फुलवरिया में बुधवार को आपसी कहासुनी में धारदार हथियार से हमला किया गया। ग्रामवासी रामू पुत्र भोलई उम्र 28 वर्ष, गंगाराम पासवान पुत्र कोईल उम्र 20 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित ने बताया कि उसी गांव का निवासी गौतम और



रवि ने धारदार हथियार से हमला किया है । पीड़ित के अनुसार पीड़ित चौराहे पर गया था तभी उसी गांव के निवासी दो युवक आए और कहासुनी होने लगा बात इतनी आगे बढ़ गई कि जान लेने तक उतर आए। वहा लोगो ने जब घायल दो युवक को देखा तो युवक को हस्पिटल ले जाया गया । घायल युवक का इलाज मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर चल रहा था । पुलिस ने अब कानूनी कार्यवाही करके अभुयक्त को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी रोहित उपाध्याय ने बताया कि मामला संज्ञान में है दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# हत्या के प्रयास में दो गिरफ्तार

सिद्धार्थ नगर (एसएनबी)। जिले के उसका थाना की पुलिस ने हत्या किए जाने का प्रयास करने वाले दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।पकड़े गए अभियुक्त का नाम रवि शंकर उर्फ रवि पुत्र ईश्वर दीन तथा गौतम पुत्र कन्हैया है,दोनो अभियुक्त उसका थाना क्षेत्र के ग्राम फुलवरिया के निवासी है।पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध उसका थाने में मुकदमा अपराध संख्या 96/2024 धारा 304,323,504,506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज है,अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक नागेंद्र प्रताप गौड़,हेड कांस्टेबल रमाशंकर गुप्त शामिल है।

# डीएम,एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने शुक्रवार को जिला कारागार सिद्धार्थनगर का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहें। सभी बैरको का तथा बन्दियों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरको मे किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु प्राप्त नही हुई। जेल अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार सिद्धार्थनगर में निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थायें सन्तोषजनक पायी गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे व शातिर किस्म के बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखे एंव आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार मे निरुद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते रहें।



जिला कारागार का निरीक्षण करते डीएम, एसपी व अन्य।

इसी क्रम में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी गौशालाओं में हीट वेव से बचाव हेतु किये गयेका प्रकोप जारी है, जिसके दृष्टिगत गौशालाओं में हीट वेव से बचाव हेतु किये गये उपाय छाया, चारा तथा पानी की समुचित व्यवस्था की उपलब्धता के साथ-साथ भूसा का भण्डारण किया जाना अतिआवश्यक है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि शासन द्वारा उक्त के सम्बन्ध में विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किये गये है जिसका अनुपालन किया कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिकाधगर पंचायत को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रत्येक गौशालाओं में हीट वेव से बचाव हेतु किये गये उपाय, चारा, भूसा तथा पानी की व्यवस्था की जाँच करके आज सायं तक आख्या उपलब्ध करावें।

# सेवानिवृत्त हुए तीन पुलिस कर्मी, एसपी ने दी विदाई

सिद्धार्थनगर। तीन पुलिस कर्मियों के रिटायरमेंट के बाद पुलिस कार्यालय में एसपी प्राची सिंह ने उन्हें विदाई दी। उन्होंने भविष्य में भी समाज सेवा से जुड़े रहने को कहा। निरीक्षक गोपनीय सुखराम पाल, एसआई कन्हैया कुंवर तिवारी व एसआई वेद प्रकाश नौकरी की उम्र पूरी कर शुक्रवार को रिटायर हो गए। उन्हें एसपी ने माला पहनाकर, शाल व धर्मग्रंथ आदि भेंटकर सम्मानित किया।

# गैर इरादतन हत्या का आरोपित पुलिस ने पकड़ा

इटवा। इटवा पुलिस ने शुक्रवार को गैर इरादतन हत्या में आरोपित एक व्यक्ति को शाहपुर राप्ती नदी के पास से पकड़ने का दावा किया है। थानाध्यक्ष इटवा संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के बेनीनगर गांव निवासी तेजे उर्फ रामतेज पुत्र भरोसे गैर इरादतन हत्या के एक मामले में आरोपित था। घटना के बाद से फरार चल रहा था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# फ्राडकर निकाली गई धनराशि वापस

सिद्धार्थनगर। साइबर अपराधियों ने डुमरियागंज क्षेत्र की एक महिला के खाता से झांसा देकर19102 रुपया उड़ा लिया गया था। साइबर सेल ने शिकायत मिलने के बाद पूरी धनराशि वापस करा दी है।

प्रभारी साइबर सेल अरुण कुमार ने बताया कि सोनाली अग्रहरि निवासी बेंवा चौराहा थाना डुमरियागंज से साइबर अपराधियों ने झांसा देकर उनके बैंक खाता से19102 रुपये उड़ा लिया था। शिकायत के बाद टीम ने पता कर पूरी धनराशि पीड़िता के खाता में वापस करा दी है।

# हत्या के प्रयास की आरोपी महिला गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। गोल्हौरा थाना की पुलिस ने हत्या के प्रयास की आरोपी महिला को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। केस दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रही थी।

थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि .वंदना पत्नी योगेंद्र त्रिपाठी निवासी पिपरा थाना गोल्हौरा के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 336, 307, 325, 504, 506 के तहत केस दर्ज था। उसकी तलाश की जा रही थी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। उस्का बाजार थाना की पुलिस ने हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। केस दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि रविशंकर उर्फ रवि पुत्र ईश्वरदीन व गौतम पुत्र कन्हैया निवासी फुलवरिया थाना उस्का बाजार के खिलाफ धारा 307, 323, 504, 506 के तहत केस दर्ज था।

# 3 बोरी यूरिया, 1 बोरी बीज छोड़कर तस्कर फरार

खुनुवा। भारत-नेपाल सीमा खुनुवा में गश्ती के दौरान नेपाल जा रहे तीन बोरी यूरिया व एक बोरी धान का बीज बरामद किया गया है। चौकी प्रभारी जगत नारायण यादव ने बताया कि शुक्रवार को वह पिलर संख्या 557 के निकट साइकिल पर लदा यूरिया खाद व बीज की बोरी देखकर तस्कर को रोकने का प्रयास किया। तस्कर मौके पर साइकिल समेत यूरिया खाद व बीज छोड़कर भाग गया। कब्जे में लेकर कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया है।

# बैंक कर्मी भी रडार पर...जो महिलाएं बैंक गईं ही नहीं उनके खोल दिए खाते

**समूह की महिलाओं से ठगी के मामले में 18 बैंक के नाम आ रहे सामने, आरोपियों को जेल भेजने के बाद मामले की तह तक जाने में जुटी पुलिस, अब बैंक कर्मी भी आएंगे दायरे में**

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण दिलाने के नाम पर हुई ठगी में बैंककर्मी पुलिस के रडार पर हैं। पुलिस को 18 निजी बैंक के नाम मिले हैं। जो बिना लाभार्थियों को पहुंचे खाता खोल दिए और लोन की राशि स्थानांतरित करके गोलमाल करते रहे। पुलिस को गिरफ्तार की गई महिला और पुरुष आरोपियों के यहां से फर्जी पहचान पत्र और आधार कार्ड भी मिले हैं। जिसके जरिए पुलिस तह तक जाने में जुटी है।

जल्द ही पकड़े गए दो आरोपियों के अलावा अन्य की गर्दन फंसेगी। क्योंकि कागजात में बड़ी गड़बड़ी की गई जो पुलिस के हाथ लगी।



15 मार्च को प्रकाशित खबर।

सदर थाना क्षेत्र के सिसई, सिंगी, दौलतपुर आदि में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से आरोपी अनीता एवं सोमनाथ मालती ब्राह्मण सेवा केंद्र का संचालक को और से गांव की विभिन्न महिलाओं को योजनाबद्ध तरीके बहला फुसलाकर धोखे से विभिन्न समूहों के फाइनेंस बैंकों से लोन का खाता खुलवाकर लोन की धनराशि को समूहों की महिलाओं से अंगूठा लगवाकर स्वयं अपने बैंक के खाता में हस्तानांतरित कर लेते थे। 111 खातों से लाखों की ठगी की बात उजागर हुई है।

33 लाख अभी तक सामने आया है। जबकि इतनी ही राशि की और ठगी होने का अनुमान है। पुलिस आरोपियों को जेल भेजने के बाद पूरे नेटवर्क को तोड़ने के लिए तह तक जाने में जुटी है। पुलिस को 18 निजी बैंक के नाम, फर्जी आधार कार्ड और पहचान पत्र मिला है। जिसके जरिए खाता खोला जा रहा था।

अभी तक जो सामने आया है, उसमें एक व्यक्ति का आठ खाता तक खोल लिया गया है। चार लाख तक गबन किया गया है।

पुलिस अब इन बैंकों की डिटेल लेने की प्रक्रिया शुरू की है। बैंक की मान्यता संचालन और किस तरह फेक खाता खोल दिए, इन सवालों का जवाब ढूंढ रही है। जिससे बैंक कर्मियों के भी गर्दन फंसेगी। इस संबंध में शहर कोतवाल वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दो आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। मामले की जांच चल रही है जो भी इसमें संलिप्त होगा। उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### पहले भी हो चुकी है ठगी

जोगिया ब्लॉक क्षेत्र में छह माह पहले ही ऐसा मामला सामने आया था। जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से बड़े पैमाने में पर ठगी हुई थी। इस मामले में शिकायत हुई, केस दर्ज हुआ। मामले में अभी जांच चल रही है। इसके अलावा जिले में ऐसी अन्य घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

**गरीबों को फंसाते हैं लोग :** स्वयं सहायता समूह में अगर सही से संचालित हो तो लाभ की योजना है। क्योंकि इसमें सहायता राशि काफी मिलती है। लेकिन बड़ी धनराशि हड़पने के लिए अमुक निजी बैंक में खाता खुलवाते हैं। जिसमें बैंक की भी भूमिका होती है।

### कलक्ट्रेट पहुंचीं महिलाएं, सौंपा ज्ञापन



डीएम को ज्ञापन देने पहुंची महिलाएं। संवाद

सिद्धार्थनगर। ठगी की शिकार हुई स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शुक्रवार को कलक्ट्रेट पहुंचीं। उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र देकर बैंक कर्मियों पर भी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि उनका कर्ज माफ हो जाए। क्योंकि लोन का एक रुपये नहीं लिया है। बैंक वाले लगातार परेशान कर रहे हैं। इनसे किसी प्रकार से मुक्ति दिलाई जाए। कई बार घर पर पहुंचकर धमकी और अन्य सामान ले जाने का प्रयास करते हैं। वहीं आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन देने वाली महिलाओं में गुलाबकली, सरस्वती, मालती, चंद्रकुमारी, रीना, सीमा सहित 17 महिलाएं मौजूद रहीं। संवाद



डीएम व एसपी ने शुक्रवार को जिला जेल पहुंच कर निरीक्षण किया। • हिन्दुस्तान

# डीएम और एसपी ने किया जिला जेल का निरीक्षण

सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को डीएम पवन अग्रवाल व एसपी प्राची सिंह ने जिला जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला।

डीएम, एसपी ने बैरकों व बंदियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैरकों मे किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु प्राप्त नही हुई। जेल अधीक्षक ने बताया कि नियमित रूप से उनके व स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार में निरीक्षण के समय सभी व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। एसपी ने जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहें व शातिर किस्म के बंदियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखें।


# किशोरी को अगवा कर लाया युवक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। जनपद के मिश्रौलिया थानाक्षेत्र का एक युवक लगभग ढ़ाई माह पहले मुंबई से एक किशोरी को भगा लाया था। 30 मई को थानाक्षेत्र व मुंबई पुलिस के संयुक्त दबिश में आरोपी युवक को उसके मामा के घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। युवक के पास से ही लड़की भी बरामद हुई है। आरोपी के विरुद्ध मुंबई के थाणे जिले के थाणे थाना में केस भी दर्ज है। पुलिस युवक को कोर्टमें पेश करने के बाद रिमांड पर लेकर मुंबई चली गई है।

मुंबई के थाणे थानाक्षेत्र में जनपद के मिश्रौलिया थानाक्षेत्र गांव निवासी गणेश (22) पुत्र ओम प्रकाश मामा के घर रहता था। युवक यहां रहते हुए 17 वर्षीय एक किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और लगभग ढ़ाई माह पहले किशोरी को लेकर फुर्र हो गया। मामले में आरोपी युवक के विरुद्ध थाणे थाना में केस दर्ज है। 28 मई को मुंबई पुलिस के सब इंसेक्टर नागेश्वर मुंडे व कांस्टेबल लक्ष्मण मुंडे जनपद के मिश्रौलिया थानाक्षेत्र की पुलिस से संपर्क कर प्रकरण के संदर्भ में जानकारी दी। इसके बाद स्थानीय थानाक्षेत्र की पुलिस व मुंबई पुलिस आरोपी के घर दबिश देकर पिता से युवक के संदर्भ में पूछताछ की तो वह घुमाने लगा। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए पिता को थाने बैठा दिया। इसके बाद 30 मई की शाम आरोपी युवक को उसके मामा के घर से गिरफ्तार कर लिया गया। सब इंस्पेक्टर नागेश्वर मुंडे ने बताया कि आरोपी युवक का मोबाइल बंद होने से गिरफ्तार करने में थोड़ी परेशानी हुई। युवक का मोबाइल बंद होने पर पिता का लोकेशन ट्रेस किया गया। इसके बाद गिरफ्तारी हो सकी।

## सफलता न मिलने पर लौटी थी मुंबई पुलिस

किशोरी को भगाकर लाए युवक को गिरफ्तार करने के लिए पहले भी मुंबई पुलिस जनपद में आई थी। आरोपी युवक के मोबाइल का लास्ट लोकेशन बढ़नी में मिलने पर टीम बढ़नी आकर खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिला। इसके चलते मुंबई पुलिस को बैरंग लौटना पड़ा था।



शुक्रवार को ढेबरुआ थाना क्षेत्र के गड़रखा गांव में मारपीट में घायल की मौत होने के बाद तैनात पुलिस।

# घायल की मौत से गांव में तनाव, पुलिस तैनात

**तुलसियापुर, हिन्दुस्तान संवाद।** ढेबरुआ थानाक्षेत्र के गड़रखा गांव में गुरुवार को दो पक्षों में रंजिश को लेकर मारपीट में बीच बचाव करने के दौरान घायल की इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह में मौत हो गई। दो अन्य भी घायल हो गए थे जिनका इलाज चल रहा है। मौत के बाद गांव में तनाव पैदा हो गया है। पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

गड़रखा गावं में प्रधान रविंद्र शर्मा, पंकज शर्मा, कोटेदार जगदीश व आशीष कुमार ने अपने दूसरे पक्ष के लवकुश यादव के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान लवकुश पक्ष के अब्दुल मजीद, घुरहू व तौलन घायल हो गए थे। अब्दुल मजीद बगल में रहता था और व बीचबचाव कराने चला गया था। तीनों घायलों को इलाज के लिए पीएचसी बढ़नी भेजा गया था। जहां से अब्दुल मजीद(45) की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। इससे पहले बुधवार रात को भी मारपीट हुई थी। पुलिस मौके पर पहुंच गई थी लेकिन मामले को गंभीरता से नहीं लिया था जिसका नतीजा अगले दिन फिर मारपीट हो गई थी। मजीद की शुक्रवार सुबह मेडिकल कॉलेज में मौत के बाद पुलिस ने प्रधान रविंद्र शर्मा, पंकज शर्मा, कोटेदार जगदीश व आशीष कुमार के खिलाफ धारा 304 के तहत केस दर्ज कर तलाश कर रही है।

थानाध्यक्ष शशांक सिंह ने बताया कि गांव में फोर्स मौजूद है। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। एएसपी सिद्धार्थ ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ घायल की मौत के बाद केस दर्ज कर लिया गया है। गांव में शांति व्यवस्था कायम है।



ठगी का शिकार हुई समूह की महिलाएं शुक्रवार को डीएम से मुलाकात करने के लिए कलक्ट्रेट पहुंचीं। ● हिन्दुस्तान

# डीएम से मिल महिलाओं ने की धन वापस कराने की मांग

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** समूह की महिलाओं का अपने ग्राहक सेवा केंद्र में खाता खोलवा कर लोन की मिलने वाली धनराशि को अपने खाता में ट्रांसफर करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया था। शुक्रवार को समूह की महिलाओं ने डीएम से मिल कर अपने धन की वापसी कराने व आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

अनीता निवासिनी बर्डपुर 11 टोला बरगदही व सोमनाथ निवासी रेहरा थाना सिद्धार्थनगर ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक थे। दोनों ने गांव की विभिन्न महिलाओं को योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न समूहों का खाता खोलवा कर लोन करा लेते थे और पूरी रकम अपने खाता में ट्रांसफर कर लिया करते थे। सिद्धार्थनगर थाना को पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को समूह की महिलाओं ने डीएम से मिल कर धनराशि वापसी की मांग की है। ठगों ने उनमें से किसी के खाता से एक लाख तो किसी के खाता से लोन का तीन लाख निकाल लिया है। महिलाओं का कहना है कि वह गरीब परिवार से हैं कैसे लोन की धनराशि जमा करेंगी।

# डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। अधिकारी द्वय के साथ पुलिस फोर्स भी मौजूद रही। सभी बैरक में संदिग्ध वस्तुओं की खोज की। कहीं भी कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। बंदियों से वार्ता की। उनको मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

डीएम पवन कुमार अग्रवाल व एसपी प्राची सिंह ने जिला जेल का निरीक्षण किया। हार्डकोर अपराधियों से संबंधित आपराधिक इतिहास के संबंध में जानकारी ली। इन अपराधियों पर विशेष नजर रखने के लिए निर्देशित किया। रसोईघर का भी निरीक्षण किया। बंदियों के लिए बन रहे भोजन के गुणवत्ता की जांच की। जेल अस्पताल में दवाओं के उपलब्धता के संबंध में भी पूछताछ की। आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

महिला बैरक में भी एसपी ने निरीक्षण किया। महिला बंदियों से भी वार्ता की। जेल प्रशासन को नियमित रूप से बैरक का निरीक्षण करने का निर्देश दिया।



जिला जेल के बैरक का निरीक्षण करते डीएम पवन अग्रवाल व एसपी प्राची सिंह● जागरण

# आरोपित महिला गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर: गोल्हौरा थाना पुलिस ने शुक्रवार को हत्या के प्रयास के मामले में आरोपित महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम वंदना है। वह फरार चल रही थी। पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया।

**पुलिस ने दो आरोपित को किया गिरफ्तार**: सिद्धार्थनगर: उस्का बाजार थाना पुलिस ने शुक्रवार को हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। आरोपितों का नाम उस्का बाजार थाना के फुलवरिया गांव निवासी रविशंकर व गौतम है।

**हत्यारोपित गिरफ्तार**: सिद्धार्थनगर: इटवा थाना पुलिस ने शुक्रवार को गैर इरादतन हत्या के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम बेनीनगर निवासी तेजे उर्फ रामतेज है। कार्रवाई करने वाली टीम में एसआइ रमेश कुमार साहनी, आरक्षी विनय कुमार समेत अन्य रहे।

# भंसार बचाने के लिए सब्जियों में छिपाकर कपड़े ले जा रहे नेपाल

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: जिले के सीमाई क्षेत्रों से इस समय बड़े पैमाने कपड़े नेपाल जा रहे हैं। नेपाल में कपड़ों पर भंसार व वैट मिलाकर कुल कीमत का 30-35 प्रतिशत शुल्क लिया जाता है। ऐसे में तमाम व्यापारी भंसार बचाने के लिए कपड़ों को सब्जियों में छिपाकर नेपाल ले जाते हैं। हाल में सीमाई कस्बा खुनुवा व बढ़नी में ऐसा मामला सामने आ चुका है।

सीमाई क्षेत्रों से इस समय कपड़े की तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है। तस्कर ट्रकों पर ऊपर सब्जियां लादकर नेपाल ले जाते हैं और नीचे कपड़े होते हैं। हालांकि सीमाई क्षेत्रों में मौजूद कस्टम की टीम इससे इन्कार करती है। उनका कहना है कि उन्हें जैसे ही इसकी सूचना मिलती है वह इसे पकड़ लेते हैं। हालांकि बुधवार की घटना को छोड़ दिया जाए तो वह इसका दूसरा आकड़ा नहीं दे पाते हैं, जबकि सीमाई क्षेत्रों में कपड़ा तस्करी की चर्चा गोरखपुर तक है। यह सूचना मिलने के बाद गोरखपुर की सीमा शुल्क की टीम मंगलवार को ही यहां तस्करों को पकड़ने के लिए आ गई थी। बुधवार को उन्होंने आलू लदे ट्रक को देखकर संदेह किया तो उसमें से कपड़ों की बरामदगी भी हुई, जबकि स्थानीय टीम इस तरह का कोई बड़ा नतीजा दे पाने में नाकाम है। लोगों का कहना है कि इसकी जानकारी गोरखपुर के अधिकारियों को है तो ऐसा कैसे संभव है कि यहां के लोगों को इसकी जानकारी नहीं होगी।



सीमा शुल्क टीम गोरखपुर द्वारा खुनुवा बार्डर पर पकड़े गए कपड़े • फाइल फोटो

अंगद प्रसाद, कस्टम अधीक्षक, खुनुवा ने बताया कि सीमा पर कस्टम की टीम पूरी तरह मुस्तैद है। इस मुस्तैदी की ही देन थी कि कपड़ा जो लादकर ले जाया जा रहा था, उसे पकड़ लिया गया। कपड़ों की तस्करी की बात गलत है। उसे वहां जाने से पहले पकड़ लिया जाता है।

# पुलिस को किसी केस में मुकदमा का आदेश जारी नहीं कर सकते जिलाधिकारी

**विधि संवाददाता, जागरण, लखनऊ :** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने साफ किया है कि जिलाधिकारी किसी मामले में पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश जारी नहीं कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट के नमन सिंह के केस में वर्ष 2019 में निर्णय दिया था कि कार्यकारी मजिस्ट्रेट पुलिस को किसी मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेष जारी नहीं कर सकता है। पुलिस रेगुलेशन के तहत जिलाधिकारी इस प्रकार का आदेश पारित नहीं कर सकते, क्योंकि यह सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के इतर होगा। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार सहित अन्य विपक्षी पक्षकारों को चार हफ्ते में अपना प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन ने एक सब इंस्पेक्टर पवन कुमार कनौजिया की ओर से दाखिल याचिका पर यह आदेश पारित किया। याची ने जिलाधिकारी बलरामपुर के 30 अप्रैल को उसके खिलाफ पारित आदेश को चुनौती दी है। इस आदेश से जिलाधिकारी ने सब इंस्पेक्टर के खिलाफ प्राथमिकी लिखने का आदेश कर दिया था। इसके साथ ही उसके खिलाफ विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि करने का भी आदेश कर दिया था।

# करौंदा नानकार चौराहे पर अतिक्रमण, लगता है जाम



चिल्हिया क्षेत्र के करौंदा-नानकार चौराहे पर लगा जाम। संवाद

धेंसा। चिल्हिया क्षेत्र के करौंदा नानकार चौराहे पर शाम के समय हमेशा जाम लग जाता है। जिसके चलते आने वाले लोगों को दिक्कत होती है। इसका प्रमुख कारण आसपास के लोगों की ओर से बीच रास्ते में दो व चार पहिया वाहन खड़ा करना है। बोलने पर गाली देने व मारपीट करने लगते हैं। इससे आम लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है। लेकिन आज तक पुलिस की ओर से किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे उनका मनोबल बढ़ा है।

जाम लगने की समस्या अक्सर शाम के समय व बाजार लगने के दौरान होती है। इस दौरान रवि मिश्र, अनिल कुमार, संजय आदि लोगों ने अतिक्रमण हटाने की मांग की है। संवाद

# तीन बोरी यूरिया व एक बोरी धान का बीज पकड़ा

खुनुवां। खुनुवां पुलिस ने बृहस्पतिवार शाम को तस्करी कर नेपाल ले जाए जा रहे यूरिया खाद व धान बीज को पकड़ा। इसके बाद कस्टम को सुपुर्द कर दिया। चौकी इंचार्ज जगत नारायन यादव ने बताया कि बृहस्पतिवार को तस्करी रोकथाम भ्रमण पर परसौना गांव के पास नो मेंस लैंड के नजदीक थे कि तभी एक व्यक्ति साइकिल पर यूरिया खाद लादकर अवैध रूप से भारत की सीमा से नेपाल की ओर जाता दिखाई दिया। संवाद

# एसपी और डीएम ने जिला कारागार का निरीक्षण



जिला जेल का निरीक्षण करते डीएम, एसपी। स्रोत पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। डीएम पवन अग्रवाल और एसपी प्राची सिंह ने शुक्रवार शाम जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं को देखने के साथ ही जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम और एसपी के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक के साथ पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा।

सभी बैरकों का तथा बंदियों का गहन निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान बैरकों मे किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु प्राप्त नहीं हुई। जेल अधीक्षक ने बताया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ की ओर से जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार सिद्धार्थनगर में निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई।

पुलिस अधीक्षक की तरफ से जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से निरीक्षण करते रहे व शातिर किस्म के बन्दियों पर विशेष सतर्कता और दृष्टि रखे। आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार में निरुद्ध बन्दियों की गतिविधियों के संबंध मे जानकारी देते रहें।

## सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को दी गई विदाई

सिद्धार्थनगर। पुलिस ऑफिस में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सेवानिवृत्त निरीक्षक गोपनीय सुखराम पाल गोपनीय कार्यालय, उपनिरीक्षक कन्हैया कुवर तिवारी, उपनिरीक्षक वेद प्रकाश थाना त्रिलोकपुर को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संवाद

## एसपी ने सुनी फरियाद दिया निस्तारण का भरोसा

सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने शुक्रवार को जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना और निस्तारण का भरोसा दिलाया। जनसुनवाई के दौरान कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें चार भूमि विवाद, पांच मारपीट व चार अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए संबंधित को आदेशित किया गया। उन्होंने कहा कि सभी मामलों को गंभीरता से जांच कर निस्तारण कराया जाएगा। संवाद

# चेयरमैन के पति और पूर्व चेयरमैन के पुत्र में विवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** स्थानीय नगर पंचायत के चेयरमैन के पति व पूर्व चेयरमैन के पुत्र के बीच अभद्रता व गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर नगर पंचायत चेयरमैन उमा अग्रवाल व उनके पति रवि अग्रवाल ने एसपी व शोहरतगढ़ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

शोहरतगढ़ नगर पंचायत चेयरमैन के पति रवि अग्रवाल ने एसपी व थाने में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को अपने घर से निकलकर जा रहा था। उसी दौरान पूर्व चेयरमैन पुत्र सौरभ गुप्ता ने मुझे रास्ते में रोक लिया और मेरे साथ अभद्रता करने लगा।

जब इसका विरोध किया, तो गाली गलौज करने लगा। वहीं,

*नगर पंचायत के चेयरमैन के पति रवि अग्रवाल ने जो आरोप लगाए हैं वह निराधार है। पहले उन्होंने अभद्रता की, विरोध में उनकी भाषा में जवाब दिया था। मामले को लेकर उच्चाधिकारियों से भी शिकायत करेंगे।*

*-सौरभ गुप्ता*
*पूर्व चेयरमैन के पुत्र*

चेयरमैन उमा अग्रवाल ने एसपी को शिकायत पत्र देकर सौरभ गुप्ता पर आरोप लगाया कि मेरे फेसबुक आईडी पर आए दिन उल्टा पुल्टा बयान और कमेंट्स करते रहते हैं।

जिसकी पूरी साक्ष्य मौजूद है। इस संबंध में राजकुमार पांडेय ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## 19 हजार रुपये वापस कराए

सिद्धार्थनगर। साइबर सेल की टीम में ठगी की शिकार सोनाली अग्रहरि के खाते से नौकरी का झांसा देकर फ्रड हुए धनराशि 19102 को साइबर सेल ने वापस करा दिया। यह जानकारी निरीक्षक अरुण कुमार प्रभारी साइबर सेल,उप निरीक्षक राजेश शुक्ला के प्रयास से रुपये वापस हुआ। संवाद

## मारपीट की आरोपी महिला गिरफ्तार

**बांसी।** गोल्हौरा थाना क्षेत्र में पांच मई को पिपरा गांव में चली गोली, मारपीट व पथराव की घटना में नामजद एक आरोपिता को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायालय फिर वहां से जेल भेज दिया है। गोल्हौरा थाने की पुलिस ने शुक्रवार को नामजद आरोपिता वंदना पत्नी योगेंद्र त्रिपाठी को उसके घर के बगल स्थित बाग से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। इस केस से संबंधित 15 नामजद आरोपितों में से चार को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय व वहां से जेल भेज दिया है। आरोपी वंदना को एसआई रणविजय सिंह व महिला आरक्षी चांदनी मिश्रा व प्रेमलता वर्मा ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि शीघ्र अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। संवाद

## गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**इटवा।** इटवा पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। क्षेत्र के डेगहा गांव निवासी राज पांडेय व बेनीनगर निवासी रामतेज में वाद विवाद हो गया था। जिसमें राज पांडेय (35) के सिर में चोटें आई थीं। जिसका इलाज बीआरडी मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। जहां बृहस्पतिवार को उनकी मृत्यु हो गई। इटवा पुलिस ने 27 मई को दर्ज मामले में गैर इरादतन हत्या की धारा को तरमीम करते हुए आरोपी बेनी नगर निवासी तेजे उर्फ रामतेज को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है। संवाद

## धारदार हथियार से दो को किया घायल, गिरफ्तार

**उसका बाजार।** थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव दो लोगों पर धारदार हथियार से हमला करने के आरोपी को उसका पुलिस ने शुक्रवार को दबोच लिया। थाने पर लाकर पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एसओ उसका रोहित कुमार उपाध्याय ने बताया कि फुलवरिया निवासी रामू (28) और गंगाराम पासवान (20) ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही रविशंकर और गौतम ने चौराहे पर उन्हें घेरकर धारदार हथियार से मारा पीटा। इनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मिले तहरीर के आधार पर मारपीट, जानलेवा हमला करने सहित अन्य धारा में केस दर्ज कर लिया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम लगी थी। संवाद

# वारंटी गिरफ्तार, गया जेल

सिद्धार्थनगर। भवानीगंज पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को शुक्रवार को दबोच लिया। वारंटी का नाम पतिराम है और वह धौरहरा उर्फ धर्मपुर थाना भवानीगंज का निवासी है। पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से जेल भेज दिया गया। संवाद

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-06-2024

# पारिवारिक विवाद में वृद्धा की पिटाई, तीन नामजद

**धनघटा** । धनघटा थाना क्षेत्र के गागरगाड़ गांव में पारिवारिक बंटवारे को लेकर हुए विवाद के बीच शुक्रवार की सुबह एक वृद्ध महिला को मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायल महिला की तहरीर पर पुलिस ने एक महिला समेत उसकी दो बेटियों के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल वृद्ध महिला को महिला आरक्षी की अभिरक्षा में इलाज के लिए सीएचसी हैसर बाजार भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के गागरगाड़ गांव निवासी सरोजा देवी पत्नी जनार्दन वर्मा ने बताया कि पारिवारिक बंटवारे के विवाद को लेकर शुक्रवार की सुबह सन्ध्या पत्नी बनवारी तथा सलोनी व अनामिका पुत्रीगण बनवारी उसे भद्दी-भद्दी गालियां और जान से मार देने की धमकी देने लगी। उसने गाली देने से मना किया तो उक्त तीनों मां-बेटी ने मिलकर उसके उपर हमला कर दिया और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। घायल वृद्ध महिला सरोजा देवी की तहरीर पर पुलिस ने हमलावर सलोनी, अनामिका और संध्या के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी हमलावर मां-बेटी को जल्द ही गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# मारपीट की घटना में चार नामजद

**नाथनगर** । महुली थाना क्षेत्र के मुखलिसपुर कस्बे में बीते 29 मई को मारपीट कर एक व्यक्ति को घायल कर देने के आरोप में महुली पुलिस ने घायल की तहरीर पर चार हमलावरों के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के मुखलिसपुर कस्बा निवासी चिरकुट पुत्र स्व.रामसमुझ ने बताया कि बीते 29 मई को उसके 10 वर्षीय नाती उमंग से कस्बा निवासी रितेश पुत्र अज्ञात द्वारा ठंडा और नमकीन लाने के लिए कहा गया तो उसके नाती से मना कर दिया जिस पर आक्रोशित रितेश ने उसके नाती को भद्दी-भद्दी गालियां देकर भगा दिया। घर पहुंचकर जब नाती ने रितेश द्वारा अकारण गाली देने की जानकारी दी तो वह रितेश के घर उलाहना देने पहुंच गया जहां रितेश पुत्र अज्ञात,राजनाथ पुत्र हरिशचन्द्र तथा हरिशचन्द्र व धर्मेन्द्र पुत्रगण विश्वनाथ उसे भद्दी-भद्दी गालियां और जान-माल की धमकी देते हुए उसे घर से भगाने लगे तो उसने गाली देने से जब मना किया तो उक्त चारो उसके उपर हमला कर दिए और उसे मारने-पीटने लगे। इस बीच शोर सुनकर उसका बेटा अरविन्द मौके पर पहुंचकर उसका बचाव करने का प्रयास किया तो हमलावर उसे भी मारपीट कर घायल कर दिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावर रितेश, हरिशचन्द्र और धर्मेन्द्र तथा राजनाथ के विरूद्ध आईपीसी की धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# जिला अस्पताल के इमरजेंसी गेट के पास विवाहिता ने दम तोड़ा

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। संयुक्त जिला अस्पताल के इमरजेंसी के पास एक विवाहिता ने दम तोड़ दिया। परिजन विवाहिता को निजी वाहन से बाहर निकाल ही रहे थे कि विवाहिता की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन बिना डाक्टर को दिखाये ही वापस घर को लौट गए। इस घटना को लेकर परिजनों द्वारा अस्पताल के स्टाप व अन्य लोगों के पूछने पर बताया गया कि महिला की तबीयत खराब थी।

थाना कोतवाली खलीलाबाद के तेनुहारी निवासी इंदल की पत्नी कविता उम्र करीब 27 वर्ष अपने बहन की शादी में सम्मिलित होने के लिए थाना मुंडेरवा के टिकरियां गांव अपने मायके गई हुई थी। 22 मई को उसकी बहन की शादी सम्पन्न होने के बाद वह अपने ससुराल वापस नहीं लौटी। इस दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसके पति इंदल के अनुसार कविता को बुखार होने की शिकायत थी जिसे दवा दिया गया। लेकिन शुक्रवार को कविता की तबीयत काफी खराब होने पर निजी वाहन से जिला अस्पताल संतकबीरनगर पहुंचे। अभी वह अस्पताल के इमरजेंसी के पास पहुंचकर वाहन से कविता को बाहर निकल रहे थे कि उसने दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजन बिना डाक्टर को दिखाये ही वहां से मृतका को अपने साथ घर लेकर चले गए। महिला को क्या हुआ उसकी पुष्टि नहीं हो सकी।

# बाइक चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। नगर पंचायत मगहर के सूती मिल चौराहे से गायब बाइक मामले में शुक्रवार को पुलिस ने केस दर्ज किया। मोहम्मदपुर कठार निवासी शैलेश कुमार आर्य पुत्र विरेंद्र कुमार ने तहरीर में कहा है कि वह 29 मई की रात दस बजे बाइक से सूती मिल चौराहा मगहर में एक लाइब्रेरी में पढ़ने गए थे। 30 मई को सुबह पढ़ाई करके बाहर निकले तो बाइक गायब थी।

# मारपीट के मामले में न्यायालय ने दिया केस दर्ज करने का निर्देश

**बखिरा (एसएनबी)।** बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम मलौली में मारपीट के एक मामले में न्यायालय ने बखिरा पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है। मामले में बखिरा थाने से लेकर एसपी कार्यालय तक मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाकर थक चुके पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली थी और अपने अधिवक्ता जय प्रकाश पाठक के माध्यम से मुकदमा दर्ज कराने का आदेश देने की मांग किया था। जिस पर न्यायालय ने मामले का संज्ञान लेकर बखिरा पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है।

मलौली निवासी रामानंद पुत्र रामलखन ने न्यायालय में दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि 28 अप्रैल को रात्रि लगभग साढ़े आठ बजे विपक्षी तेज रफ्तार से हार्न बजाते हुए उसके घर के सामने मोटर साइकिल से जा रहे थे जिस पर उसने मना किया। आरोप है कि मना करने से खार खाये सुक्खु पुत्र बहादुर समेत आठ लोग लाठी डण्डे से लैश होकर एकराय व गोलबंद होकर उसके दरवाजे पर चढ़ आये और उसे तथा उसकी पत्नी को गाली देते हुए मारने पीटने लगे। जिस पर बीच बचाव करने पहुंचे भांजों को भी आरोपियों ने मारा पीटा तथा मोटरसाइकिल को तोड़ दिया। शोर सुनकर मौके पर आस पास के लोग पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। जिसके बाद पीड़ित ने आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए थाने पर तहरीर दिया। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस ने उसके चोटों का डॉक्टरी मुआयना सीएचसी मेंहदावल में कराया और दोनों पक्षों का शांतिभंग में चालान कर दिया। बाद में पुलिस ने विपक्षी की तहरीर पर उसके खिलाफ ही मुकदमा दर्ज कर दिया लेकिन पुलिस ने विपक्षियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया। जिसके बाद उसने उच्चाधिकारियों को भी शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग किया। लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण लिया था।

# सिपाही से मोबाइल चोरी मामले में केस

संतकबीरनगर। औद्योगिक नगर पुलिस चौकी पर तैनात एक सिपाही से हैंडसेट चोरी होने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। औद्योगिक नगर पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही मनीष कुमार यादव का आरोप है कि पांच मई को चिता मोबाइल ड्यूटी के दौरान हैंड सेट क्षेत्र में कहीं गिर गया।

इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई। ढूंढने पर भी हैंड सेट नहीं मिला। आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति के जरिए उक्त हैंड सेट को छुपा लिया गया है। कोतवाल आरके सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया गया।

# 28 वाहनों की जांच में 62 हजार वसूले

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की जांच की। पुलिस ने एमवी एक्ट के तहत 28 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 62,500 रुपये शमन शुल्क की वसूली की। अभियान आगे भी जारी रहेगा। जांच से बचने के लिए कुछ वाहन चालक रास्ता बदलकर भागते नजर आए।

# वादी की सहमति के बाद भी दुष्कर्म के आरोपी को नहीं मिली बेल

संतकबीरनगर। अवयस्क संग दुष्कर्म करने के आरोपी को जमानत देने की वादिनी की सहमति के बावजूद एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम ने आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया । आरोपी दीपक चौरसिया पर वादिनी की 14 वर्षीय अवयस्क पुत्री को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने तथा दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है ।

विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट सत्य प्रकाश गुप्ता उर्फ टीटू ने बताया कि मामला बखिरा थानाक्षेत्र के एक गांव का है। प्रकरण में पीड़िता की मां ने अभियोग पंजीकृत कराया था। उसका आरोप था कि 3 जनवरी 2024 को उसके पिता का एक्सीडेंट हो गया था। उन्हीं को देखने वह अपने मायके गई थी । घर पर उसकी बहू तथा 14 वर्षीय अवयस्क पुत्री थी । समय लगभग 2 से 3 बजे के बीच उसकी पुत्री गायब हो गई। बहू ने काफी खोजबीन किया, परन्तु कुछ पता नहीं चला । उसको आशंका है कि उसकी पुत्री को अनिरुद्ध पुत्र इन्द्रजीत व राजन पुत्र नगेन्दु ग्राम कुकुरडाड़ थाना बखिरा बहला फुसलाकर भगा ले गया तथा गलत काम करने की आशंका है।

पुलिस ने अपहरण का अभियोग पंजीकृत किया । पीड़िता की मां ने कोर्ट में शपथ पत्र प्रस्तुत करके यह याचना किया कि आरोपी की जमानत स्वीकार करने पर उसे कोई आपत्ति नहीं है। एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम ने सुनवाई के पश्चात आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया ।

# उलाहना देने पर पिता-पुत्र को पीटा, चार पर मुकदमा दर्ज

जासं,महुली : महुली थाना के मुखलिसपुर क़स्बा में गुरुवार की रात उलाहना देने गए पिता-पुत्र की पिटाई कर दी गयी। पुलिस चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

महुली थाना के मुखलिसपुर कस्बा निवासी चिरकूट का छोटा बेटा गुरुवार की रात बाहर खड़ा था। उनके कस्बे का एक व्यक्ति उससे ठंडा पानी मांगने लगा। न देने पर उसे पीटने लगा। रोने की आवाज सुनकर वह बाहर आए। उन्हें देखकर वह भाग गया। वह बेटें वीरेंद्र के साथ धर्मेंद्र के घर पहुंचे। उलाहना देने पर वह और उनके भाई हरिश्चंद्र उन्हें व उनके बेटे की पिटाई कर दी। थानाध्यक्ष सतीश सिंह ने कहा कि दो भाई समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

**12 लोग दबोचे गए : संतकबीर नगरः** जनपद की चार थानों की पुलिस ने शुक्रवार को शांतिभंग की आशंका में 12 लोगों को दबोचा। उन्हें थाने पर लेकर पहुंची, कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने तीन, दुधारा पुलिस ने छह, धनघटा पुलिस ने दो व बेलहरकला पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा है।

## दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त की

संतकबीरनगर। अवयस्क संग दुष्कर्म करने के आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने निरस्त कर दिया। 13 वर्षीय अवयस्क पुत्री का मुंह दबाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। मामला जिले के बखिरा थानाक्षेत्र के एक गांव का है। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट सत्य प्रकाश गुप्ता उर्फ टीटू ने बताया कि प्रकरण में पीड़िता के पिता ने अभियोग पंजीकृत कराया है। आरोप है कि 30 अप्रैल 2024 को रात लगभग 8बजे उसकी 13 वर्षीय पुत्री खेत की तरफ शौच के लिए गई थी।

# काली मंदिर की प्रतिमा तोड़ी, क्षेत्र में तनाव



ग्रामीणों के साथ बैठक करते पूर्व विधायक राकेश सिंह (दाएं से दूसरे) • जागरण



मंदिर में स्थापित की नई प्रतिमा • जागरण

जागरण संवाददाता, दुधारा : थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित काली माता मंदिर में रखी हाथी-घोड़े की प्रतिमा कुछ उपद्रवी तत्वों के द्वारा तोड़ दी गई। ग्रामीणों ने प्रतिमा खंडित देखी तो पूरे गांव में तनाव व्याप्त हो गया। कुछ ही देर में मामला क्षेत्र में फैल गया।

मामला गंभीर देख पुलिस प्रशासन के लोग पहुंच गए। बाद में मंदिर में नई प्रतिमा रखवाई गई। शुक्रवार को पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल भी घटनास्थल पर गए और मामले की जांच की मांग की। तीन संदिग्ध आरोपितों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। कोहरियावा गांव में पौराणिक काली माता का मंदिर स्थित है। यहां पर हाथी-घोड़े की प्रतिमाएं भी पुराने समय से रखी हुई हैं। गुरुवार की देर शाम को मंदिर में रखी हाथी-घोड़े की प्रतिमा खंडित दिखाई दी। ग्रामीणों में एक विशेष वर्ग के लोगों के खिलाफ आक्रोश कायम हो गया। लोगों ने मामले में नाराजगी जाहिर किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीएम शैलेष दूबे, सीओ बृजेश सिंह, थाना प्रभारी पंकज पांडेय मौके पर पहुंचे। देर रात करीब 11 बजे नई मूर्तियां को स्थापित की गयी।

खंडित प्रतिमा के स्थान पर नई प्रतिमा स्थापित करा दी गई है। गांव में शांति व्यवस्था कायम है। घटना को लेकर तहरीर मिली है। तीन संदिग्ध हिरासत में लिए गए हैं। जल्द आरोपितों पर केस दर्ज करके उन्हें जेल भेजा जाएगा। पुलिस मामले को लेकर संवेदनशील है।

**पंकज कुमार पांडेय, थानाध्यक्ष, दुधारा**

ग्रामीणों के बुलाने पर मैं घटनास्थल व दुधारा थाने पर गया था। मामले में उच्चाधिकारियों से व थाना प्रभारी से वार्ता की गई है। अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। ग्रामीणों को शांत करने के लिए उन्हें समझाया गया है।

**राकेश सिंह बघेल, पूर्व विधायक मेंहदावल**

# 28 वाहनों से वसूले 62,500 रुपये समन शुल्क

संतकबीर नगर : जिले की विभिन्न थानों की पुलिस ने शुक्रवार को सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। इसमें यातायात पुलिस कर्मियों ने भी सहयोग किया। इस दौरान ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य जरूरी कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 28 वाहनों से 62,500 रुपये समन शुल्क की वसूली की। (जासं)

# डीएम-एसपी ने स्ट्रांग रूम का लिया जायजा



स्ट्रांग रूम की जांच को पहुंचे (दाएं से) डीएम महेंद्र सिंह तंवर और एसपी सत्यजीत गुप्ता ● फोटो सूचना विभाग

**जासं, संतकबीर नगर :** डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता शुक्रवार को एचआरपीजी कालेज-खलीलाबाद में पहुंचे। यहां पर बने जनपद के मेंहदावल, खलीलाबाद व धनघटा विधानसभा के अलग-अलग स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

डीएम ने कहा कि एचआरपीजी कालेज में आगामी चार जून को सुबह आठ बजे से तीनों विधानसभा के इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में पड़े मतों व डाक मत पत्र से डाले गए वोटो की गिनती पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ करायी जाएगी। यहां पर स्ट्रांग रूम स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, स्ट्रांग रुम में नियमित विद्युत आपूर्ति बनाए रखने, साफ-सफाई की व्यवस्था दुरूस्त रखने, शौचालय सहित सभी जरूरी सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी की जांच की गयी।

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था चौकस है। सीसीटीवी कैमरे से इसकी नियमित निगरानी हो रही है। यहां पर बैरियर व पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं की जांच की गयी। एसपी ने कहा कि स्ट्रांग रूम के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इसकी नियमित जांच की जा रही है।

# ग्रामीणों के साथ पूर्व विधायक ने डाला डेरा

कोहरियावा गांव में प्रतिमा खंडित होने की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समर्थकों के साथ मेंहदावल के पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल पहुंचे। उन्होंने थानाध्यक्ष पंकज कुमार पांडेय से वार्ता की। अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया।

इस मामले में लापरवाही होने पर शासन स्तर पर शिकायत करने की चेतावनी दी, जिसके बाद पुलिस तेजी से सक्रिय हुई। इस मामले में कोहरियावा गांव के रामदेव ने तहरीर देकर आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की है। पूर्व विधायक ने ग्रामीणों के संग बैठक करके उन्हें कड़ी कार्रवाई कराने को लेकर आश्वस्त किया, जिसके बाद ग्रामीणों की नाराजगी कम हुई। राकेश सिंह बघेल के घटनास्थल पर पहुंचने के बाद से जनपद का तापमान गर्म हो गया है।

# स्वजन बोले–भीषण गर्मी से युवक की मृत्यु

जासं, बनकसिया : मेंहदावल थाना क्षेत्र के सांड़े खुर्द गांव में युवक को तेज बुखार आने से मृत्यु हो गई। युवक के परिवार के सदस्यों का कहना है भीषण गर्मी के कारण उनकी मृत्यु हुई है। युवक के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए स्वजन अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं।

सांड़े खुर्द के 38 वर्षीय महादेव को शुक्रवार के दिन में अचानक से तेज बुखार आया। शरीर में कंपन होने लगा। लोग उन्हें जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराए, उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। जिला अस्पताल के द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र में सांस फूलने से मृत्यु बताई गई है, जबकि परिवार के सदस्यों का कहना है कि गर्मी से महादेव की जान गई है। परिवार के सदस्य रोने बिलखने लगे। महादेव दो बच्चों सहित पूरे परिवार की परवरिश करते थे। उनकी मृत्यु से पूरा परिवार सदमे में है। उपजिलाधिकारी अरुण कुमार ने कहा कि शव के पोस्टमार्टम के लिए मौके पर लेखपाल को भेज रहा हूं। अगर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गर्मी से मृत्यु की पुष्टि होगी तो उनको सहायता राशि दिलाई जाएगी।



महादेव
● फाइल फोटो



युवक की मृत्यु के बाद रोते-बिलखते स्वजन ● जागरण

# कैबिनेट मंत्री पर हमले के मुख्य आरोपी को जमानत

## 21 अप्रैल को वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान हुई थी वारदात

मगहर। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद पर वैवाहिक समारोह के दौरान विवाद हो गया था। विवाद में राधेश्याम यादव सहित चार लोगों के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज किया गया था। इसमें मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव सहित भी अन्य आरोपियों को एक माह बाद न्यायालय ने जमानत दी है।

खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत ग्राम मोहम्मदपुर कठार निवासी हरीराम निषाद की पुत्री की 21 अप्रैल को शादी थी। इसमें कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद शामिल होने आए थे। द्वारपूजा के बाद जयमाल कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद भी वर-वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे गए। इसी दौरान कुछ लोगों से विवाद हो गया था।

विवाद में हाथपाई से नाक पर चोट लगने से घायल हो गए। घटना के संबंध में उन्होंने सुरक्षा कर्मी की तहरीर पर राधेश्याम यादव, दुर्विजय यादव, सुरेंद्र यादव, जय प्रकाश यादव, सुभाष यादव, गजेंद्र यादव एवं अन्य अज्ञात के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया था।

मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव सहित सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कोर्ट ने एक महीने बाद जमानत दे दिया, देर शाम जेल से रिहा कर दिया। संवाद



एचआरपीजी कॉलेज में मतगणना स्थल का निरीक्षण करते डीएम- एसपी। संवाद

# डीएम-एसपी ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया

## स्ट्रांग रूम की चाक चौबंद सुरक्षा के लिए दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर और एसपी सत्यजीत गुप्त ने शुक्रवार को एचआरपीजी कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा चाक चौबंद रखने का निर्देश सुरक्षा कर्मियों को दिया।

निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम स्थल पर पार्किंग व्यवस्था, स्ट्रांग रुम में विद्युत आपूर्ति बनाए रखने तथा साफ-सफाई एवं शौचालय आदि को सुव्यवस्थित रखने का निर्देश दिया। डीएम ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं चाकचौबन्द व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा की प्रतिदिन मॉनिटरिंग, बैरिकेडिंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था को बेहतर तरीके से रखने का निर्देश दिया।

# महिला से सामूहिक दुष्कर्म तीन आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र निवासी एक विवाहिता के साथ नशीला पदार्थ पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया। आरोपियों ने नशे के हाल में चार पहिया गाड़ी के भीतर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने घटना में संलिप्त तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर घटना में चार पहिया गाड़ी को कब्जे में लिया है।

पुलिस के अनुसार पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी पांच दिसंबर 2023 को कोतवाली क्षेत्र स्थित गांव में हुई। आरोप है कि शादी में शिवकुमार उर्फ शिव मौर्या जो फोटो स्टूडियो मिक्सिंग लैब व जनसेवा केंद्र में चलाता है। वह वीडियो रिकॉर्डिंग के लिए उसके घर पर आया था। शादी के दिन ही वह उसको छेड़ रहा था। शिकायत उसने अपने परिवारीजनों से की तो समझा-बुझाकर शांत कर दिया गया था। शादी के बाद शिवकुमार उर्फ शिव मौर्या ने फोटो व वीडियो को एडिट करके अश्लील बना दिया। इसको उसे दिखाकर ब्लैकमेल करने लगा।

## नशे में तीनों आरोपियों ने चार पहिया गाड़ी के अंदर की वारदात

26 मई की शाम शिवकुमार उर्फ शिव मौर्या निवासी जंगलऊन टोला बलुअरा, राहुल मौर्या निवासी कोडरा उर्फ खोझवा थाना सहजनवां जिला गोरखपुर तथा प्रशांत ग्राम खटौली बड़गो थाना कोतवाली खलीलाबाद के साथ चार पहिया वाहन लेकर उसके ससुराल के पास आए और अश्लील फोटो व वीडियो पति को दिखाने की धमकी देकर मिलने के लिए बुलाया।

वह मिलने गई तो शिवकुमार अपने दोनों साथियों के साथ गाड़ी में बैठा लिए और सहजनवां लेकर गए। सहजनवां में कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसको पिला दिया। तीनों ने नशे में गाड़ी में दुष्कर्म किया। इसके बाद नौका बिहार गोरखपुर ले गए, वहां पर भी तीनों ने दुष्कर्म किया। बाद में गाड़ी से धकेल कर भगा दिया। वह किसी तरह घर पहुंची और पति को जानकारी दी। सीओ ब्रजेश सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों पर केस दर्ज गिरफ्तार कर लिया गया है।

# रुपये हड़पने वाला एक और गिरफ्तार

गोरखपुर। पॉलिसी धारकों का पॉलिसी प्रपत्र प्राप्त कर उनका कूटरचित दस्तावेज बनाकर बैंक से लोन लेने वाले गिरोह के एक और सदस्य को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान रामगढ़ताल के बुद्ध बिहार पार्ट सी तारामंडल निवासी शैलेंद्र श्रीवास्तव के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक, एलआईसी के शाखा प्रबंधक राजकुमार राय ने तीन नवंबर 2023 को तहरीर देकर बैंक एकाउंट देकर धोखाधड़ी से लोन प्राप्त कर लेने का केस दर्ज कर पुलिस विवेचना कर रही थी।

कोतवाली पुलिस ने संतकबीरनगर जिले के धनघटा इलाके के टुरैना व हाल पता तिवारीपुर के मोहनलालपुर निवासी अजय राणा और तिवारीपुर के ही राहुल श्रीवास्तव को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# काम से घर लौटे युवक की मौत परिजन बोले- लू से गई है जान

## बखिरा क्षेत्र के दुर्गजोत का रहने वाला था युवक, स्वास्थ्य विभाग ने कहा- लू से नहीं हुई मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

बखिरा। क्षेत्र के दुर्गजोत निवासी एक युवक की बृहस्पतिवार की देर शाम अचानक तबीयत खराब हो गई। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार युवक को लू लग गया था, जिससे उसकी मौत हुई है।

गांव के एजाज व ग्राम प्रधान अकरम ने बताया कि पप्पू (20) पुत्र सलाहुद्दीन निवासी दुर्गजोत मजदूरी करता था। बृहस्पतिवार को काम से लौटकर शाम को घर आया था। तेज प्यास से उसने शरबत पी लिया। परिजनों ने बताया कि इन दिनों तेज तपन से पप्पू भी लू की चपेट में आ गया है। शाम को करीब छह बजे लू का असर तेज होने से पप्पू की तबीयत बिगड़ गई। इलाज के लिए सीएचसी मेंहदावल लेकर गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। खलीलाबाद ले जाते समय रास्ते में ही बघौली के निकट पप्पू की मौत हो गई। सीएमओ डॉ. रामानुज कन्नौजिया ने बताया कि युवक को पहले से झटका आने की बीमारी थी। उसके परिजनों ने बताया कि वह बाहर से आया और शरबत पी लिया था। इससे नस में कहीं दिक्कत आ गई और उसकी मौत हुई। लू से मौत नहीं हुई है।

## ड्यूटी पर जा रहे सब इंस्पेक्टर की मौत

सेमरियावां (संतकबीरनगर)। गोरखपुर निवासी व बस्ती जनपद के छावनी थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर की बृहस्पतिवार की मौत हो गई। वह शाम को घर से ड्यूटी पर जा रहे थे। सेमरियावां के जामा मस्जिद के सामने सड़क पर बेसुध मिले। लोग उन्हें सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गोरखपुर के कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के करमहवा गांव निवासी देवनाथ आजाद (54) की तैनाती वर्तमान समय में जनपद बस्ती के थाना छावनी में उप निरीक्षक के पद पर थी। बृहस्पतिवार को वह घर से सिविल ड्रेस में ड्यूटी पर जा रहे थे। बीएमसीटी मार्ग पर सेमरियावां जामा मस्जिद के सामने अचेत अवस्था में मिले। लोगों ने शाम करीब 7:30 बजे सीएचसी सेमरियावां में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर, सूचना पर परिजन पहुंच गए। मृतक के बेटे धीरज ने बताया कि शाम को वह घर से डयूटी जाने के लिए निकले थे। सीओ सिटी ब्रजेश सिंह ने बताया कि चिकित्सकों के अनुसार दिमाग में अधिक रक्तस्राव होने से मौत हुआ है। शरीर के अन्य किसी हिस्से पर कोई चोट का निशान नहीं पाया गया है। ब्रेन हैमरेज होने से एसआई की मौत हुई है। संवाद



देव नाथ। फाइल फोटो।

## संदिग्ध हालात में महिला की मौत

संतकबीरनगर। शुक्रवार को एक महिला को लेकर परिजन जिला अस्पताल की इमरजेंसी में आए। चिकित्सकों ने देखते ही महिला को मृत घोषित कर दिया।

उसके परिजन महिला को लेकर घर चले गए। बताया जा रहा है कि महिला मुंडेरवा थाना क्षेत्र की रहने वाली है और उसकी तबीयत अचानक खराब हुई तो परिजन उसे जिला अस्पताल लाए।

जहां उसकी मौत हो गई। परिजन आनन फानन में महिला को लेकर घर चले गए। संवाद

## लापता युवक का पेड़ के नीचे मिला शव

धनघटा। बस्ती जनपद के लालगंज क्षेत्र स्थित ग्राम बानपुर से बृहस्पतिवार की देर शाम लापता युवक का शव शुक्रवार की सुबह महुली क्षेत्र के बानपुर नहर रोड के किनारे बड़े आम के पेड़ नीचे मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक के परिजन द्वारा शिनाख्त करने के बाद शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार शरीर पर किसी तरह के चोट का निशान नहीं है। शुक्रवार को ग्राम भिटनी के ग्रामीण सीवान में स्थित नहर रोड के किनारे स्थित बड़े आम के पेड के नीचे लगभग तीस वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव देखकर शोर मचाया। शव मिलने की जानकारी पर अधिक संख्या में लोग वहां पहुंच गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक की पहचान कराने में जुट गई। क्षेत्र में शव मिलने की खबर फैल गई। इसी दौरान बस्ती जिला के लालगंज क्षेत्र के बानपुर गांव निवासी फूलचन्द्र कुछ लोगों के साथ पहुंचकर मृतक की पहचान अपने बेटे लवकुश के रूप में किया। पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि बृहस्पतिवार को परिवार के साथ रिश्तेदारी में ब्रह्मभोज के लिए गया हुआ था। घर पर केवल लवकुश अकेले था। देर शाम लौटे तो लवकुश का पता नहीं चल सका था। नियमित दिनचर्या की वजह से ज्यादा खोजबीन नहीं किए। शराब अधिक सेवन करने के बाद ही देर रात्रि को वह घर लौटता था। परिजनों के अनुसार मृतक इधर उधर मेहनत मजदूरी का कार्य करके कुछ कमा लेता था। बिजली मरम्मत की भी जानकारी थी। बचपन में एक दुर्घटना में बाएं हाथ की पांचों उंगली कट गई थी। पुलिस के अनुसार प्रथम छानबीन में इस बात की तस्दीक हुई कि कुछ ग्रामीणों ने लवकुश को बृहस्पतिवार की देर शाम पेड़ के नीचे बैठा हुआ देखा था। संवाद

# पुलिस कर्मियों ने दी श्रद्धांजलि

संतकबीरनगर। रिजर्व पुलिस लाइन में एसपी सत्यजीत गुप्ता की अगुवाई में बस्ती के थाना छावनी में तैनात एसआई देवनाथ आजाद के निधन पर पुलिस परिवार ने श्रद्धांजलि दी। पुलिस लाइन में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर व दो मिनट का मौन धारण कर शोक संतृप्त परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

गोरखपुर जनपद के निवासी देवनाथ आजाद वर्ष 1987 बैच के आरक्षी पद पर भर्ती हुए थे। वह वर्तमान समय में थाना छावनी पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। उपनिरीक्षक देवनाथ आजाद तीन दिन के लिए आईपीसी/सीआरपीसी की ट्रेनिंग के लिए गोरखपुर गए थे। जो 30 मई को गोरखपुर से वापस आ रहे थे और जिले के सेमरियावां थाना दुधारा के समीप रास्ते में ही तबीयत खराब हो गई।

इलाज के लिए नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरियावां भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दौरान एएसपी शशिशेखर सिंह, आरआई रजनीकांत ओझा, प्रभारी चुनाव सेल मनोज आदि मौजूद रहे। संवाद

# कोर्ट के आदेश पर मैनेजर पर केस

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर प्राइवेट कंपनी के मैनेजर एवं एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार पीड़िता गीता देवी निवासी कांशीराम आवास बगहिया ने कोर्ट को दिए प्रत्यावेदन में बताया कि उनके पति जयप्रकाश प्राइवेट लिमिटेड कंपनी इंडस्ट्रियल एरिया खलीलाबाद में प्राइवेट काम करते हैं। घटना दो मार्च शाम करीब पांच बजे की है। पति के साथ काम कर रहा व्यक्ति अमित कुमार पुत्र मनोज साह जिसका मकान डीघा के पास स्थित है। फोन पर जोर-जोर से बात कर रहा था। पति ने मना किया तो नहीं माना।

इसके बाद उन्होंने मालिक से शिकायत की बात कही। इस पर अमित ने पति को शटर के कुंदे पर पटक दिया।

इससे पति का सिर फट गया और वह बेहोश हो गए। कुछ देर बाद कंपनी के कुछ लोग उनको घर के सामने छोड़कर चले गए। वह पति को जिला अस्पताल ले गईं और वहां पर दवा इलाज हुआ। होश में आने पर उन्होंने सारी बात बताई। पति को उन्हीं चोटों से समस्या बढ़ने लगी तो एमआरआई कराने पर पता चला कि सिर में काफी चोट के कारण इनकी हालत नाजुक हो गई है और मरणासन्न स्थिति में गुजर रहे है।

पति की कभी भी मौत हो सकती है। कंपनी के मैनेजर धमकी दे रहे हैं कि पुलिस के पास गई तो सबको मरवा देंगे। पुलिस ने मामले में मैनेजर एवं एक अन्य पर केस दर्जकर कानूनी कार्रवाई शुरु कर दी। संवाद

# नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों से वसूला जुर्माना

संतकबीरनगर। ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों से पुलिस ने 62500 रुपये जुर्माना भरवाया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्धों की जांच पड़ताल की।

चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 28 वाहनों के चालकों से 62,500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-06-2024

# शशि भूषण लाल देवीपाटन के मंडलायुक्त बनाए गए

**फेरबदल**

- नरेंद्र भूषण को ऊर्जा और पी गुरु प्रसाद को खाद्य सुरक्षा का प्रभार
- महेश गुप्ता व अनीता सिंह समेत चार आईएएस अफसर हुए सेवानिवृत्त

लखनऊ, विशेष संवाददाता। नियुक्ति विभाग ने चुनाव आयोग से अनुमति के बाद सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों के स्थान पर तैनाती करने के साथ ही प्रभार दिया है। शशि भूषण लाल सुशील को दुग्ध आयुक्त से मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल बनाया गया है। इस पद पर रहे योगेश्वर राम मिश्र शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं।

**नरेंद्र भूषण को ऊर्जा का अतिरिक्त प्रभारः** महेश कुमार गुप्ता अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत और अनीता सिंह अपर मुख्य सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग व आयुक्त एफएसडीए भी सेवानिवृत्त हो गई हैं। नरेंद्र भूषण प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत और पी गुरु प्रसाद को प्रमुख सचिव राजस्व के साथ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग व आयुक्त एफएसडीए का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आईएएस अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा विशेष सचिव आवास और पीसीएस अधिकारियों में मनोज कुमार व जितेंद्र कुमार कुशवाहा भी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए हैं।



सेवानिवृत्त हुए मंडलायुक्त योगेश्वर राम को गणेश प्रतिमा भेंट करते अपर आयुक्त।

# सेवानिवृत्त मंडलायुक्त को विदाई दी

गोण्डा। शुक्रवार को मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र सेवानिवृत्त हो गए। जिले के अफसरों और कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। डीएम नेहा शर्मा, अपर आयुक्त राम प्रकाश, एसपी विनीत जायसवाल ने उनसे मुलाकात करके उन्हें शुभकामनाएं दी। आईएएस अफसर योगेश्वर राम मिश्रा बस्ती और मिर्जापुर के कमिश्नर साथ वाराणसी, अयोध्या व बाराबंकी के डीएम जैसे अहम पद रहे।

# मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रुपईडीह। पुलिस ने शुक्रवार को मारपीट के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। थानाध्यक्ष कौड़िया अंकुर वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के कुछ लोगों ने आपस में मारपीट की थी। इनके विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच व पड़ताल की जा रही थी। जिसमें बच्चा लाल पुत्र जग्गे निवासी बसभरिया को  शांतिभंग की आशंका के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा।

# विवाद करने के आरोपी पिता-पुत्र को पकड़ा

धानेपुर। धानेपुर पुलिस ने पारिवारिक विवाद को लेकर विवाद करने के मामले में राजा गली के रहने वाले बाप बेटे को गिरफ्तार कर चालान भेजा है । प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि नगर पंचायत धानेपुर के राजगली मोहल्ला के रहने वाले बाप बेटे के बीच पारिवारिक विवाद को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने लल्लू व उनके बेटे अमित को गिरफ्तार का चालान भेजा गया है।

## पैसों के लेनदेन के चक्कर में दोस्त को ही मार डाला, गिरफ्तार

# खुलासा: दोस्त ने ली थी व्यापारी के बेटे की जान



शुक्रवार को व्यापारी के बेटे के हत्यारोपियों के बारे में जानकारी देते एसपी।

**गोण्डा, संवाददाता।** शहर के रानीबाजार निवासी व्यापारी के बेटे सूरज गुप्ता की हत्या का पुलिस ने शुक्रवार को राजफाश कर दिया है। दो आरोपी युवकों को पकड़कर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार सहित अन्य सामान बरामद कर लिया है।

एसपी विनीत जायसवाल ने बताया आरोपी से हुई पूछताछ के दौरान पता चला कि सूरज व आरोपी राम नेवटिया दोनों दोस्त थे। उनके बीच पैसे का लेनदेन था। सूरज अक्सर राम नेवटिया से अपने पैसे की मांग करता रहता था। इसके चलते आरोपी रामनेवटिया नाराज था। बकौल एसपी, राम नेवटिया ने अपनी दुकान में काम करने वाले शिवा के साथ मिलकर सूरज गुप्ता को मारने की योजना बनायी। बीते 27 मई की रात करीब 08 बजे आरोपी राम नेवटिया ने सूरज को कार में बैठाकर शराब पिलायी। इसके बाद लखनऊ-गोण्डा मार्ग पर सुनसान जगह गाड़ी रोककर आरोपी राम नेवटिया ने सूरज का नाक-मुंह दबा दिया। वहीं, गाड़ी की पिछली सीट पर बैठे नौकर शिवा ने पीछे से सूरज के गले में रुमाल से वायर लपेटकर कस दिया जिससे सूरज की मृत्यु हो गयी। एसपी ने बताया कि दोनों आरोपी हत्या करने के बाद सूरज की लाश को ठिकाने लगाने के लिए बालपुर की तरफ गए लेकिन वहां सुनसान जगह नहीं मिली। इसकी वजह से वापस एससीपीएम कालेज की तरफ आये और फैमिली रेस्टोरेन्ट के नजदीक सर्विस रोड पर करीब 200 मीटर अन्दर जाकर सुनसान जगह पर शव को फेंककर भाग निकले। शुक्रवार को स्टेशन रोड पर डीजल लोकोशेट के बगल तिराहे के पास से आरोपी रामनेवटिया पुत्र मदन गोपाल निवासी रानीबाजार और शिवा कनौजिया पुत्र रामपदारथ निवासी मोहल्ला बड़गांव को पुलिस टीम ने धर दबोचा। गौरतलब है कि नगर कोतवाली क्षेत्र में 28 मई को सुबह लखनऊ रोड स्थित गांव लालपुर चंद्रभान गांव के बाहर सम्मय माता मंदिर जाने वाली सड़क के किनारे युवक का शव मिला था।

# युवती लापता हुई, केस दर्ज

धानेपुर। धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहनी वाली एक युवती नाटकीय ढंग से लापता हो गई है।

पिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति के मुताबिक उसकी 22 वर्ष की लड़की बीते 26 मई 24 को दिन में तकरीबन 2:30 बजे अचानक गायब हो गई है। इसके बाद रिश्तेदारी सहित अन्य स्थानों पर काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं पता नहीं चला। पीड़ित ने आशंका जताई है कि उसकी लड़की को कोई युवक शादी करने की नीयत से भगा ले गया है। इसके बाद शिकायत की गई। केस दर्ज किया गया है।

# दुराचार के आरोपी को 25 साल की कैद, अर्थदंड भी

गोंडा,विधि संवाददाता। अपर जिला जज राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने दुराचारी को पच्चीस वर्ष की कैद व पैंतीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

जिला शासकीय अधिवक्ता के अनुसार थाना कोतवाली नगर अंतर्गत ग्राम सोनी हरलाल अहिरन पुरवा निवासी राजेश कुमार पुत्र राम सूमरे उर्फ निक्के के विरुद्ध अपहरण व दुराचार सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस व दलीलों को सुना।

# गैंगरेप पीड़िता ने एसपी से लगाई कार्रवाई की गुहार

**शिकायत**

परसपुर, संवाददाता। चौकी शाहपुर क्षेत्र के एक गांव निवासिनी किशोरी चार मई को खेत में शौच के लिए गई थी। वहां घात लगाए बैठे दो लोग विद्यालय के बगल झाली में खींचकर ले गए और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पांच मई को मां के तहरीर पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट में ही केस दर्ज किया। मामले में पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को प्रार्थना पत्र देकर चौकी इंचार्ज पर बयान में बेजा दबाव बनाने व डाक्टरी न कराए जाने का आरोप लगाया है।

पीड़िता ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह चार मई को शौच के लिए खेत गई थी। वहां पहले से घात लगाए दो आरोपी विकास मिश्रा व छोटू उसका हाथ पकड़ कर विद्यालय के पास झाली में खीच ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। शोर पर भाई व पिता पहुंचे तो आरोपी उसे अर्द्धबेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गये। मामले में पुलिस पर मामले का अल्पीकरण करके मुकदमा दर्ज करने का आरोप है।

# गावों में मारपीट में दो घायल, आठ पर केस दर्ज

परसपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम नन्दौर पूरे छावनी के रहने वाले वीरपाल तिवारी ने रिपोर्ट में कहा है कि पुत्र शिवम तिवारी गुरुवार की सुबह गन्ना खेत देखने गया था। तभी पप्पू तिवारी, हरिकुमार, हरि किशन व शुभम ने धमकी देते हुए उसे पीट दिया। दूसरी घटना ग्राम सरैया पूरे पाठक के राजकुमार पाण्डेय ने रिपोर्ट में कहा है कि प्रवीन, सच्चिदानंद, मधु व यशोदा ने उसकी दीवार तोड़ने लगे।

# नाबालिग को भगाकर दुराचार का आरोपी बंदी

नवाबगंज। थाना क्षेत्र की किशोरी को भगाकर उसके साथ दुराचार करने के वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि एक महिला ने थाने में सूचना दी थी कि उसकी नाबालिग लड़की को विपक्षीगण बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गये हैं। इस मामले में लाले उर्फ गुलसन समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

---

# जलाकर पत्नी की हत्या के दोषी पति को उम्रकैद की सजा

गोंडा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दहेज प्रताड़ना और पत्नी की जलाकर हत्या के मामले में दोषी पति को आजीवन कारावास और 55 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार खरगूपुर थाना क्षेत्र की निवासी राजकुमारी ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसने अपने बेटी अनीता की शादी ग्राम मंगलनगर बरईनपुरवा निवासी मनोज कुमार के साथ की थी।

मनोज कुमार, उनकी मां और बहनोई विनोद कुमार दहेज की मांग कर उसे प्रताड़ित करते थे। 11 जुलाई 2021 को साढ़े आठ बजे सुबह बेटी को मारा पीटा और केरोसिन छिड़ककर जला दिया। सूचना मिलने पर वह जब अस्पताल पहुंची तो वहां बेटी अनीता की मौत हो गई थी। विवेचना में पुख्ता साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी मनोज कुमार के खिलाफ न्यायालय में दाखिल किया। ट्रायल के दौरान हत्या व दहेज प्रताड़ना का संदेह से परे साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने आरोपी अभियुक्त मनोज कुमार को दोषी करार दिया। शुक्रवार को इस मामले में निर्णय सुनाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राजेश कुमार ने दोषी मनोज कुमार को पत्नी की हत्या व दहेज प्रताड़ना के अपराध में आजीवन सश्रम कारावास व 55 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। (संवाद)

# मारपीट में 14 घायल, 19 पर केस

जागरण टीम • गोंडा : जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट में 14 लोग घायल हो गए। पुलिस ने 19 आरोपितों पर मुकदमा किया गया है।

वजीरगंज : सरायखत्री बड़ीसरैया निवासी नेहा चौहान ने दी गई तहरीर में कहा कि उसके पति नंद लाल चौहान निवासी ग्राम धौरहरा थाना कोतवाली टांडा जनपद अंबेडकर नगर ने उसे व उसकी बहन नीरू चौहान को मारापीटा। भिटिया निवासी संजय कुमार चौहान ने कहा कि जमीन विवाद में तिलक राम, साहिल चौहान, प्रवीण पांडेय, मनीष पांडेय, आशीष पांडेय, सुरेश कुमार पांडेय ने मारापीटा। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि दोनों मामले में आरोपितों पर मुकदमा किया गया है। नवाबगंज : कस्बा के मुहल्ला कहरान निवासी संजय सोनी ने दी गई तहरीर में कहा कि गुरुवार की शाम को कटी तिराहा स्थित दुर्गा माता मंदिर के पीछे चाय की दुकान पर थे। कस्बा के तिकोना पार्क निवासी वीरू सिंह व नवाबगंज गिर्द के ठठिया निवासी वैभव तिवारी पहुंचे और अभद्रता करने लगे। मना करने पर पिटाई की। उसका मोबाइल तोड़ दिया। साकीपुर गांव के रहने वाले सुरेश सिंह ने कहा कि भूमि विवाद में गुरुवार की शाम को उनके भाई कमलेश सिंह, भाई के बेटे अरविंद, शेखर व रवि सिंह ने मारापीटा। बीच बचाव के लिए उनकी पत्नी सरिता सिंह की भी पिटाई की। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि दोनों मामले में आरोपितों पर मुकदमा किया गया है। खरगूपुर : ग्राम पंचायत हिंदू नगर बाकी के तेलई पुरवा निवासी सुखदेव सोनकर व शिवकुमार सोनकर के बीच भूमि विवाद को लेकर मारपीट हुई। दोनों के आठ लोग घायल हो गए।

# इलाज में लापरवाही से मरीज की मौत का आरोप लगा तीमारदारों ने किया प्रदर्शन

संस, जागरण • गोंडा : नगर के एससीपीएम हास्पिटल में उल्टी-दस्त की समस्या को लेकर भर्ती मरीज की मौत के बाद तीमारदारों ने हंगामा किया। इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। हास्पिटल में मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया प्रसारित हो रहा है।

कर्नलगंज के दूदा गांव निवासी लालजी दुबे ने बताया कि उनके बड़े भाई ओम प्रकाश दुबे को उल्टी- दस्त की शिकायत पर बुधवार रात एससीपीएम अस्पताल में भर्ती कराया था। चिकित्सक ने ओमप्रकाश को वेंटिलेटर पर रखकर इलाज शुरू किया। आरोप लगाया कि कोई सीनियर डाक्टर उनके भाई को देखने नहीं आया। इलाज में लापरवाही से गुरुवार को उनके भाई ओमप्रकाश की मौत हो गई। ओम प्रकाश की मां गीता दुबे का आरोप है कि मरीज की हालत गंभीर देखकर वह बड़े डाक्टर से मिलने के लिए जा रही थी तो गेट पर खड़े अस्पताल कर्मियों ने उन्हें रोक दिया। विरोध करने पर उनके साथ हाथापाई व मारपीट की गई। ओम प्रकाश की मौत के बाद स्वजनों ने हंगामा शुरू कर दिया।

> मरीज को गंभीर हालात में बुधवार रात में भर्ती कराया गया था। वेंटिलेटर पर रखने के बाद इलाज किया जा रहा था। परिजन से लखनऊ ले जाने के लिए कहा गया था, लेकिन वह तैयार नहीं हुए। अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन की निगरानी में इलाज किया जा रहा था। हालात गंभीर होने की वजह से उसे बचाया नहीं जा सका। मारपीट का आरोप निराधार है।
>
> – **डा. ओएन पांडेय,** अध्यक्ष एससीपीएम हास्पिटल

इंटरनेट पर प्रसारित वीडियो में मारपीट के साथ गालीगलौज व लात घूंसा चलता दिख रहा है। सीओ विनय कुमार सिंह व कोतवाली के पुलिसकर्मियों ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने कहा कि 30 मई की रात को एससीपीएम हास्पिटल में विवाद की सूचना मिली थी। दोनों पक्षों को शांत कराया। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# चुनाव ड्यूटी से गैरहाजिर रहे दो कर्मियों पर मुकदमा

संसू, जागरण • वजीरगंज : चुनाव ड्यूटी में गैर हाजिर रहने वाले दो कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है।

सहायक विकास अधिकारी पंचायत की तहरीर पर सफाई कर्मचारी चांदनी व राजेंद्र नाथ इंटर कालेज डुमरियाडीह के प्रधानाचार्य की तहरीर पर रामकेश की तहरीर पर अनुचर राजेश निवासी ग्राम हारीपुर पोस्ट मझगवां कोतवाली देहात के विरुद्ध मुकदमा लिखा गया है। आरोप है इनकी चुनाव में मतदान कर्मी के रूप में ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन यह ड्यूटी से गैर हाजिर रहे। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि दोनों तहरीर पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा में मुकदमा किया गया है।

## उपवल्ध कराई वैक्सीन

आर्यनगर : रुपईडीह के विभिन्न गांवों में अभियान चलाकर 14 हजार 350 पशुओं को गलाघोंटू का टीकाकरण कराने के लिए पशु चिकित्सालय को वैक्सीन उपलब्ध करा दी है। पशु चिकित्साधिकारी डा. निशांत यादव ने बताया कि गांव-गांव जाकरटीकाकरण किया जाएगा। (संसू)

# व्यापारी पुत्र की लेनदेन को लेकर की गई हत्या

**राजफाश**

संसू, जागरण • गोंडा : रानी बाजार निवासी गल्ला व्यापारी धर्म प्रकाश गुप्त के पुत्र सूरज गुप्त की हत्या का पुलिस ने राजफाश किया है। रुपये के लेनदेन को लेकर मुहल्ले के ही राम नेवटिया ने नौकर शिवा के साथ मिलकर सूरज की हत्या की थी। पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाने का दावा करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि बीते 28 मई को दुल्लापुर खालसा गांव स्थित टेढ़ी नदी व सम्मय माता मंदिर से 500 मीटर दूर स्थित गोसाई पुरवा के पास लगी बांस की झाड़ी में युवक शव मिला था। उसी शाम को गल्ला व्यापारी धर्मप्रकाश गुप्त अपने बेटे सूरज की गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए परिवारीजन के साथ नगर कोतवाली आए थे। उनको फोटो दिखाया गया। परिवारीजन ने मृतक की पहचान सूरज गुप्त के रूप में की। हत्या का मुकदमा दर्ज करने के साथ ही राजफाश के लिए पुलिस की चार



पुलिस कार्यालय में हत्या का राजफाश करते एसपी विनीत जायसवाल • जागरण

टीमों को लगाया गया था। डीजल लोकोशेड के बगल तिराहे के पास से रानी बाजार निवासी राम नेवटिया व बड़गांव निवासी शिवा कनौजिया को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपित राम नेवटिया ने बताया कि मृतक व उसके बीच पैसे का लेनदेन था। मृतक कर्ज में दिए गए रुपये को मांगता था इससे क्षुब्ध होकर आरोपित रामनेवटिया ने अपनी दुकान में काम करने वाले शिवा के साथ मिलकर सूरज गुप्त को मारने की योजना बनाई। 27 मई की रात आठ बजे आरोपितों ने सूरज गुप्त को कार में बैठाकर शराब पिलाया। लखनऊ-गोंडा मार्ग पर गोल्डन फेयरी के पास एक सुनसान जगह में गाड़ी रोककर सूरज का नाक मुंह दबाया। शिवा ने गाड़ी की पिछली सीट पर बैठकर पीछे से सूरज के गले में रुमाल से वायर लपेटकर गला कस दिया, जिससे सूरज की मृत्यु हो गई। मृतक की लाश को ठिकाने लगाने के लिए बालपुर की तरफ गए, लेकिन सुनसान जगह न मिलने के कारण वापस एससीपीएम कालेज की तरफ आए और हाईवे से 200 मीटर अंदर जाकर शव को फेंक कर चले गए। एसपी के कहा कि आरोपितों के पास से हत्या में उपयोग किए गए डिजायर कार व बिजली का तार बरामद किया गया है।

# दो युवकों के शव मिले, नहीं की जा सकी शिनाख्त

संसू, जागरण • नवाबगंज (गोंडा) : दो अलग-अलग गांवों में संदिग्ध हालात में दो युवकों का शव मिला है। शवों की पहचान नहीं हो सकी है। दुर्गागंज माझा के पुराने सरयू पुल के पास सड़क के किनारे एक युवक का जबकि दुल्लापुर रेलवे क्रासिंग के बगल में नगवा गांव के पास सड़क के किनारे गड्ढे में दूसरे युवक का शव मिला। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि दोनों की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

# एक लाख अजनबियों को बांट दिए चूल्हे व सिलेंडर, अब खोज रहे घर

## पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय का शिकंजा, फंस सकतीं एजेंसियां

संसू, जागरण • गोंडा : उज्ज्वला का लक्ष्य पूरा करने की जल्दबाजी अब गैस एजेंसियों के ही गले की फांस बन गई है। एक लाख से अधिक उज्ज्वला कनेक्शन धारकों की ई-केवाईसी न हो पाने पर पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय विभाग ने हर हाल में सभी उज्ज्वला कनेक्शन धारकों का ई-केवाईसी कराने को कहा है, लेकिन गैस एजेंसियां अपने ही अपने ही उपभोक्ताओं को नहीं खोज पा रही हैं।



धानेपुर में ई केवाइसी करता एजेंसी कर्मी • सौ. स्वयं

> एक लाख उज्ज्वला कनेक्शनों की ई-केवाईसी नहीं हो पाई है,जो चिंताजनक है। सभी कनेक्शन धारक ई-केवाईसी जरूर करा लें, अन्यथा उनकी सब्सिडी रुक जाएगी।
>
> –कृष्ण गोपाल पांडेय, जिला पूर्ति अधिकारी गोंडा

सात पहले शुरू हुई उज्ज्वला योजना में अपनों को लाभ देने के लिए कागजों में कनेक्शनधारक किसी को बना दिया और चूल्हा व सिलेंडर किसी और को दे दिया। कुछ लोग केवल कागजों में लाभार्थी बन गए तो कुछ लोग बिचौलियों के माध्यम से बिना पते का कागज दिए ही गैस चूल्हा व सिलेंडर लेकर चले गए। अब जब उच्चाधिकारी सवा तीन लाख में ई केवाईसी न कराने वाले एक लाख कनेक्शन धारकों को खोजने का दबाव बना रहे हैं तो गैस चूल्हा व सिलेंडर न पाने से नाराज कनेक्शन धारक सहयोग नहीं कर रहे हैं और बिना कागज के गैस सिलेंडर व चूल्हा लेकर चले गए,वह कागज देने को तैयार नहीं है।

इस तरह गैस एजेंसियां खुद अपने ही बुने जाल में फंस गई हैं। हालत यह है कि एजेंसियां सिलेंडर व चूल्हा ले जाने वाले एक लाख लोगों का घर ही नहीं खोज पा रही हैं। ऐसे में सख्ती बढ़ने के बाद माना जा रहा है कि ई-केवाईसी में पीछे रही गैस एजेसिंयों के क्षेत्र में कनेक्शन धारकों के सत्यापन का अभियान चल सकता है,जिससे वे कार्रवाई की जद में आ सकती हैं। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी के गैस नोडल अधिकारी सूरज शुक्ल ने बताया कि 30 जून तक उज्ज्वला कनेक्शन धारकों ने ई-केवाईसी नहीं कराई तो कनेक्शन ब्लाक हो सकता है। यह होते ही अब तक दी गई सभी सब्सिडी वापस ले ली जाएगी,जिससे गैस एजेंसियों का नुकसान लगेगा।

**एक गैस एजेंसी पर हो चुका है मुकदमाः** गरीबों के हिस्से का सिलेंडर व चूल्हा खुले बाजार में बिक्री करने वाली एजेंसियां कई हैं,लेकिन ठगी के शिकार हुए पीड़ितों के अलग-अलग होने के कारण कोई कार्रवाई नहीं हुई, हालांकि डोमाकल्पी के ग्रामीणों की एकजुटता के बाद पूर्ति निरीक्षक बालेश्वर मणि त्रिपाठी ने मंगलम गैस एजेंसी पर मुकदमा किया था, तब ग्रामीणों को हक मिला था, लेकिन अब भी तमाम लोग भटक रहे हैं।

# चुनाव ड्यूटी में गए जिले के चार होमगार्डों की मौत

संसू, जागरण • गोंडा : मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव कराने गए जिले के चार होमगार्डों की वहीं मौत हो गई है। उनके शवों को घर लाए जाने की व्यवस्था की जा रही है।

जिला कमांडेंट होमगार्ड चंदन सिंह ने कहा कि गोंडा नगर कंपनी के जवान अरुण कुमार, बच्चा राम चौबे, जीवन लाल यादव व तुर्का डीहा निवासी नगर कंपनी द्वितीय के जवान पराग नरायन मिश्र चुनाव ड्यूटी पर मिर्जापुर गए थे। ड्यूटी के दौरान वह बीमार हो गए। उनको मिर्जापुर में ही अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई है। जिला कमांडेंट ने जवानों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अरुण की गुरुवार को मौत हो गई थी। अन्य तीनों ने शुक्रवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। वह अभी मिर्जापुर में ही हैं। जवानों का शव घर भेजवाने की व्यवस्था की जा रही है। उनके घर वालों को सूचना दे दी गई है।

# लखनऊ में मुठभेड़, गोंडा के बदमाश को लगी गोली, दो फरार

लखनऊ के मटियारी में शिवपुरी मोड़, राष्ट्रीय उद्योग आश्रम इंटर कालेज के पास शुक्रवार तड़के पुलिस और बाइक सवार बदमाशों में मुठभेड़ हुई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। उसे लोहिया संस्थान में भर्ती कराया गया है, जबकि दो पुलिस को चकमा देकर भाग निकले।

पुलिस उपायुक्त पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक घायल बदमाश की पहचान राकेश सिंह उर्फ छोटू के रूप में हुई। वह हाल ही में जेल से छूटा था। उसके खिलाफ लूट, चोरी के 12 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। कृष्णानगर थाने से गैंगस्टर एक्ट की भी कार्रवाई हुई है। तड़के पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ बदमाश राष्ट्रीय उद्योग आश्रम कालेज के पास हैं और कोई आपराधिक वारदात कर सकते हैं। इंस्पेक्टर चिनहट अश्वनी कुमार चतुर्वेदी और क्राइम टीम पहुंची तो बदमाश भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी की कोशिश की तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से राकेश सिंह घायल हो गया। उसके फरार साथियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

एडीसीपी पूर्वी अमित कुमावत के मुताबिक राकेश ने बताया कि तीन माह पहले ही वह जेल से छूटा था। राकेश के पास से एक तमंचा और दो कारतूस, एक खोखा और बाइक बरामद की गई है। राकेश मूल रूप से गोंडा के इस्लामपुर खोडारे का रहने वाला है। यहां चिनहट में डूडा नंदपुर कालोनी में रहता है। एसीपी के मुताबिक राकेश, विजयन खंड गोमतीनगर में रहने वाले जिम संचालक अर्पित के यहां पहचान छिपाकर डेढ़ माह से नौकरी कर रहा था। वहां अपना नाम रमेश बताया था।

(इनपुट : लखनऊ संवाददाता)

# अवैध खनन पर नायब तहसीलदार, एसओ, आरआइ व लेखपाल होंगे जिम्मेदार

संसू, जागरण ● गोंडा : पुलिस व राजस्व विभाग की निगरानी के बावजूद अवैध खनन की शिकायतें बंद नहीं हो रही हैं। एसडीएम सदर ने अवैध खनन की पुष्टि होने पर लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, एसओ के साथ ही नायब तहसीलदार पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। तहसीलदार व नायब तहसीलदार से क्षेत्र भ्रमण करके रिपोर्ट मांगी गई है।

एसडीएम सदर अवनीश त्रिपाठी ने बताया कि बालू व मिट्टी का अवैध खनन रोकने के लिए तहसील स्तर पर टास्कफोर्स गठित है। उन्होंने कहा कि अनुमोदित खनन योजना एवं पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र में उल्लिखित शर्तों के अनुसार पड़ोस के खेत की गहराई से आधा चकरोड व ग्रामीण सड़क से दस मीटर, राज्य व राष्ट्रीय मार्ग से 50 मीटर, वन विभाग की भूमि से 100 मीटर से अधिक, नदी व सेतु से 250 मीटर की अधिक दूरी से खनन करना अनुमन्य है। बिना अनुमति के किसी भी भूमि पर खनन नहीं किया जा सकता।

थाना प्रभारी, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल को अवैध खनन व परिवहन रोकने के आदेश दिए गए हैं। एसडीएम ने कहा कि यदि कहीं अवैध खनन हुआ है तो खनन की गहराई, लंबाई व चौड़ाई मापकर अवैध खनन करने वाले का नाम व पता उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि यदि कहीं अवैध खनन की पुष्टि हुई तो संबंधित की संलिप्तता मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार गोंडा, बिरवा, धानेपुर व खरगूपुर को अवैध खनन की निगरानी के निर्देश दिए हैं।

### सीओ को कार्रवाई के लिए भेजा पत्र

सदर तहसील के परसा सोहंसा निवासी गिरजा प्रसाद ने सालपुर चौकी इंचार्ज पर अवैध खनन में संलिप्त होने आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की थी। जिलाधिकारी ने एसडीएम को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसडीएम सदर ने सीओ सिटी को संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र भेजा है।

# दुष्कर्म के दोषी को 25 वर्ष का कारावास

संसू ● गोंडा : किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने दोषित को सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने ग्राम अहिरन पुरवा सोनी हरलाल कोतवाली नगर निवासी राजेश कुमार यादव को 25 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं न्यायालय ने दोषित को 35 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार सिंह व सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि तीन फरवरी 2021 को कोतवाली नगर के एक गांव में दोषित ने किशोरी का अपहरण कर लिया था। बंधक बनाकर दुष्कर्म किया था। जानकारी होने पर पीड़िता के स्वजन ने दोषित के

## पत्नी की हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास

संसू ● गोंडा : तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार ने ग्राम मंगलनगर बरईना पुरवा नयागांव थाना खरगूपुर निवासी मनोज कुमार को आजीवन कारावास की का सुनाई है। साथ ही दोषित को 55 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अमित पाठक ने बताया कि वर्ष 2017 में दोषित का विवाह अनीता के साथ हुआ था। विवाह के बाद दहेज की मांग को लेकर दोषित, अनीता को प्रताड़ित करता रहता था। 11 जुलाई 2021 की सुबह दोषित ने मारपीट करते हुए अपनी पत्नी अनीता को केरोसिन डालकर जिंदा जला दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। मृतका की मां राजकुमारी ने दोषित के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न व हत्या का मुकदमा किया था।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, ए.एम.सी., लखनऊ

# अच्छे कार्य करो तो जिंदगी भर मिलता है सुकून






विकास भवन सभागार में संयुक्त विकास आयुक्त प्रदीप कुमार यादव को स्मृति चिन्ह भेंट करतीं सीडीओ एम. अरुन्मोली और आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र को स्मृति चिन्ह भेंट करते अपर आयुक्त प्रशासन राम प्रकाश ● सौ. स्वयं

- आयुक्त देवीपाटन मंडल ने अधिकारियों को दी सीख
- आयुक्त की सेवानिवृत्ति पर अधिकारियों ने दी विदाई

संस, जागरण ● गोंडा : ईश्वर ने यदि आपको किसी लायक बनाया है तो अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करो। अच्छा कार्य करने से न सिर्फ सम्मान मिलता है बल्कि, जिंदगी भर सुकून भी मिलता है। हमें जल्दबाजी में कोई भी फैसला नहीं लेना चाहिए। यह सीख आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र ने कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को दी।

उन्होंने कहा कि पीड़ितों की मदद व गरीबों को न्याय दिलाना ही अधिकारी की प्राथमिकता है। आयुक्त देवीपाटन मंडल के पद पर उन्होंने 24 मई 2023 को कार्यभार संभाला था। शुक्रवार को वह सेवानिवृत्त हो गए। कार्यालय सभागार में अपर आयुक्त प्रशासन राम प्रकाश, अपर आयुक्त न्यायिक जेपी गुप्ता, वैयक्तिक सहायक रक्षाराम वर्मा, शिवगोपाल तिवारी, अभिषेक उपस्थित रहे। उधर, संयुक्त विकास आयुक्त देवीपाटन मंडल प्रदीप कुमार यादव भी सेवानिवृत्त हो गए। विकास भवन सभागार में कार्यक्रम आयोजित करके उन्हें सम्मानित किया गया।

अफसरों ने संयुक्त विकास आयुक्त के कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने 13 जनवरी 2023 को मंडल में कार्यभार संभाला था। परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रशेखर, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त श्रम रोजगार जनार्दन प्रसाद यादव, उपायुक्त स्वत : रोजगार जेएन राव, डीपीआरओ लालजी दुबे, बीडीओ मृत्युंजय यादव, विजयकांत मिश्र, देवानंद पांडेय उपस्थित रहे। वहीं, कटराबाजार ब्लाक में सेवानिवृत्त लेखाकार अखिलेश कुमार श्रीवास्तव को बीडीओ अंकित वर्मा व भाजपा नेता भवानीभीख शुक्ल ने सम्मानित किया।

# अपग्रेड होगा सारथी, कल से दो दिन नहीं बन पाएंगे डीएल

संसू, जागरण • गोंडा : परिवहन विभाग के सारथी पोर्टल को एक बार फिर दो दिन अपग्रेड करने की तैयारी में है।

सारथी पोर्टल का पुराना वर्जन होने के कारण की-मैनेजमेंट सिस्टम (केएमएस) से स्मार्टकार्ड का डाटा मिसमैच होने की समस्या आ रही है। इसके चलते स्मार्ट कार्ड बनने के बाद भी लाइसेंस धारकों के पते पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसे देखते हुए परिवहन विभाग दो व तीन जून को केएमएस अपग्रेड करने जा रहा है। इसलिए दो व तीन जून को सारथी पोर्टल बंद रहेगा। इससे लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदन समेत अन्य सभी कार्य नहीं हो पाएंगे। चार जून को सारथी पोर्टल शुरू होने के बाद पांच जून की स्लाट मिल पाएगी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) बबिता वर्मा ने बताया कि लाइसेंस संबंधी सेवाएं शनिवार के बाद रविवार व सोमवार को बंद रहेंगी। मंगलवार से ही इनके शुरू होने की उम्मीद है,इसलिए दो दिनों बाद ही अभ्यर्थी कार्यालय आएं।

## तीन दिनों में 32 वाहन पकड़े 110 पर सात लाख जुर्माना

यातायात नियमों की अनदेखी कर सड़क पर चल रहे 32 वाहनों को बंद करा दिया गया। धानेपुर, वजीरगंज, इटियाथोक, आर्यनगर, कर्नलगंज समेत विभिन्न मार्गों पर चले परिवहन विभाग के चेकिंग अभियान में तीन बसें, आठ ट्रक,पांच यात्री वाहन व 16 मालवाहनों को बंद कराया गया। ये वाहन बिना परमिट व फिटनेस के ओवरलोडिंग कर रहे थे। इनके अलावा बिना सीट बेल्ट व हेलमेट के चल रहे 110 वाहन चालकों पर सात लाख दस हजार रुपये का जुर्माना लगा है। यात्री कर अधिकारी शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि 32 वाहन बंद करा दिए हैं जबकि 110 वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया है।


पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा

खुली ई-निविदा सूचना सं. इज्जत/इलै./ओ.टी./08/2024 दि. 29.05.2024

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है :-

क्रम सं. 01, कार्य का नाम : इज्जतनगर मण्डल में बिलासपुर स्टेशन पर रेक हैण्डलिंग प्लेटफार्म से सम्बंधित विद्युतीय कार्य तथा बाजपुर स्टेशन पर गुडस शेड प्लेटफार्म का विकास, वाटरबूथ, मर्चेण्ट रूम यूज विद कन्टेनर, 2 नग पी.पी. शेल्टर फोर लेबर 02 हाई मास्ट, टायलेट एण्ड बाथरूम से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। अनुमानित लागत रू. में :

# शशि भूषण लाल सुशील बने देवीपाटन के मंडलायुक्त

- नरेन्द्र भूषण को ऊर्जा और पी. गुरु प्रसाद को एफएसडीए का अतिरिक्त प्रभार
- महेश कुमार गुप्ता, अनीता सिंह सहित चार आइएएस अधिकारी हुए सेवानिवृत्त

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ :** वर्ष 2001 बैच के आइएएस अधिकारी शशि भूषण लाल सुशील देवीपाटन मंडल के आयुक्त बनाए गए हैं। यहां के मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। इनके साथ ही अपर मुख्य सचिव ऊर्जा महेश कुमार गुप्ता, अपर मुख्य सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अनीता सिंह व विशेष सचिव राकेश कुमार मिश्र भी शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए।

महेश गुप्ता 1987 बैच के आइएएस अधिकारी हैं। अब ऊर्जा विभाग का अतिरिक्त प्रभार 1992 बैच के प्रमुख सचिव नरेन्द्र भूषण को दिया गया है। उनके पास विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग है। वहीं, अनीता सिंह 1990 बैच की अधिकारी हैं। उनका विभाग खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार 1999 बैच के अधिकारी पी. गुरु प्रसाद को सौंपा गया है। प्रमुख सचिव राजस्व के साथ यह विभाग भी वह देखेंगे। वहीं, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने शुक्रवार को महेश कुमार गुप्ता, अनीता सिंह व राकेश कुमार मिश्र सहित सचिवालय सेवा के 25 अधिकारियों व कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रिटायरमेंट का समय निश्चित है, लेकिन व्यक्ति रिटायर कभी नहीं होता है। हमारे शरीर का धर्म है कर्म, इसलिए कर्म जरूर करते रहें। अपने शरीर और मस्तिष्क को क्रियाशील रखें ताकि चैतन्यता बनी रहे।

# चुनाव ड्यूटी न करने पर तीन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर केस

**कटराबाजार (गोंडा)।** मतगणना के लिए प्रशिक्षण में शामिल न होने वाले तीन कर्मियों पर केस दर्ज किया गया है। एलबीएस में आयोजित प्रशिक्षण में गैरहाजिर हलधरमऊ ब्लॉक पर तैनात आगनबाड़ी कार्यकत्री सुमन देवी व कटरा बाजार ब्लॉक पर तैनात पुष्पा, कुसुमा देवी पर बाल विकास परियोजना अधिकारी नंदिनी घोष ने 30 मई को कटरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। (संवाद)

# गश खाकर गिरे जायरीन समेत दो ने तोड़ा दम

संवाद न्यूज एजेंसी

वजीरगंज/ पसका (गोंडा)। सूरज की तपिश जानलेवा होती जा रही है। भीषण गर्मी व लू के थपेड़ों से लोगों की हालत बिगड़ रही है। गर्मी के चलते गश खाकर गिरने से मरने वालों का सिलसिला जारी है। बहराइच स्थित दरगाह में जियारत करने जा रही जायरीन समेत दो लोगों की गश खाकर गिरने के बाद मौत हो गई। वहीं इमरजेंसी में मरीजों का इलाज करने के दौरान ईएमओ डॉ. मृणाल भी गर्मी के चलते गश खाकर गिर गए। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बृहस्पतिवार को अमेठी जिले की अजबगढ़ निवासी बिप्फन खां अपनी पत्नी एवं रिश्तेदारों के साथ पैदल गाजी मियां की बरात में शरीक होने बहराइच स्थित दरगाह शरीफ जा रहे थे। उनके साथी आरिफ और अजमेरी ने बताया कि भौरीगंज पड़ाव पर पहुंचते ही बिप्फन को तेज चक्कर आया और वह गिर पड़े। आननफानन एंबुलेंस बुलाकर उन्हें सीएचसी परसपुर लाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दूसरी तरफ वजीरगंज के रसूलपुर के प्रधान प्रतिनिधि हामिद अली ने बताया कि उनके गांव का निवासी अखिलेश तिवारी (30) बृहस्पतिवार दोपहर को गांव में टहल रहा था। तेज धूप के कारण अचानक अचेत होकर गिर गया। जिन्हें आननफानन सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा परसपुर के नकईपुरवा निवासी हरिहरानंद पांडेय (87) के पुत्र नित्यानंद पांडेय ने बताया कि अत्यधिक उमस भरी गर्मी के कारण उनके पिता की अचानक तबीयत खराब हो गयी बेचैनी व बुखार होने पर परिजन इलाज के लिए सीएचसी लाये। अधीक्षक डॉ. लवकेश शुक्ला ने बताया कि इलाज जारी है।

## इमरजेंसी में मेडिकल ऑफिसर की बिगड़ी तबीयत, 46.4 डिग्री पहुंचा पारा, भीषण गर्मी से लोग बेहाल



मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में मरीजों का इलाज करते चिकित्सक। - संवाद

**ईएमओ की बिगड़ी तबीयत, मेडिकल कॉलेज के बेड फुल :** मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी में तैनात ईएमओ डॉ. मृणाल भी बृहस्पतिवार देर शाम गर्मी की वजह से गश खाकर गिर गए। जिन्हें रेस्ट रूम मे ले जाकर ओआरएस का घोल पिलाया गया। थोड़ी देर बाद राहत मिली। डॉ. मृणाल ने बताया कि इमरजेंसी में मरीज व तीमारदारों की भारी भीड़ थी, उमस की वजह से सांस फूलने लगी और चक्कर आकर गिर गया। गर्मी की वजह से बीमारों की संख्या दोगुनी हो गई है। अस्पताल में हर रोज बेड के लिए मारामारी मची रहती। गंभीर मरीज को भर्ती करने के लिए थोड़ा ठीक हुए मरीजों को डिस्चार्ज करना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ. अनिल तिवारी ने बताया कि अस्पताल में 250 बेड पर मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। हर रोज शाम को कुछ बेड खाली होते हैं, लेकिन रात होते ही फिर सभी बेड भर जाते हैं। (संवाद)

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को सश्रम आजीवन कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

**न्यायाधीश ने 13 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया**

बलरामपुर। नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीप नरायन तिवारी ने दोषी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषी को 13 हजार रुपये अर्थदंड जमा करने का आदेश भी दिया है।

कोतवाली नगर क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उनकी नाबालिग लड़की को जिला मऊ के गांव मुंगेसर निवासी अशोक कुमार सोनकर छह अक्टूबर, 2017 को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने पीड़िता की बरामदगी के बाद उसका मेडिकल परीक्षण कराकर मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया था। पीड़िता के बयान के आधार पर दुष्कर्म की धाराओं को बढ़ाते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

सत्र परीक्षण के दौरान सात गवाहों का बयान दर्ज किया गया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायाधीश ने अशोक कुमार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने दोषी को सश्रम आजीवन कारावास व 13 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को 29 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

**अदालत से**

## नाबालिग से दुष्कर्म में दोषी को 25 साल की सजा

गोंडा। नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने दोषी को 25 वर्ष कारावास और 35 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। पॉक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि कोतवाली नगर क्षेत्र के निवासी वादी ने राजेश कुमार यादव पर नाबालिग बालिका का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए पांच फरवरी, 2021 को कोतवाली में केस दर्ज कराया। विवेचना में अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के अपराध का पुख्ता साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार यादव के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। ट्रायल के दौरान अदालत ने राजेश कुमार यादव को दोष सिद्ध किया। मामले में निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने दोषी राजेश कुमार यादव को 25 साल कठोर कारावास और 35 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

# पति व ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न का केस

खोड़ारे (गोंडा)। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। ज्योति ने बताया कि वह महाराष्ट्र की रहने वाली है। उसकी मुलाकात कृष्णा यादव निवासी इस्लामपुर थाना खोड़ारे से महाराष्ट्र में हुई थी। कृष्ण टाइल्स लगाने का काम करते हैं। वर्ष 2018 में लव मैरिज किया था। विवाह के बाद वह इस्लामपुर आया जहां दोनों साथ रहने लगे। कुछ दिन रहने के बाद दोनों वापस महाराष्ट्र चले गए। इसी बीच दो बच्चे अरुण व अंकुश हुए। पति का व्यवहार धीरे-धीरे बदलने लगा और दूरी बनाने लगा। हर बात पर पिटाई करता था। पति का संबंध एक लड़की के साथ हो गया इसलिए पति ने उसे व बच्चों को छोड़कर चला गया। पत्नी जब पति को खोजने अपने ससुराल इस्लामपुर आयी तो पति के घर वालों ने दहेज में पांच लाख रुपये व एक घर दहेज में मांगने लगे। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# चौकी प्रभारी की संलिप्तता की होगी जांच

रुपईडीह (गोंडा)। उपजिलाधिकारी सदर अवनीश त्रिपाठी ने बताया कि देहात कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सालपुर चौकी के विभिन्न गांव में बालू-मिट्टी खनन का कार्य बहुत तेजी से होने की शिकायत परसा सोंहसा के गिरजाशंकर ने जिलाधिकारी से की है। बताया कि सालपुर चौकी प्रभारी के सहयोग से खनन माफिया बालू-मिट्टी का खनन तेजी से करा रहे हैं। जिसकी शिकायत कई बार सालपुर चौकी प्रभारी से की गई, लेकिन उन्होंने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। जिस पर शिकायतकर्ता ने डीएम से शिकायत करके कार्रवाई की मांग की थी। जिसपर डीएम नेहा शर्मा के निर्देश पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर को सालपुर चौकी प्रभारी की संलिप्तता की जांच करके कार्रवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया है। (संवाद)

# भूमि विवाद के चलते पीटा, केस दर्ज

वजीरगंज (गोंडा)। वजीरगंज थाना क्षेत्र के भिटिया गांव निवासी संजय कुमार चौहान ने जमीन विवाद के चलते मारपीट का आरोप लगाया है। कहा कि गांव के तिलक राम व साहिल चौहान, नियामतपुर निवासी प्रवीण पांडेय, मनीष पांडेय, आशीष पांडेय, सुरेश कुमार पांडेय ने उससे अभद्रता करते हुए लाठी-डंडे से मारा-पीटा व जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि बलवा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# मारपीट में महिला समेत आठ घायल

खरगूपुर (गोंडा)। दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में महिला सहित आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने छह आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामला खरगूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हिंदूनगर बांकी के तेलई पुरवा का है। यहां के रहने वाले सुखदेव सोनकर तथा शिवकुमार सोनकर के बीच जमीन विवाद को लेकर पुरानी रंजिश है। रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। जिससे एक पक्ष के सुखदेव सोनकर, उसकी पत्नी सुनीता व बेटी संगीता तथा दूसरे पक्ष के शिवकुमार, उसके पुत्र सत्यम तथा पुत्री साक्षी को गंभीर चोटें आईं। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर छह लोगों के विरुद्ध मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# विवाद में चार लोगों को पीटा, 12 के खिलाफ केस

संवाद न्यूज एजेंसी

परसपुर (गोंडा)। परसपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर विवाद को लेकर चार लोगों की पिटाई कर दी गई। मामले में 12 लोगों के खिलाफ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।ग्राम मधईपुरकुर्मी घुचुआपुर निवासी रामबदल ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर बुधवार की देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे गांव के ही चार लोग घर पर आकर अभद्रता करते हुए लाठी-डंडे से पिटाई करने लगे। शोर करने पर जानमाल की धमकी देते हुए चले गए। रामबदल की तहरीर पर रामदेव, कृष्णकुमार व तिलकराम सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

दूसरी घटना में ग्राम नंदौर पूरे छावनी निवासी वीरपाल तिवारी ने बताया कि उसका पुत्र शिवमकुमार वृहस्पतिवार की सुवह करीव सात बजे फसल की देखरेख के लिए खेत गया था। तभी गांव के चार लोगों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए लाठी-डंडे से मारापीटा। जाते समय धमकी भी दी। वीरपाल तिवारी की तहरीर पर पप्पू तिवारी, हरिकुमार, हरिकिशन व शुभम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। तीसरी घटना में ग्राम सरैंया पूरे पाठक निवासी राजकुमार पांडेय ने बताया कि गांव के ही कुछ लोग उसके घर की दीवार तोड़ने लगे। मना करने पर लाठी-डंडा लेकर हमला कर दिया। जिससे उसे चोटें आई हैं।

राजकुमार पांडेय की तहरीर पर प्रवीण, सच्चिदानंद, मधु व यशोदा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि तीनों मामलों में 12 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# कमिश्नर व संयुक्त विकास आयुक्त हुए सेवानिवृत्त

## वेंकटाचार्य क्लब और विकास भवन में अधिकारियों ने दी विदाई

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। देवीपाटन मंडल कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र और संयुक्त विकास आयुक्त प्रदीप कुमार यादव शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस दौरान जिलाधिकारी की ओर वेंकटाचार्य क्लब और सीडीओ की ओर से विकास भवन में समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। अधिकारियों ने सेवाकाल पूरा करने के साथ ही नई पारी के लिए शुभकामनाएं दीं।



मंडलायुक्त योगेश्वर राम

वर्ष 2005 बैच के आईएएस योगेश्वर राम मिश्र ने पिछले 24 मई 2023 को देवीपाटन मंडल की कमान संभाली थी। मुकदमों के निस्तारण के साथ ही जनसुनवाई को लेकर लगातार सुर्खियों में रहे हैं। नगर पालिका परिषद व राजस्व मामले में व्याप्त अनियमितता के खिलाफ कार्रवाई की। वहीं देवीपाटन मंडल कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र ने अपने प्रशासनिक अनुभव से देवीपाटन मंडल में गोंडा, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती की एक अलग पहचान बनाई है। वर्ष 1986 में बतौर पीसीएस नौकरी में आए थे। वाराणसी, अयोध्या और बाराबंकी में बतौर जिलाधिकारी की जिम्मेदारी संभाली। बस्ती, मिर्जापुर और देवीपाटन मंडल कमिश्नर रहे। शुक्रवार को 31 मई 2024 को सेवानिवृत्त हो गए।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा की ओर से विदाई समारोह में वेंकटाचार्य क्लब में प्रीतिभोज दिया गया। नई पारी की शुरुआत करेंगे। इस दौरान देवीपाटन जोन डीआईजी एपी सिंह, डीएम नेहा शर्मा, एसपी विनीत जायसवाल, मुख्य अभियंता दीपक अग्रवाल, सीडीओ एम. अरुन्मोली, अधीक्षण अभियंता आशीष सिन्हा और एक्सईएन राधेश्याम भास्कर समेत अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ व गुलदस्ता भेंटकर शुभकामनाएं दीं।

### सकुशल सेवाकाल पूरा करने पर दी बधाई

पीडीएस अधिकारी व देवीपाटन मंडल संयुक्त विकास आयुक्त प्रदीप कुमार यादव भी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। वे 13 जनवरी, 2022 से जिले में कार्यरत थे। अधिकारियों ने उन्हें सकुशल सेवाकाल पूरा करने के लिए बधाई दी। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी एम. अरुन्मोली और डीडीओ सुशील कुमार श्रीवास्तव की अगुवाई में उन्हें विदाई दी गई। इस दौरान डीडीओ सुशील कुमार श्रीवास्तव, पीडी चंद्र शेखर, डीपीआरओ, लाल जी दुबे और डीसी मनरेगा जनार्दन प्रसाद यादव मौजूद रहे हैं।

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-06-2024

# जालसाज को देवरिया जिले से पकड़कर जेल भेजा गया

बलरामपुर, संवाददाता। थाना कोतवाली नगर की पुलिस ने जालसाजी व परीक्षा अधिनियम सहित अन्य मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए जिले की पुलिस जनपद देवरिया रवाना हुई थी। अभियुक्त को पुलिस ने देवरिया स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लाई थी, जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह ने बताया कि जनपद देवरिया थाना भटनी निवासी उपेंद्र यादव पुत्र रामनरेश जालसाजी करने के लिए फर्जी मुहर बनाने, साजिश रजने व परीक्षा अधिनियम में न्यायालय से वांछित चल रहे थे। उन्होंने बताया कि न्यायालय के आदेश पर टीम बनाई गई जिसकी अगुवाई उप निरीक्षक चौकी इंचार्ज बलुहा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि चौकी इंचार्ज अविरल शुक्ला अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए जनपद देवरिया रवाना हुए थे। उन्होंने उपेंद्र यादव को उसके घर से गिरफ्तार कर कोतवाली नगर लेकर आए जिसके बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस अवसर पर हेड कांस्टेबल शिव प्रताप, कांस्टेबल रिजवान, हेड कांस्टेबल पंकज कुमार पांडेय का सराहनीय योगदान रहा।

# नाबालिग से दुष्कर्म में उम्र कैद

बलरामपुर, संवाददाता। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अपर जनपद न्यायाधीश ने दोषी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी को 13 हजार रुपए अर्थदण्ड भी अदा करना होगा। शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि कोतवाली नगर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने 8 अक्तूबर 2017 को प्राथमिकी दर्ज कराई व आरोप लगाया कि जनपद मऊ के थाना घोसी क्षेत्र के गांव मुंगेशर निवासी अशोक कुमार सोनकर ने उनकी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद न्यायालय ने अशोक कुमार को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# सेवानिवृत्त उप निरीक्षक को दी विदाई

बलरामपुर। सेवानिवृत्त उप निरीक्षक श्री प्रकाश त्रिपाठी व फायर सर्विस अनुचर विक्रम सिंह को पुलिस अधिकारियों ने विदाई दी। क्षेत्राधिकारी ललिया ज्योतिश्री ने बताया कि सेवानिवृत्ति उपनिरीक्षक व अनुचर को सम्मानित करते हुए विदाई दी गई है। उन्होंने बड़ी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन किया। थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# जीत के बाद जुलूस नहीं निकाल सकेंगे विजेता

बलरामपुर। चुनाव जीतने वाला विजेता किसी प्रकार का कोई जुलूस नहीं निकाल पाएगा। इसे लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने कड़े निर्देश दिए हैं। विजेता के समर्थकों को भी अपनी भावनाओं पर काबू रखना होगा।

सोशल मीडिया पर उत्तेजक पोस्ट नहीं डालेगा। डीएम अरविंद सिंह ने बताया कि मतगणना स्थल परिसर के अन्दर व बाहर अर्द्ध सैनिक बलों का पहरा है। विजय जुलूस पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने कड़े प्रबंध किए हैं। प्रमुख दलों के साथ ही अन्य प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालयों पर नजर रहेगी।

## 20 जून तक बढ़ाई गई धारा 144

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह ने मतगणना और त्योहारों को देखते हुए जिले में आगामी 20 जून तक धारा 144 लागू की है जिसका कड़ाई से पालन कराया जाएगा। चार जून को मतगणना के बाद 17 जून को बकरीद का त्योहार भी है जिसे दृष्टिगत रखते हुए जिले में धारा 144 की अवधि को बढ़ाया गया है। डीएम ने बताया कि इसका उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम के आदेश पर रोक पुलिस कर्मियों को राहत

## अदालत से

- डीएम बलरामपुर के खिलाफ उच्च न्यायालय ने अपनाया कड़ा रुख
- बिना बुलाए डीएम की मौजूदगी पर कोर्ट ने जताई कड़ी आपत्ति

बलरामपुर, संवाददाता। पुलिस कर्मियों व थानाध्यक्षों पर की गई कार्रवाई के मामले में उच्च न्यायालय लखनऊ की पीठ ने जिलाधिकारी के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है। पुलिस कर्मियों की ओर से दायर की गई याचिका पर कोर्ट ने डीएम बलरामपुर के आदेश को अवैधानिक बताते हुए रोक लगा दी है।

जिलाधिकारी बलरामपुर ने कुछ माह पूर्व उतरौला में तैनात प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे, सादुल्लाह नगर के थानाध्यक्ष बृजानंद, एसएचओ गैंड़ास बुजुर्ग पवन कुमार कनौजिया व ललिया थानाध्यक्ष मुकेश कुमार के विरुद्ध कार्रवाई की थी। इन सभी मामलों में पुलिस कर्मियों ने उच्च न्यायालय में रिट दायर की। 29 मई को उच्च न्यायालय में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता बहस कर रहे थे। इस दौरान डीएम अरविंद सिंह व अपर उप जिलाधिकारी संतोष ओझा कोर्ट में मौजूद थे। बिना बुलाए कोर्ट में डीएम की मौजूदगी पर अधिवक्ताओं ने आपत्ति जताई। इस पर उच्च न्यायालय ने नाराजगी जताई। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि न्याय व्यवस्था में जिला मजिस्ट्रेट को किसी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किए जाने का आदेश देकर पुलिस और न्यायिक मजिस्ट्रेट की अधिकारिता में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। डीएम पुलिस अधिकारियों को दंड नहीं दे सकते। पुलिस कर्मियों को बड़ी राहत देते हुए जिला अधिकारी बलरामपुर के आदेश पर कोर्ट ने रोक लगा दी है। न्यायाधीश ने कहा है कि कार्यकारी मजिस्ट्रेट अथवा जिला मजिस्ट्रेट को किसी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किए जाने का आदेश देकर पुलिस व न्यायिक मजिस्ट्रेट के अधिकारिता क्षेत्र में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। इसके साथ ही नियमावली 1991 का हवाला देते हुए कहा है कि जिलाधिकारी पुलिस अधिकारियों को दण्ड नहीं दे सकते और न ही उनकी चरित्र पंजिका में टिप्पणी अंकित कर सकते हैं। नियमावली में पुलिस अधीक्षक को ही पुलिस अधिकारियों को दण्ड देने का अधिकार प्राप्त है।

# साइबर अपराध से बचाव के लिए लोगों को किया जागरूक

बलरामपुर : अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार व क्षेत्राधिारी नगर बृजनंदन राय ने कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र पर पुलिस पाठशाला का आयोजन किया। पुलिस अधिकारियों ने आधार कार्ड का बायोमीट्रिक लाक रखने, किसी अनजान व्यक्ति के साथ व्यक्तिगत विवरण साझा न करने की नसीहत दी। पीडित हेल्पलाइन नंबर 1930 व वेबसाइटwww.cyvercrime.gov .in पर आनलाइन शिकायत करें। (जासं)

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को सश्रम आजीवन कारावास

जागरण संवाददाता, बलरामपुर : नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट दीप नरायन तिवारी ने जिला मऊ के गांव मुंगेसर निवासी अशोक कुमार सोनकर को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी को 13 हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है।

नगर कोतवाली के एक गांव निवासी व्यक्ति ने प्रार्थना पत्र दिया कि उसकी नाबालिग लड़की को अशोक कुमार सोनकर छह अक्तूबर 2017 बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने मुकदमा लिखकर विवेचना शुरू की। पीड़िता की बरामदगी के बाद उसका चिकित्सीय परीक्षण कराकर मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया गया। पीड़िता के बयान के आधार पर दुष्कर्म की धाराओं को बढ़ाते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सत्र परीक्षण के दौरान सात गवाहों का बयान दर्ज किया गया। दोनों पक्षों के तर्क सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायाधीश ने अशोक कुमार को दोषसिद्ध करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड नहीं देने पर दोषी को 29 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

वारंटी गिरफ्तार, बलरामपुर : सादुल्लाहनगर की पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह ने बताया कि दतलूपुर निवासी मारूफ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित के विरुद्ध कोर्ट से वारंट जारी था।

# उपनिरीक्षक की विदाई

बलरामपुर : सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों का विदाई समारोह पुलिस लाइन सभागार में आयोजित किया गया। इसमें सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक श्रीप्रकाश त्रिपाठी व फायर सर्विस के अनुचर विक्रम सिंह को उपहार भेंटकर भावभीनी विदाई दी गई। क्षेत्राधिकारी ललिया ज्योतिश्री व प्रतिसार निरीक्षक बिहारी सिंह उपस्थित रहे। (जासं)

## शक्ति दीदी ने किया जागरूक

बलरामपुर : बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करने के लिए शक्ति दीदी ने जीतपुर गांव में कार्यक्रम किया। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर उन्हें फोन करने की सलाह दी गई, परेशान करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। (संसू)

## अतिक्रमण से परेशानी

उतरौला : सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण के चलते लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रमेश, आकाश, राजू ने बताया कि अतिक्रमण हटवाने के लिए कई बार शिकायत की गई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। डीएम से समस्या का निराकरण कराने की मांग की गई है। (संसू)

# पुलिस भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गैंग को ठेका देने वाला अभ्यर्थी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** पुलिस भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वालों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई जारी है। शुक्रवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। देवरिया से उस अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है, जिसने परीक्षा पास कराने का ठेका सॉल्वर गैंग को दिया था।

बृहस्पतिवार की शाम को पुलिस ने देवरिया में डेरा डाल दिया था और उसके घर के बाहर गिरफ्तारी की। अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार ने बताया कि पूरे

**शहर की पुलिस ने देवरिया में आरोपी के गांव में छापा मारकर की कार्रवाई**

मामले में दो और लोगों की तलाश हो रही है। बीते 18 फरवरी को जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर करीब 15 हजार अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। उसी दिन परीक्षा में सॉल्वर गैंग से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी हुई थी।

बलुहा चौकी प्रभारी अविरल शुक्ल ने उस दिन बिहार के मुंगेर जनपद के असरगंज थाना क्षेत्र के मनगरवा निवासी सॉल्वर नितिश कुमार को पकड़ा था। उस



पकड़ा गया आरोपी। स्रोत-पुलिस

समय नितिश देवरिया के थाना भटनी क्षेत्र के पड़ौली गांव निवासी उपेंद्र यादव के स्थान पर परीक्षा देते धरा गया था। पुलिस के हाथ उपेंद्र नहीं लग सका था। एएसपी के निर्देश पर बनी शहर की टीम ने उपेंद्र की तलाश की तो बीते माह से वह घर पर नहीं मिला। पुलिस को बृहस्पतिवार को उसकी लोकेशन उसके गांव में मिली। चौकी प्रभारी अविरल अपनी टीम के साथ देवरिया रवाना हुए और घेराबंदी करके सॉल्वर गैंग को परीक्षा पास कराने का ठेका देने वाले उपेंद्र यादव को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार किया।

शुक्रवार को आरोपित को न्यायालय पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। वहीं, अब पुलिस दो और आरोपितों की तलाश में जुट गई है। माना जा रहा है कि पुलिस भर्ती परीक्षा में नकल कराने की पूरी योजना में उन दोनों की भी अहम भूमिका है।

# किशोरी बरामद, आरोपी पकड़ से दूर

**गौरा चौराहा (बलरामपुर)।** थाना क्षेत्र के एक गांव से बुधवार की शाम को एक किशोरी को दूसरे गांव का युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद छानबीन शुरू की। शुक्रवार को किशोरी को तो बरामद कर लिया, लेकिन भगाकर ले जाने वाला मेहदौली गांव निवासी मनोज पुलिस की पकड़ से दूर है। प्रभारी निरीक्षक तेज नारायण गुप्त ने बताया कि किशोरी को वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है। किशोरी का बयान दर्ज होने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। (संवाद)

# बेटियों को बताए उनके अधिकार

**बलरामपुर।** नगर के भगवतीगंज चौराहे पर शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एंटी रोमियो व नारी सुरक्षा दल की सदस्यों ने बेटियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। प्रभारी निरीक्षक एसएन सिंह ने कहा कि बेटियां घरेलू हिंसा व यौन उत्पीड़न की शिकायत थाने में स्थापित महिला हेल्प डेस्क पर कर सकती हैं। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-06-2024

# चुनाव ड्यूटी में गए होमगार्ड की मौत

बहराइच। लोकसभा चुनाव कराने गए बलहा कंपनी के होमगार्ड नानपारा कोतवाली के रजबापुर के मजरे मोतीपुरवा निवासी 50 वर्षीय ओंकार नाथ वर्मा पुत्र सूबेदार वर्मा का गुरुवार रात में निधन हो गया।

चुनाव ड्यूटी करने गए मऊ जिले में कैंप में रुके थे। रेश्मी महाविद्यालय पाउश में गुरुवार रात लगभग नौ बजे अचानक उनकी तबीयत खराब हुई। बनारस ले जाने पर उनकी मौत हो गई। पति की मौत से परिजनों का रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।



ओंकार नाथ वर्मा (फाइल फोटो)

# एसपी ने शस्त्रागार का किया निरीक्षण

बहराइच। एसपी ने शुक्रवार को परेड की सलामी लेते हुए निरीक्षण किया। इसके बाद महिला बैरक का निरीक्षण, साफ-सफाई, डायल 112, शस्त्रागार, परिवहन, रेडिया शाखा व पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण मरम्मत कार्य आदि को लेकर मौजूद कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। (संवाद)

# चुनाव ड्यूटी में मऊ गए होमगार्ड की मौत

बहराइच। लोकसभा चुनाव ड्यूटी में होमगार्ड जवान ओंकार नाथ वर्मा मऊ जिले में सुरक्षा में लगे हुए थे। संघ के जिलाध्यक्ष हीरालाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें रेशमी महाविद्यालय में ठहराया गया था। बृहस्पतिवार की रात उनकी तबीयत खराब होने पर साथ मौजूद अन्य कर्मचारी उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां बनारस मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत पर संगठन मंत्री अरविंद, ओमकार, मंडल उपाध्यक्ष सत्येंद्र, सर्वेश आदि ने शोक जताया है। (संवाद)

# दहेज के लिए हत्या के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

जागरण संवाददाता • बहराइच : अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम आनंद शुक्ल ने दहेज के लिए हत्या करने के आरोपित को दोष सिद्ध करते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए सात हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को सात माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार रुपईडीहा सोरहिया निवासी मिट्ठू लाल ने 16 दिसंबर 2018 को थाने पर सूचना दी थी कि उसकी 23 वर्षीय बेटी सुदामा की शादी खैरहनिया निवासी मुन्नू के बेटे राजकुमार उर्फ पम्मन के साथ मई 2017 में हुई थी। दामाद राजकुमार दहेज में मोटरसाइकिल व बेड न मिलने पर बेटी को प्रताड़ित करता रहता था। उसने दहेज की मांग न पूरी होने पर बेटी की हत्या कर दी।

पुलिस ने इस मामले में मिट्ठू लाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया और आरोपित को गिरफ्तार कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

**अदालत से**

## एसपी की मानीटरिंग से जल्द मिला न्याय

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ल ने आपरेशन कन्विकशन के तहत चिह्नित मुकदमों की मानीटरिंग कराई। पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिले, इसके लिए अदालत में एक थाने से दो-दो पैरोकार नियुक्त किए। इसके आधार पर साक्षी सम्मन का तामीला होने लगा और गवाही लिखी जाने लगी। शासकीय अधिवक्ता अपराध गिरीशचंद्र शुक्ल, थाना रुपईडीहा के पैरोकार अरविंद कुमार चौरसिया ने मामले की पैरवी करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया।

अदालत ने आरोप तय करने के बाद विचारण शुरू किया। विचारण में साक्ष्य मिलने पर अभियोजन व बचाव पक्ष के तर्कों को सुनकर अदालत ने आरोपित को दोष सिद्ध करार देते हुए सजा सुनाई।

# चोरी का आरोपित गिरफ्तार

फखरपुर : डंडी बगिया कोठवल कला गांव में राममूरत के घर में युवक पेड़ के सहारे चोर घुस गया था। 15 हजार नकदी, पायल, मोबाइल चोर उठा ले गया था। उपनिरीक्षक राजनारायण त्रिपाठी, आरक्षी अंजनी त्रिपाठी की टीम ने गांव निवासी रवि को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। एसओ करुणाकर पांडे ने बताया कि उसके पास से मोबाइल, पायल व 940 रुपये बरामद हुए। (संसू)

# छेड़खानी के आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

जरवल रोड : जरवल कस्बा निवासी महिला बस से लखनऊ से वापस आ रही थी। यात्रा कर रहा युवक एक युवती से छेड़खानी करने लगा। थानाध्यक्ष जरवलरोड बृजराज प्रसाद ने बताया कि रानीपुर थाना के ग्राम जिगनिया निवासी कन्हाई लाल के खिलाफ छेड़खानी समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। (संसू)

# पत्नी की हत्या में पति को दस साल की कैद

### सात हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** पत्नी की दहेज हत्या के आरोप में शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश एफटीसी प्रथम की कोर्ट ने पति को दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने पति को सात हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है।

थाना रूपईडीहा सोरहिया गांव निवासी मिट्ठू लाल ने 16 दिसंबर 2018 को थाने पर तहरीर देकर कहा था कि उसकी 23 वर्षीय बेटी सुदामा का विवाह मई 2017 में थाना क्षेत्र के खैरहनिया गांव निवासी राजकुमार उर्फ पम्मन के साथ हिंदू रिति रिवाज के साथ किया गया था। पिता का आरोप था कि विवाह के बाद पति द्वारा अतिरिक्त दान-दहेज में बाइक और बेड की मांग की जा रही थी। दहेज न मिलने के चलते राजकुमार ने बेटी की हत्या कर दी। पिता की तहरीर के आधार पर थाने की पुलिस ने पति के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की थी।

विवेचना अधिकारी ने मुकदमे में तीन जनवरी 2019 को आरोपपत्र सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया था। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि पुलिस महानिदेशक लखनऊ के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत त्वरित कार्रवाई के लिए विशेष लोक अभियोजक गिरीशचंद्र शुक्ला व थाने के पैरोकार अरविंद चौरसिया की प्रभारी पैरवी के तहत शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश एफटीसी प्रथम आनंद शुक्ला की कोर्ट पर मुकदमे में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अभियुक्त राजकुमार को दोषी मानते हुए दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को सात हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थित में अभियुक्त को सात माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## अदालत से

### माफिया गब्बर व उसके सहयोगी के खिलाफ आरोप तय

**बहराइच।** जिले का भू-माफिया देवेंद्र सिंह उर्फ गब्बर सिंह व उसके सहयोगी मनीष जायसवाल के एक मुकदमे में सीजेएम शिवेंद्र कुमार मिश्रा की कोर्ट ने आराप तय कर दिए हैं। माफिया व उसके सहयोगी के खिलाफ शहर निवासी जसवीर सिंह ने जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें अभियुक्त गब्बर सिंह फिरोजाबाद की जेल में बंद है। वहीं सह अभियुक्त मनीष जायसवाल जमानत पर बाहर है। मुकदमे की पैरवी कर रहे सहायक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि बीते 29 मई को सीजेएम कोर्ट ने अभियुक्त को फिरोजाबाद जेल से जनपद मुख्यालय पर हाजिर कराकर अभियुक्त के सामने आरोपपत्र तय किए थे। इसके बाद अभियुक्त को पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच फिरोजाबाद जिला कारागार भेज दिया गया है। (संवाद)

# वारंटी गिरफ्तार

**बहराइच।** नानपारा पुलिस ने एनबीडब्ल्यू के वारंटी हकीमपुरवा निवासी कमरुद्दीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। (संवाद)

# जुआ खेलते तीन पकड़े

**जरवलरोड (बहराइच)।** थाना पुलिस ने शुक्रवार को बक्चिहापुरवा बसहिया जगत में ढाबली के पीछे चल रहे जुए की फड़ पर छापा मारा। इस दौरान जुआ खेल रहे बसहिया निवासी गुड्डू, विजय, शिवलाल को पकड़कर 670 रुपये, ताश की गड्डी बरामद कर जुआ एक्ट की कार्रवाई की। (संवाद)

# शराब के साथ युवक को पकड़ा

**रूपईडीहा (बहराइच)।** थाना पुलिस ने शिवपुर मोहरनिया में पिलर संख्या 654 के पास से हथियाबोझी निवासी धर्मराज को पकड़कर 180 लीटर कच्ची शराब बरामद की। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 01-06-2024

# ताइक्वांडो खिलाड़ी सम्मानित हुए

**समारोह**

**श्रावस्ती।** पुलिस लाइन में ताइक्वांडो सीखने वाले बच्चों के बेल्ट परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने बेल्ट प्रमोशन टेस्ट में उत्तीर्ण खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, पदक व बेल्ट प्रमोट करके सम्मानित किया।



उत्तीर्ण खिलाड़ियों के साथ एसपी व अन्य।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि खेलों से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। इसके साथ ही खेलों से धैर्य, सहनशीलता, टीम वर्क आदि गुणों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो एक ऐसा खेल है जिसमें आत्मरक्षा का कौशल तो आता ही है साथ ही जीवन में अनुशासन भी आता है। जो हमें शक्तिशाली और गंभीरता से अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने की सीख देता है। एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने ताइक्वांडो आत्म रक्षा खेल से जुड़े फायदे भी बताए। इसमें अग्रणी यादव को रेड वन बेल्ट, कशिश गोस्वामी आयुष्मान शुक्ला, वेदांत चौबे, तान्या राज गौतम को ब्लू वन तथा वेदिका चौबे ब्लू बेल्ट व आराध्या शुक्ला, श्रेयस मिश्रा, वैष्णवी पासवान, दिव्याश पासवान को ग्रीन वन बेल्ट, सुरभि जैसवाल, विवेक जायसवाल को ब्लू वन बेल्ट तथा प्रिंसी वर्मा, आदित्य वर्मा, दर्शिका गुप्ता, आदित्य यादव, नमन गौतम, वैष्णवी गौतम, आरती तिवारी, प्रज्ञा वर्मा, शिवांश वर्मा को एलो बेल्ट, उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो संघ की ओर से जारी प्रमाण पत्र, प्रोत्साहन पदक व बेल्ट प्रदान कर ताइक्वांडो खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

# एसपी ने शिकायत सुन निस्तारण का निर्देश दिया

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने शुक्रवार को जनता दर्शन में लोगों की शिकायत सुनी। इस दौरान कुल 16 प्रार्थना पत्र मिले। जिसमें तीन भूमि विवाद, छह पारिवारिक विवाद व सात अन्य विवादों से संबंधित रहे। लोगों की शिकायत सुन एसपी ने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायती पत्रों का समय से निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

# लोगों को बताईं सभी योजनाएं

श्रावस्ती। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को लैंगिक समानता,हिंसा की रोकथाम एवं पीड़ित को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाने के बारे में जागरूक किया जा रहा है। शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत सभी थानों में शिविर लगा कर महिलाओं को जानकारी दी गई। जिसमें लैंगिक समानता, हिंसा की रोकथाम एवं पीड़ित को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाने के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही शासन की ओर से चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाएं जैसे वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना आदि की जानकारी दी।

# पुलिस ने वांछित गिरफ्तार किया

श्रावस्ती। पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी के निर्देशन में शुक्रवार को सिरसिया थाना प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ वांछितों की धरपकड़ के लिए क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने डीपी एक्ट समेत अन्य मामलों के वांछित आरोपी आशुतोष कुमार उर्फ संतोष कुमार पुत्र मंशाराम निवासी मोतीपुर बड़रहवा को जोखवा नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# ताइक्वांडो बेल्ट प्रमोशन टेस्ट में उत्तीर्ण खिलाड़ी सम्मानित

संसू, जागरण ● श्रावस्ती : पुलिस लाइन में शुक्रवार को सम्मान समारोह आयोजित कर ताइक्वांडो सीखने वाले बच्चों को बेल्ट प्रमोशन परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर सम्मानित किया गया। एसपी घनश्याम चौरसिया ने परीक्षा में उत्तीर्ण खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, पदक व बेल्ट प्रमोट कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

एसपी ने कहा कि खेलों से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। धैर्य, सहनशीलता, टीम वर्क के गुणों का विकास होता है। ताइक्वांडो एक ऐसा खेल है, जिसमें आत्मरक्षा का कौशल तो आता ही है, जीवन में अनुशासन भी आता है। शेर की तरह खेलें और जीवन में अपनी मंजिल तय करें। परीक्षा में उत्तीर्ण खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता से अगले पायदान पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा। एएससी प्रवीण कुमार यादव ने समर्पित होकर अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। एसपी व एएसपी ने प्रशिक्षक सूर्य प्रकाश पांडेय का ताइक्वांडो खेल को निरंतर बढ़ाते रहने व उपलब्धियां हासिल करने के लिए उत्साहवर्धन किया। प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार मौजूद रहे।



पुलिस लाइन भिनगा में बेल्ट प्रमोशन परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर मिले प्रमाण पत्र को दिखाते ताइक्वांडो सीखने वाले बच्चे ● जागरण

इन खिलाड़ियों को किया गया सम्मानितः अग्रणी यादव को रेड वन बेल्ट, कशिश गोस्वामी, आयुष्मान शुक्ला, वेदांत चौबे, तान्या राज गौतम को ब्लू वन तथा वेदिका चौबे ब्लू बेल्ट व आराध्या शुक्ला, श्रेयस मिश्रा, वैष्णवी पासवान, दिव्याश पासवान को ग्रीन वन बेल्ट, सुरभि जायसवाल, विवेक जायसवाल को ब्लू वन बेल्ट तथा प्रिंसी वर्मा, आदित्य वर्मा, दर्शिका गुप्ता, आदित्य यादव, नमन गौतम, वैष्णवी गौतम, आरती तिवारी, प्रज्ञा वर्मा, शिवांश वर्मा को येलो बेल्ट मिला। एसपी ने उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो संघ की ओर से जारी प्रमाण पत्र, प्रोत्साहन पदक व बेल्ट प्रदान कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया।



पुलिस लाइन भिनगा में रेड वन बेल्ट मिलने पर मिले प्रमाण पत्र को दिखातीं अग्रणी यादव (आगे) व साथ में मौजूद एसपी घनश्याम चौरसिया (दाएं) व एएसपी प्रवीण कुमार यादव (दाएं से दूसरे) ● जागरण

# भार वाहनों पर सवारी कर दांव पर लगा रहे जिंदगी

संवाद न्यूज एजेंसी

तुलसीपुर (श्रावस्ती)। जेठ मेले में पूर्वांचल के जिलों से आने वाले जायरीन पैसा बचाने के लिए जिंदगी दांव पर लगा रहे हैं। एक तरफ लोग भार वाहन से यात्रा कर रहे हैं। वहीं वाहनों में बांस व बल्ली का मचान बना कर जुगाड़ के सहारे कई-कई सौ किलोमीटर लंबा सफर भी तय कर रहे हैं।

चौंकाने वाली बात तो यह है कि बिहार सीमा से जिले के दिकौली बढ़े पुरुष की मजार आने वाले इन जुगाड़ वाहनों पर न तो कहीं कार्रवाई हो रही है, और न ही

## लगातार हो रहे हादसों के बाद भी नहीं ले रहे सबक

चौक-चौराहों व मुख्यालयों पर तैनात यातायात पुलिस इन्हें नियमों का पालन करने की नसीहत दे रही है। जबकि प्रतिवर्ष जिले में ऐसे वाहनों पर सफर करने के कारण कई लोग हादसों में अपनी जान गंवाते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदारों की उदासीनता से इस पर रोक नहीं लग पा रही है। एएसपी प्रवीण कुमार यादव के मुताबिक यातायात व सोनवा पुलिस को ऐसे वाहनों पर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जा रहा है।





गंतव्य तक पहुंचने के लिए अपनी जिंदगी खतरे में डालकर शुक्रवार को भारवाहनों पर जाते दिखे लोग। -संवाद

# ताइक्वांडो में सफल खिलाड़ियों को एसपी ने किया सम्मानित



पुलिस लाइन में खिलाड़ियों को बेल्ट व प्रमाण पत्र प्रदान करते एसपी। स्रोत : पुलिस विभाग

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**श्रावस्ती।** पुलिस लाइन में शुक्रवार को ताइक्वांडो सीखने वाले बच्चों का बेल्ट प्रमोशन टेस्ट कराया गया। जिसमें सफल खिलाड़ियों को एसपी घनश्याम चौरसिया ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है।

एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने कहा कि समर्पित होकर अभ्यास करें और अपने आपको एक कदम आगे ले जाने का श्रेष्ठ प्रयास करें। प्रशिक्षक सूर्य प्रकाश पांडेय को ताइक्वांडो खेल को निरंतर बढ़ते रहने व उपलब्धियां हासिल करने हेतु उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## इनका हुआ सम्मान

अग्रणी यादव को रेड वन बेल्ट, कशिश गोस्वामी आयुष्मान शुक्ला, वेदांत चौबे, तान्या राज गौतम को ब्लू वन तथा वेदिका चौबे ब्लू बेल्ट व आराध्या शुक्ला, श्रेयस मिश्रा, वैष्णवी पासवान, दिव्यांश पासवान को ग्रीन वन बेल्ट, सुरभि जायसवाल, विवेक जायसवाल को ब्लू वन बेल्ट तथा प्रिंसी वर्मा, आदित्य वर्मा, दर्शिका गुप्ता, आदित्य यादव, नमन गौतम, वैष्णवी गौतम आरती तिवारी, प्रज्ञा वर्मा, शिवांश वर्मा को येलो बेल्ट उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो संघ के द्वारा जारी प्रमाण पत्र, प्रोत्साहन पदक व बेल्ट प्रदान की गई।

# जिला चिकित्सालय को मिला एक और चिकित्सक

**श्रावस्ती।** संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में फिजिशियन की कमी को देखते हुए शासन ने एक अन्य फिजिशियन डॉ. राजपाल सिंह की तैनाती की है। चिकित्सक की तैनाती से गर्मी के मौसम में लगातार बढ़ रहे मरीजों को सहूलियत होगी। (संवाद)

# राह चलते कोई करे परेशान तो हेल्पलाइन नंबरों का करें प्रयोग

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को सोनवा थाना क्षेत्र के दिकौली में चल रहे मेले के साथ ही बडदेहरा मोड़ व ग्राम वैभी में चौपाल लगाकर महिलाओं व युवतियों को जागरूक किया गया।

दिकौली मेले में आयोजित चौपाल में महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, मातृत्व वंदना योजना आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। वहीं दहाना में आयोजित चौपाल में महिलाओं व युवतियों को हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, पुलिस कंट्रोल-112 आदि के बारे में जानकारी देकर बताया गया कि कहीं कोई परेशान करें तो हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर सहायता ली जा सकती है। फोन करने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाता है। इस दौरान महिलाओं को विभिन्न कानूनों व साइबर अपराध की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किया गया। (संवाद)